www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, बुधवार, 24 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -290 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

बारामुला के इश्फाक हामिद प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार... 02

■ भाजपा राज में व्यापारियों ने बहुत कुछ सहा : शैली
■ आप व निगम अधिकारियों में तालमेल नहीं : राजा इकबाल 03

■ गाजा में एक ही हमले में 21 इजरायली सैनिकों...
■ न्यू हैम्पशायर में हुए मतदान से ट्रंप हेली के बीच... 07

सिंगल शॉट फिल्म करना बहुत मुश्किल : हंसिका मोटवानी 10

## भाजपा-आरएसएस से नहीं डरते कांग्रेस कार्यकर्ता : राहुल

# गुवाहाटी जाने से रोकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

### कांग्रेस नेता ने कहा, 'न्याय की लड़ाई' के पांच स्तंभ मुट्ठी बनकर देश की ताकत बनेंगे

■ इकरार खान

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी(देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को असम में मिल रहे भारी जनसमर्थन से भाजपा की छटपटाहट साफ दिख रही है। मंगलवार को भी मेघालय से असम पहुंची यात्रा को भाजपा सरकार के इशारे पर गुवाहाटी जाने से पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर रोक दिया गया। इसका कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विरोध किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया। मौके पर पुलिस के साथ मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की।

इस हमले में असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा समेत कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता घायल हो गए। वहीं मंगलवार सुबह गुवाहाटी के समीप यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी के छात्रों से संवाद के कार्यक्रम को भी भाजपा सरकार के दबाव में रद्द कर दिया गया। इससे पहले असम के लखीमपुर और सोनितपुर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा पर हमले किए गए थे। सोमवार को राहुल गांधी को संत श्री श्री शंकरदेव की जन्मस्थली



बोरदोवा थान जाने से भी रोक दिया गया था। यात्रा को पुलिस द्वारा गुवाहाटी में प्रवेश करने से रोके जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि जिस रास्ते से बजरंग दल और जेपी नड्डा की रैली निकली थी, आज उसी रास्ते पर कांग्रेस की पदयात्रा को रोक दिया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रास्ते पर लगे बैरिकेड हटा दिए हैं, लेकिन हमने कानून नहीं तोड़ा।

■ हमले में कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता हुए घायल
■ 'हिमंता 24 घंटे चोरी कर रहे, सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री'

**यूनिवर्सिटी के बाहर छात्रों से मिले राहुल**

*मंगलवार सुबह यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी के छात्रों से संवाद कार्यक्रम को भी भाजपा सरकार के दबाव में रद्द कर दिया गया। लेकिन जब 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' यूनिवर्सिटी के सामने से गुजर रही थी, तभी सैकड़ों छात्र राहुल गांधी जी से मिलने सड़क पर इकट्ठा हो गए। छात्रों के इस प्यार को देख राहुल गांधी वहां रुके और छात्रों से बातचीत की।*

**असम की जनता को दबाया जा रहा**

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री 24 घंटे चोरी कर रहे हैं। वह देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्रियों में से एक हैं। असम की जनता को रोजाना दबाया जा रहा है। कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा-आरएसएस से नहीं डरते। भाजपा-आरएसएस को कांग्रेस पार्टी असम में हराएगी। कांग्रेस जनता की लड़ाई लड़कर सरकार बनाएगी। शाम को बरपेटा में पदयात्रा के बाद आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री सोचते हैं कि वह किसी को भी डरा सकते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है। वे मेरे ऊपर केस लगा रहे हैं, क्योंकि उनके दिल में डर है। वे डरे हुए हैं कि असम की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है। असम के मुख्यमंत्री का सिर्फ एक ही काम है, नफरत फैलाना, एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाना, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाना। ऐसे में जब असम की जनता आपस में लड़ने लगती है, तब भाजपा के लोग आपका पैसा अपनी जेब में डाल लेते हैं।

### असम में मुख्य मुद्दा बन गई है न्याय यात्रा

*असम के कामरूप में पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री यात्रा के खिलाफ जो भी कर रहे हैं, इससे यात्रा को फायदा ही हो रहा है। अब 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' असम में मुख्य मुद्दा बन गई है। यात्रा का संदेश गांवों तक पहुंच रहा है। जनता देख रही है कि राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका जा रहा है, छात्रों से बात करने से रोका जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पीछे न्याय की सोच है। इसके पांच स्तंभ हैं, जो देश को शक्ति देंगे। यह युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय हैं। 'न्याय की लड़ाई' के यह पांच स्तंभ मुट्ठी बनकर देश की ताकत बनेंगे और कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' देश के समक्ष इस वैकल्पिक विज़न को रखने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय और युवाओं की बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस के पास समाधान हैं। कांग्रेस पार्टी अगले महीने इन सभी मुद्दों पर विस्तार से अपनी बात सामने रखेगी।*

# अयोध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब



**अयोध्या,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को श्रीरामजन्मभूमि में दिव्य और भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन के लिये रामभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हेलीकाप्टर से अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण किया और रामपथ, भक्ति पथ और रामजन्मभूमि पथ के ऊपर से रामभक्तों की भीड़ का अवलोकन किया। उनका हेलीकाप्टर साकेत महाविद्यालय डिग्री कालेज में उतरा जहां उन्होने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिया। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम में रामभक्तों की भीड़ को देखते हुए मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। रामजन्मभूमि परिसर के अंदर की सम्पूर्ण व्यवस्था अपर जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। जबकि मंदिर के अंदर मुख्य द्वार व आसपास का क्षेत्र क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव के हवाले किया गया है। बिड़ला धर्मशाला तिराहा पर श्रद्धालुओं की देखरेख एवं भीड़ को एकत्र न होने दिया जाए, इसके लिए उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार की तैनाती की गई है।

**मुख्यमंत्री योगी ने किया हवाई सर्वेक्षण**

## सार संक्षेप

### भाजपा की कठपुतली बन गई है जगन सरकार : शर्मिला



**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख वाई.एस. शर्मिला ने आरोप लगाया कि वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार भाजपा के हाथों की कठपुतली बन गई है। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालने के एक दिन बाद, उन्होंने अपने भाई के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'इसकी कार्यप्रणाली उनके पिता वाईएसआर के आदर्शों के अनुरूप नहीं है।

### म्यांमार विमान मिजोरम में रनवे पर फिसला, 8 घायल



**आइजोल।** मिजोरम की राजधानी आइजोल में मंगलवार को लेंगपुई हवाई अड्डे पर फिसलने से म्यांमार वायु सेना के विमान के क्रू के कम से कम आठ सदस्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। म्यांमार वायु सेना के फिक्स्ड विंग परिवहन विमान 92 म्यांमार सैनिकों को उनके देश वापस ले जाने के लिए लेंगपुई हवाई अड्डे पर आया था।

### लोकसभा चुनाव में मोदी करेंगे सौ से ज्यादा रैलियां



**नई दिल्ली।** फरवरी के आखिरी या मार्च के पहले सप्ताह में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इससे पहले भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति काफी हद तक तैयार कर ली है। प्रधानमंत्री ही चुनाव प्रचार की धुरी रहेंगे। फिलहाल भाजपा ने इस बार 400 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है। भाजपा का इरादा है कि प्रधानमंत्री पूरे चुनाव में 140 जनसभाएं करें।

### ईडी ने हेमंत सोरेन को फिर पूछताछ के लिए बुलाया



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक बार फिर पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने 27-31 जनवरी की तारीख दी है और कहा है कि मुख्यमंत्री अपने हिसाब से इसके लिए तारीख तय कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की थी।

### मप्र में स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव मंत्रिपरिषद ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के विलय की स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में विलय की स्वीकृति दी गई।

## केंद्र सरकार ने की घोषणा

# कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा भारत रत्न

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलेगा। उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिया जाएगा। सरकार ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब जब 24 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर की जयंती है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। मंगलवार को जेडीयू नेता केसी त्यागी ने ठाकुर को भारत रत्न देने के साथ-साथ उनके नाम पर विश्वविद्यालय खोलने की मांग की थी।



■ बिहार के मुख्यमंत्री रहे है कर्पूरी
■ लंबे समय से उठ रही थी मांग

**'जननायक' के तौर पर प्रसिद्ध**

कर्पूरी ठाकुर बिहार से ही थे और उन्हें 'जननायक' के तौर पर जाना जाता है। वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल दिसंबर 1970 से जून 1971 तक चला था और इसके बाद वह दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक मुख्यमंत्री पद पर रहे थे। पहली बार वह सोशलिस्ट पार्टी और बीकेडी की सरकार में मुख्यमंत्री बने थे।

### सामाजिक न्याय के मसीहा की पहचान

कर्पूरी ठाकुर को बिहार के सामाजिक न्याय का मसीहा माना जाता है। उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए जो न केवल बिहार में बल्कि देश में मिसाल बने। देश में सबसे पहले उन्होंने पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया। पढ़ाई में अंग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने मैट्रिक तक की पढ़ाई को भी मुफ्त कर दिया।

## बजट सत्र से पहले सौंपी गई जिम्मेदारी

# संसद की सुरक्षा व्यवस्था में सीआईएसएफ भी शामिल

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। संसद भवन की सुरक्षा के लिए अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तैनाती भी कर दी गई है। सीआईएसएफ के 140 कर्मियों वाली टुकड़ी अब संसद की कार्रवाई देखने आने वाले दर्शकों और उनके सामान की तलाशी लेगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होना है।

पिछले साल 13 दिसंबर को कुछ लोग संसद में घुस आए थे। उन्होंने सदन में रंगीन धुआं छोड़ा था। इसके मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा की समीक्षा की थी। इसके बाद सीआईएसएफ तैनात करने की मंजूरी दी गई थी। सीआईएसएफ के कुल 140 जवानों ने 22 जनवरी से ही संसद परिसर में मोर्चा संभाल लिया है। बल संसद की फायर सेफ्टी का काम भी देखेगा।



■ 140 कर्मियों वाली टुकड़ी लेगी दर्शकों की तलाशी
■ संसद के बजट सत्र की 31 जनवरी से होगी शुरूआत

**संसद परिसर का जायजा लिया**

अभी सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मियों ने संसद सुरक्षा में पहले से मौजूद अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संसद परिसर का जायजा लिया। जिससे वे 31 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने पर काम के लिए तैयार रहें। सीआईएसएफ संसद भवन आने वालों और उनके सामान की जांच करेगी। नए और पुराने दोनों संसद भवन की सुरक्षा सीआईएसएफ करेगी। सुरक्षा में पहले से तैनात संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ का पार्लियामेंट का ड्यूटी ग्रुप भी तैनात रहेगा।

**13 दिसम्बर को संसद सुरक्षा में हुई थी चूक**

13 दिसम्बर को संसद की सुरक्षा में चूक हुई थी। कुछ लोग संसद में घुसने में सफल रहे थे। इन्होंने सदन में जाकर रंगीन धुआं छोड़ा था। बाद में सभी को पकड़ लिया गया था।

## बिहार में बढ़ी सियासी हलचल

# अचानक राज्यपाल से मिलने पहुंचे नीतीश

**पटना,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक राजपाल से मिलने राजभवन पहुंच गए हैं। उनके साथ वित्त मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद थे। बिहार के मुख्यमंत्री उस समय राजभवन पहुंचे हैं, जब बिहार की सियासत में हलचल काफी बढ़ी हुई है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार एक बार फिर से अपना गठबंधन बदल सकते हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मगंलवार को अचानक राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलने राजभवन पहुंच गए। नीतीश कुमार के राज्यपाल से मिलने का क्या उद्देश्य था यह स्पष्ट तौर पर सामने नहीं आया है।



**करीबी माने जाने वाले विजय चौधरी भी थे साथ**

**उपमुख्यमंत्री तेजस्वी कह चुके हैं सब कुछ है सही**


मुख्यमंत्री के साथ उनके कैबिनेट के मंत्री और उनके बेहद करीबी माने जाने वाले विजय चौधरी भी साथ थे।

मालूम हो कि, पिछले कुछ दिनों से यह चर्चा काफी सुर्खियों में हैं कि क्या नीतीश फिर से भाजपा के साथ जा सकते हैं। ऐसे में अब उनका राज्यपाल से अचानक मुलाकात को लेकर कई सियासी सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, इससे पहले बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कह चुके हैं कि ऐसी कोई भी बात नहीं है सब कुछ सही है। लेकिन, पिछले दिनों राजद के मंत्री के विभाग बदलने के बाद उनके ही एक करीबी मंत्री ने यह कहा था कि- कुछ हिसाब किताब आप लोग भी लगाइए। वहीं, इसके पहले नीतीश कुमार और राज्यपाल एक अन्य कार्यक्रम में एक साथ मंचासीन थे। मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित राजकीय कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के साथ नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित कई अन्य मंत्री शामिल थे।

## वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को झटका

# 15 दिन में तीसरे सांसद ने पार्टी छोड़ी

**अमरावती,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। आगामी चुनावों से पहले आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) को एक और झटका देते हुए, नरसरावपेट के सांसद लावु श्री कृष्ण देवरायलु ने मंगलवार को पार्टी के साथ-साथ संसद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने घोषणा की कि पार्टी में हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर उन्होंने वाईएसआरसीपी की प्राथमिक सदस्यता और लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। देवरायलु ने कहा कि वाईएसआरसीपी में अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है और स्पष्ट किया कि वह इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी आगामी चुनावों में किसी अन्य नेता को उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है। यह याद करते हुए कि पिछले चुनाव में वह भारी बहुमत से चुने गए थे, उन्होंने दावा किया कि उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। पिछले 15 दिन में पार्टी छोड़ने की घोषणा करने वाले वह सत्तारूढ़ दल के तीसरे सांसद हैं।



**देवरायलु ने पार्टी व ससद सदस्यता ने दिया इस्तीफा**

# हिमालय क्षेत्र में हल्की बर्फबारी के आसार

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 25 से 28 जनवरी तक हल्की बारिश या बर्फबारी होने के आसार है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, उत्तरी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश में 25 जनवरी तक शीत लहर की स्थिति रहने का अनुमान है।अगले दो दिनों के दौरान हालांकि,उत्तर पश्चिम भारत के हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने के आसार नहीं है और उसके बाद अगले तीन दिनों में लगभग दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की उम्मीद है।

**25 जनवरी तक शीत लहर की स्थिति रहने का अनुमान**

## मांग — लद्दाख के नेताओं ने केंद्र सरकार को सौंपा मसौदा

# लद्दाख को यूटी नहीं, राज्य का दर्जा चाहिए

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 23 जनवरी (देशबन्धु)। लद्दाख की जनता अब अपनी मांगों के प्रति खुल कर मैदान में आ गई है। कई सालों की जंग के बाद उन्हें जो यूटी का दर्जा मिला वे उससे नाखुश हैं। अब केंद्र सरकार से मुलाकातों के बाद केंद्र के आग्रह पर लद्दाख के नेताओं ने केंद्र को जो मसौदा सौंपा गया है उसमें फिर से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग के साथ ही 6वीं अनुसूची को भी लागू करने की मांग के साथ आंदोलन तेज करने की धमकी व चेतावनी दी गई है।**

लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और 6वीं अनुसूची की मांग करते हुए लेह और करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस की सर्वोच्च संस्था ने गृह मंत्रालय को एक विस्तृत मसौदा सौंपा है। शीर्ष संस्था के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने पत्रकारों को यह जानकारी दी है। मसौदे में बताया गया है कि इतिहास, सामरिक महत्व, पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखते हुए; उत्तर पूर्व के अन्य राज्यों के साथ समानता और विभिन्न अन्य मापदंडों के आधार पर, लद्दाख राज्य का दर्जा पाने का हकदार है।





■ नेताओं ने 6वीं अनुसूची की भी मांग की

चेरिंग दोरजे ने दावा किया कि ऐसा करने से न केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया जाएगा, बल्कि इससे स्थानीय लोगों को लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर अपनी आकांक्षाओं को प्रकट करने में मदद मिलेगी और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में अपनेपन और भागीदारी की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।

**लद्दाख लोक सेवा आयोग के गठन की जरूरत**

यह कहते हुए कि लद्दाख एक नाजुक वातावरण वाला आदिवासी बहुल क्षेत्र है, उन्होंने कहा कि लद्दाख को छठी अनुसूची के तहत लाने से न केवल लद्दाख की अनुसूचित जनजातियों के भूमि अधिकारों के लिए विशेष सुरक्षा की गारंटी होगी, बल्कि उन्हें अद्वितीय के अनुसार अपने कानून बनाने में भी मदद मिलेगी। सर्वोच्च निकाय ने लद्दाख के लिए लोक सेवा आयोग की भी मांग की है क्योंकि जम्मू और कश्मीर के पुनर्गठन अधिनियम में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए भी यही प्रावधान है, लेकिन इसी तरह के प्रावधानों को लद्दाख तक नहीं बढ़ाया गया, जिसके कारण छात्रों के लिए राजपत्रित पदों के लिए अवसर उपलब्ध नहीं हो सके। लद्दाख का दायरा सीमित हो गया है।

# देश

**उवाच**

"राम जन्मभूमि आंदोलन में कर्नाटक की बड़ी भूमिका थी, क्योंकि भगवान राम का राज्य से संबंध था। अंजनेय (हनुमान) का जन्मस्थान, अंजनाद्रि यहीं स्थित था। भगवान राम आंजनेय से ही पूर्ण थे। मौजूदा सरकार को आंजनेय जन्मस्थली का विकास करना चाहिए।

–बसवराज बोम्मई, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 17.0 | 07.0 |
| मुंबई | 28.0 | 19.0 |
| कोलकाता | 21.0 | 14.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 24.0 |

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह : कांग्रेस

## पूर्णिया में राहुल गांधी की विशाल जनसभा को लेकर तैयारियां तेज

**पटना/पूर्णिया,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। कटिहार एवं पूर्णिया से होकर गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट का कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को जायजा लिया। पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में 30 जनवरी को होने वाली रैली के लिए तैयारी भी शुरू हो चुकी है।

**29 जनवरी को बिहार में प्रवेश करेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

रंगभूमि मैदान में जायजा लेने पहुंचे अखिलेश प्रसाद सिंह ने सीधे शब्दों में कह दिया कि इतनी बड़ी रैली होने वाली है जो आज तक नहीं हुई होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस के पूर्व विधायक दल के नेता और भागलपुर से विधायक अजीत शर्मा एवं सीमांचल के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्णिया में जनसभा की तैयारी का जायजा लेने के बाद कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह भी लगातार देखने को मिल रहा है। सीमांचल में यात्रा की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि 29 जनवरी को यह यात्रा सीमांचल प्रवेश कर जाएगी।



तीस जनवरी को रंगभूमि मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे राहुल : अखिलेश प्रसाद सिंह

29 जनवरी को अररिया में पदयात्रा के बाद राहुल गांधी अररिया में ही रात्रि विश्राम करेंगे। 30 जनवरी को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

**राहुल को मंदिर जाने से रोका गया है, यह कहां का न्याय है**

राहुल गांधी की यात्रा के सुरक्षा व्यवस्था पर अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मणिपुर में जो हुआ है, सभी लोग इसका विरोध कर रहे हैं सिवाय भाजपा को छोड़कर। भारत के प्रजातंत्र में जिस प्रकार भाजपा शासन और सत्ता चला रहे हैं, वो इस देश के लोगों ने कभी देखा नहीं। इसका विरोध सभी दल के लोग कर रहे हैं। राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका गया है, यह कहां का न्याय है। इसी अन्याय के खिलाफ राहुल गांधी ने न्याय की गुहार लगाते हुए यह यात्रा शुरू की। इस दौरान पूर्व विधायक पूनम पासवान, कांग्रेस नेता प्रेम राय, पूर्व विधायक प्रत्याशी तौकीर आलम, पुर्णिया के कांग्रेस जिला अध्यक्ष नीरज सिंह उर्फ छोटू सिंह सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बताया जाता है कि किशनगंज के रास्ते राहुल की यात्रा 30 जनवरी को पूर्णियां पहुंचेगी, जहां वे एक विशाल रैली को सम्बोधित करेंगे। इस रैली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। इसके बाद 31 जनवरी को कटिहार में रैली होगी। यह यात्रा 1 फरवरी को अररिया होते हुए झारखंड में प्रवेश कर जाएगी। मिश्रा ने कहा कि दो चरणों में होने वाली यह यात्रा बिहार के 7 जिलों से गुजरेगी और कुल 425 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा पहले चरण में किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार और अररिया से गुजरेगी। जबकि, दूसरे चरण में औरंगाबाद, कैमूर और सासाराम से होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर जाएगी।

### महागठबंधन के तमाम नेताओं को किया गया है आमंत्रित

सीमांचल में यात्रा की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि इस दौरान कांग्रेस के तमाम छोटे-बड़े नेता व कार्यकर्ता इस रैली का हिस्सा लेंगे। बिहार के कई क्षेत्रों से कांग्रेस का नेतृत्व यहां पहुंचेगा। इस यात्रा के तहत रैली में महागठबंधन के सभी दलों को आमंत्रित किया गया है। सभा इतनी बड़ी होगी कि आज तक पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में नहीं हुई होगी। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी आमंत्रित किया गया है।

## महाराष्ट्र में 108 आपातकालीन एम्बुलेंस की संख्या दोगुनी होगी

**पुणे,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में 108 आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के तहत एम्बुलेंस की संख्या लगभग दोगुनी की जाएगी। सेवा संचालक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत विकास समूह (बीवीजी) ने एक प्रेस बयान में कहा कि यह संख्या बढ़कर 1756 हो जाएगी। वर्तमान में 108 सेवा के माध्यम से 937 एम्बुलेंस राज्य के विभिन्न हिस्सों में संचालित हो रही हैं। यह योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और महाराष्ट्र सरकार द्वारा 2014 में स्थापित की गई और बीवीजी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है। बीवीजी एडवांस लाइफ सपोर्ट, बेसिक लाइफ सपोर्ट और बाइक एम्बुलेंस प्रदान करती है।

बयान में कहा गया है कि इस सेवा में नवजात शिशुओं के लिए एक विशेष एम्बुलेंस और एक नाव एम्बुलेंस को शामिल किया गया है। पिछले10 वर्षों में बड़ी संख्या में राज्य के नागरिकों ने इस सेवा का लाभ उठाया है। कई नवजात शिशुओं का जन्म भी एंबुलेंस में हुआ है। समुद्र और नदियों में डूबने वाले नागरिकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, विभिन्न समुद्र तटों और नदी तलों पर 36 नई नाव एम्बुलेंस तैनात की जाएंगी। एम्बुलेंस की संख्या बढ़ने से 108 पर कॉल करने के बाद एम्बुलेंस कम समय में पहुंचेगी। बयान के अनुसार फिलहाल 108 एंबुलेंस के लिए सरकार को प्रति माह 33 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते है। एंबुलेंस की बढ़ती संख्या के कारण सरकार को प्रति माह 63 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे।

## बारामुला के इश्फाक हामिद प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित

**जम्मू,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में जम्मू-कश्मीर के बारामुला के इश्फाक हामिद को प्रधानमंत्री बाल पुरुस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार कला और संस्कृति के क्षेत्र में दिया गया है। समारोह में 19 बच्चों को सम्मानित किया गया। बारामुला के इश्फाक ने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। तेरह वर्षीय इश्फाक हामिद रबाब वादक हैं। वह उत्तरी कश्मीर के बारामुला के क्रिरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। वह एनजीओ सरहद द्वार दिया जाने वाला भाई मर्दाना राष्ट्रीय पुरस्कार 2020 भी अपने नाम कर चुके हैं। महज आठ साल की उम्र में उन्होंने अपने पिता से रबाब बजाना सीखना शुरू किया। इश्फाक वर्तमान में छठी कक्षा में पढ़ रहे हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि अपने चचेरे भाई को रबाब बजाते देख इसे सीखने की जिज्ञासा उनके भीतर जगी। उन्होंने अपनी प्रतिभा को पहचानने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। इश्फाक अपने परिवार की चौथी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें रबाब बजाना पीढ़ियों से चला आ रहा है।



- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित
- कला और संस्कृति के क्षेत्र में दिया गया पुरस्कार

इश्फाक के पिता अब्दुल हामिद भट 35 वर्षों से रबाब बजा रहे हैं। उन्हें यह कौशल उनके पिता से विरासत में मिला है। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली और कश्मीर में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में कश्मीर का प्रतिनिधित्व किया। अब्दुल हामिद के पिता गुलाम कादिर भट प्रसिद्ध कश्मीरी रबाब वादक हैं, जो पहले रेडियो कश्मीर की शोभा बढ़ा चुके हैं। सम्मानित होने वाले व्यक्ति महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, बिहार, तेलंगाना, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, त्रिपुरा, असम, कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और आंध्र प्रदेश से हैं।

### उपराज्यपाल ने इश्फाक को पुरस्कार मिलने पर दी बधाई

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इश्फाक को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार जीतने पर युवा उस्ताद इश्फाक हामिद को बधाई। कला और संस्कृति के क्षेत्र में आपकी उपलब्धियों ने जम्मू-कश्मीर को बहुत गौरव दिलाया है। आपकी सफलता दूसरों को उनके कलात्मक जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते हुए कहा है कि संयुक्त, समृद्ध और स्वतंत्र भारत के लिए अथक प्रयास किए जाने चाहिए। धनखड़ ने मंगलवार को पराक्रम दिवस के अवसर पर जारी एक संदेश में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भारत की स्वतंत्रता के लिए जिजीविषा और प्रतिबद्धता सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी।

### ओडिशा के एक अस्पताल में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में कालाहांडी जिले के भवानीपटना में शहीद रेंडो माझी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की चौथी मंजिल पर सोमवार देर रात आग लग गई। राहत की बात यह रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि आग लगने के बाद मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि अस्पताल की चौथी मंजिल पर स्थित प्रसूति एवं स्त्री रोग वार्ड में आग लग गई। आग संभवत- शॉर्ट सर्किट से लगी। इस हादसे में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है।

### अररिया में एक्सिस बैक से लूट

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के अररिया थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक्सिस बैंक से लाखों रूपए लूट लिए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूत्रों ने यहां बताया कि पांच-छह की संख्या में अपराधियों ने एडीबी चौक स्थित एक्सिस बैंक में धावा बोला। अपराधियों ने बैक से रूपये लूट लिए। लूट की रकम अभी स्प्ष्ट नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने बैक से 90 लाख रूपए की लूट की है। हालांकि जांच के बाद ही लूट की रकम के बारे में पता चलेगा।

### असम कैबिनेट फरवरी में करेगी राम मंदिर का दौरा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ 22 फरवरी को अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अयोध्या यात्रा का निर्णय सोमवार रात गुवाहाटी में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया। बैठक के बाद सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, असम कैबिनेट की आज की बैठक में हमने कई अहम फैसले लिए हैं। असम कैबिनेट 22 फरवरी, 2024 को अयोध्या का दौरा करेगी। कैबिनेट ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया और भारत के लोगों को बधाई दी। पूरा मंत्रिमंडल 22 फरवरी को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या का दौरा करेगा।

## मप्र में मारपीट के मामले में एसडीएम निलंबित

**उमरिया,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ के अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) द्वारा दो आम नागरिकों के साथ कथित तौर पर मारपीट करवाने का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देश पर संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। डॉ.यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है, बांधवगढ़ एसडीएम द्वारा दो युवकों से मारपीट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। एसडीएम को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मध्य प्रदेश में सुशासन की सरकार है। प्रदेश में आमजन से इस तरह का अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल कल से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एसडीएम अमित सिंह की मौजूदगी में कुछ लोग सरेराह दो युवकों के साथ मारपीट डंडों से मारपीट कर रहे हैं। इन लोगों ने युवकों की कार में भी तोड़फोड़ की। बताया गया है कि युवकों ने अपनी कार को एसडीएम की कार से आगे निकाल लिया था और यह बात एसडीएम को ठीक नहीं लगी। इसी के चलते उन्होंने आगे चलकर युवकों की कार को रुकवाया और उनके साथ मारपीट करवायी। पुलिस ने इस मामले में वैधानिक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए पीड़ित युवकों की शिकायत पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस मामले में एक तहसीलदार विनोद कुमार की भूमिका भी सामने आई है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बोले लोस अध्यक्ष ओम बिरला

# नेताजी भारत के पराक्रम के साक्षात प्रतीक

- लोस अध्यक्ष के नेतृत्व में सांसदों ने सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में सांसदों ने मंगलवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए बिरला ने राष्ट्र निर्माण में नेताजी के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भारत के पराक्रम और प्रेरणा के साक्षात प्रतीक हैं जिन्होंने अपने साहस और संगठन शक्ति से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई शक्ति प्रदान की। बिरला ने आगे कहा कि नेताजी ने विपरीत परिस्थितियों में अपनी नेतृत्व शक्ति से देश की युवाशक्ति को संगठित किया जिससे औपनिवेशिक सरकार के समक्ष गंभीर चुनौती प्रस्तुत हुई। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि केंद्रीय कक्ष में नेताजी के आदर्शों के अनुसार संविधान का निर्माण किया गया था। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत की संकल्प से सिद्धि तक की विकास यात्रा में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों की प्रेरणा युवाओं का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी। बिरला ने यह भी कहा कि नेताजी का मार्ग साहस का मार्ग था, संघर्ष के माध्यम से बदलाव लाने का मार्ग था। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्य सभा के उपसभापति, हरिवंश, संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव, पी.सी. मोदी ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित 'नो यौर लीडर्स' कार्यक्रम के अंतर्गत युवा प्रतिभागियों ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की।



नेताजी ने अपने साहस व संगठन शक्ति से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई शक्ति प्रदान की : ओम बिरला

### आज के भारत को नेताजी के आदर्शों से सीख लेने की जरूरत : लोस अध्यक्ष

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज के भारत को नेताजी के आदर्शों से सीख लेने की जरूरत है। बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय युवा अपने परिश्रम, इनोवेशन, रिसर्च, टेक्नोलॉजी से विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान कालखंड भारत के मजबूत भविष्य की नींव रखेगा। युवाओं को प्रेरित करते हुए बिरला ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को पूरा करना होगा।

## राम मंदिर का काम खत्म हुआ अब काम की बात करें मोदी : उद्धव ठाकरे

### बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर साधा निशाना



**नासिक/महाराष्ट्र,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चुनावी रण का मोर्चा खोलते हुए कहा कि राम मंदिर का काम खत्म हो गया है, प्रधानमंत्री को अब काम की बात करनी चाहिए। ठाकरे ने कहा कि उन्होंने और उनकी पार्टी ने पिछले दो संसद चुनावों में मोदी के लिए जोरदार प्रचार किया था और दिवंगत बालासाहेब ठाकरे ने हिंदुत्व को लेकर भाजपा के साथ गठबंधन किया था। ठाकरे ने एक पार्टी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उस समय हम बेईमान नहीं थे, अब अचानक हमें भ्रष्ट करार दिया गया है, इसलिए किशोरी पेडनेकर, राजन साल्वी, सूरज चव्हाण, रवींद्र वायकर, अनिल परब जैसे मेरी पार्टी के कई नेता आरोपों का सामना कर रहे हैं, संजय राउत को झूठे आरोपों में जेल भी भेजा गया था। केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा हमें परेशान किया जा रहा है और बदनाम किया जा रहा है।

### भगवान राम के आदर्शों पर भी चलें मोदी

उद्धव ठाकरे ने अपना हमला तेज करते हुए कहा कि भाजपा पूछती रहती है कि कांग्रेस ने 75 वर्षों में क्या किया, लेकिन अब उन्हें जवाब देना होगा कि मोदी ने 10 वर्षों में क्या किया है उन्होंने पीएम को सलाह दी कि वह सिर्फ जय श्रीराम का नारा न लगाएं, बल्कि भगवान राम के आदर्शों पर भी चलें।

## मप्र में मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**भोपाल,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 25 जनवरी को सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि यहां कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे।

यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह, पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग ओपी रावत, कमिश्नर भोपाल डॉ. पवन शर्मा, स्टेट आईकॉन राजीव वर्मा और गोविंद नामदेव शामिल होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश के सभी 55 जिलों में कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले 12 करोड़ परिवारों तक पहुंचा संघ का अक्षत अभियान

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जहां विपक्ष ने यह कहकर दूरी बना ली थी कि यह संघ और भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम है। हालांकि सभी दलों के नेताओं ने कहाकि वह 22 फरवरी के बाद रामलला के दर्शन करने जरूर जाएंगे। इस बीच भाजपा ने इस मौके को भरपूर भुनाया। पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संघ और उसके अनुषांगिक संगठनों ने देशव्यापी अक्षत वितरण अभियान के जरिए तकरीबन 12 करोड परिवारों सें संपर्क किया। बतादें कि अक्षत वितरण कार्यक्रम को संघ ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास और भाजपा के शीर्ष नेताओं की सलाह पर देशव्यापी संपर्क अभियान की तरह चलाने की रणनीति बनाई थी। यह रणनीति बेहद कामयाब रही और राममंदिर आंदोलन के बाद संघ का यह सबसे बडा संपर्क अभियान बना। पहले से ही रणनीति थी कि देश के पांच लाख गांवों और 12 करोड से ज्यादा परिवारों तक यह अक्षत निमंत्रण पहुंचाया जाएगा। संघ के सभी



अनुषांगिक संगठनो ने इसमें अपनी पूरी ताकत झोक दी। इस दौरान एक प्रोफार्मा भी कार्यकर्ताओं को भरना पड रहा था। इसमें हर घर के मुखिया का नाम,उनका पता और फोन नम्बर के साथ ही उस परिवार का व्यवहार कार्यकर्ताओं के प्रति कैसा रहा। यह सब भी दर्ज किया जा रहा था। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अक्षत वितरण के साथ ही एक बडा डेटा देश भर से जुटाया जा चुका है। जमीन स्तर से मिले इस फीडबैक को भाजपा चुनावों में भुनाने की तैयारी में है। जिन परिवारों ने अक्षत वितरण के दौरान अच्छा व्यवहार नहीं दर्शाया,उप पर भाजपा कार्यकर्ता खास फोकस करेंगे।

**चिंता** *जम्मू में मौसम की बेरूखी का दिखने लगा असर*

# चिल्ले कलां भी इस बार नहीं कर पाया बर्फ के सूखे को गीला

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 23 जनवरी (देशबन्धु)। इस बार कश्मीर की सर्दी के सबसे ठंडे दिन चिल्ले कलां के अंतिम दिनों में भी कश्मीर के साथ-साथ जम्मू संभाग के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की कोई संभावना नहीं है। चिल्ले कलां के 40 दिन कश्मीर की सर्दी का सबसे ठंडा मौसम माना जाता है। वहीं जम्मू में भी लोहड़ी वाले महीने को भी सबसे ठंडा महीना माना जाता है।**

दरअसल पिछले कई दिनों से हाड़ कंपा देने वाली न ही दिन की ठंड से राहत मिल पा रही है और न ही रात के समय चलने वाली शीतलहर से। कश्मीर में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर चल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र, श्रीनगर से मिली जानकारी अनुसार जनवरी महीने में बारिश, बर्फबारी के आसार नहीं हैं। मौसम शुष्क रहेगा। आने वाले दिनों में अधिकतम



- कई सालों बाद बर्फबारी को तरसे कश्मीरी

तापमान में बढ़ोतरी होगी लेकिन न्यूनतम तापमान अभी सामान्य से नीचे ही रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले सप्ताह का जो मौसम का हाल पेश किया है वह कश्मीरियों को निराश कर रहा है क्योंकि मौसम विभाग खुद ही अपनी भविष्यवाणियों के सच होने पर शंकित है। हालत यह है कि चिल्ले कलां कश्मीर में है और भयानक सर्दी का दौर जम्मू में है यहां द्रास से भी अधिक ठंड पड़ रही है। ऐसा पहली बार हुआ है कि जम्मू में रात का तापमान 2.5 डिग्री रहा और कई बार दिन का तापमान द्रास से भी कम रहा है जिसे एशिया का साइबेरिया कहा जाता है। कश्मीर में 21 और 22 दिसम्बर की रात से भयानक सर्दी के मौसम की शुरूआत मानी जाती है। करीब 40 दिनों तक के मौसम को चिल्ले कलां कहा जाता है। और इस बार कई सालों के उपरांत कश्मीर बर्फबारी को तरस उठा है। कई बार और कई स्थानों पर बर्फबारी के लिए विशेष नमाजें अता की जा चुकी हैं पर कश्मीर में बर्फ और बारिश का सूखा चिल्ले कलां भी गीला नहीं कर पा रहा है। चिल्ले कलां करीब 40 दिनों तक चलता है व उसके बाद चिल्ले खुर्द और फिर चिल्ले बच्चा का मौसम आ जाता है। अभी तक चिल्लेकलां के दौरान 1986 में कश्मीर में तापमान शून्य ये 9 डिग्री नीचे गया था जब विश्व प्रसिद्ध डल झील दूसरी बार जम गई थी।

वैसे चिल्लेकलां के दौरान कश्मीर के तापमान में जो गिरावट देखी गई है उसके मुताबिक तापमान शून्य से 5 व 7 डिग्री ही नीचे जाता है। फिलहाल सर्दी से कोई राहत भी नहीं मिल पा रही है। अनुमान इस बार का यह है कि सर्दी अपना भयानक रूप दिखा सकती है। वैसे भी कुछ सालों से मौसम की पश्चिमी गड़बड़ियों के कारण कश्मीर कभी बर्फीले सुनामी के दौर से गुजरता है तो कभी बाढ़ से कश्मीरियों को सामना करना पड़ा है पर अबकी बार उसका पाला सूखे से पड़ा है।

यह कितना है अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सर्दी के मौसम में ही पतझड़ से पहले कश्मीर में बहार का आगमन हो गया है।

उल्टा पुल्टा

सोनू : यार मेरी बीवी गुस्सा बहुत करती है
मोनू : मेरी भी पहले करती थी, अब नहीं करती,
सोनू : तुमने क्या इलाज किया ?
मोनू : एक दिन गुस्से में थी, मैंने कह दिया कि बुढ़ापे में गुस्सा आ ही जाता है, बस वो दिन है और आज का दिन है, तेज आवाज में भी बात नहीं करती।

# भाजपा राज में व्यापारियों ने बहुत कुछ सहा : शैली

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। मेयर डॉ. शैली

**पिछले पांच-छह सालों से दिल्ली के व्यापारियों की दुकानें सील रही : शैली ओबरॉय**

ओबरॉय ने कहा कि एमसीडी में पिछले 15 सालों के भारतीय जनता पार्टी के शासन में व्यापारियों ने बहुत कुछ सहा है। पिछले 5-6 सालों से दिल्ली के व्यापारियों की दुकानें सील रही। दिल्ली में 9 अलग अलग मार्केट में व्यापारियों की दुकानें सील हो गईं थी। सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी को राहत दिलाने के लिए 13 सितंबर 2022 को ज्यूडिशल कमेटी का गठन किया और अब हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित ज्यूडिशल कमेटी ने 18 दिसम्बर 2023 को निर्देश दिए की छह साल पहले सील की गई सभी दुकानों को डी-सील कर दिया जाए। दिल्ली नगर निगम को ज्यूडिशल कमेटी द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं उन्हें लागू करना था। इस संबंध में पहला रिजोल्यूशन दिल्ली नगर निगम के स्पेशल हाउस में 23 दिसम्बर 2023 पास किया गया और कमिश्नर को साफ निर्देश दिए गए कि जल्द से जल्द कमेटी के निर्देश का पालन करते हुए इन सभी दुकानों को भी डी-सील कर दिया जाए। इसके बाद 15 जनवरी 2024 को दिल्ली नगर निगम के हाउस में दूसरा रेजोल्यूशन पास किया गया। इसके जरिए कमिश्नर को दोबारा से निर्देश दिए गए कि जल्द से जल्द व्यापारियों को राहत दी जाए और सभी दुकानों को भी डी-सील कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी शासित नगर निगम में व्यापारियों ने खून के आंसू रोए हैं व्यापारियों के कारोबार ठप हो गए। उनके परिवार के पालन पोषण के लिए भी बहुत कुछ सहना पड़ा। ऐसे में व्यापारियों को जल्द से जल्द राहत देने के लिए कमिश्नर को पत्र लिखा गया है, इसमें फिर से निर्देश दे दिए गए हैं कि दोनों रेजोल्यूशन का पालन करते हुए ज्यूडिशल कमेटी के निर्देश को लागू किया जाए। इन सभी दुकानों को जल्द से जल्द ही डी-सील कर दिया जाएगा। दिल्ली नगर निगम में सदन सर्वोपरि होता है। जब हम पॉलिसी मेकिंग की बात करते हैं तब डीएमसी एक्ट में साफ साफ लिखा हुआ है कि जो पॉलिसी है वो सदन में पारित की जाती है। कोई भी प्रस्ताव अगर सदन में लाया जाता है उसको पास करने के बाद उन सभी प्रस्तावों को लागू करने की पावर कमिश्नर और अधिकारियों के पास है। सदन के अलावा किसी के पास पावर नहीं है कि किसी भी प्रस्ताव को रिजेक्ट कर सके और किसी अधिकारी के पास भी पावर नहीं है कि वह हाउस से पास की गई पॉलिसी या प्रस्ताव को ओवर पावर कर सके। इस पत्र के जरिए एमसीडी कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि की जल्द से जल्द सभी दुकानों को डी-सील करने की कार्रवाई शुरू की जाए। व्यापारियों की दुकानों को जल्द से जल्द डी-सील कर उनको राहत दी जाए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का भी वादा है कि व्यापारियों के हित में काम करेंगे।



- **मेयर ने एमसीडी कमिश्नर को लिखा पत्र**
- **दुकानों को जल्द डी-सील करने के दिए निर्देश**

## दुकानों को डी-सील किया जाना व्यापारियों की अहम जरूरत : मोहम्मद इकबाल

डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इक़बाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित ज्यूडिशल कमेटी द्वारा सील दुकानों को डी-सील करने के आदेश हुए। जिसके बाद दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार ने तुरंत ही इस आदेश को लागू करने के लिए सदन की विशेष बैठक को बुलाई, ताकि सील दुकानों को जल्द से जल्द डी-सील किया जा सके। दुकानों को डी-सील किया जाना व्यापारियों की अहम ज़रूरत है। दिल्ली के विभिन्न मार्केट एसोसिएशन के लोगों ने हम से मुलाकात की और हम इस संबंध में प्रस्ताव निगम के विशेष सदन में लेकर आए। इसके बाद दिन प्रतिदिन डी-सीलिंग की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। इसी के मद्देनजर मेयर ने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को पत्र लिखकर की ज्यूडिशल कमेटी के आदेश और निगम द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुरूप दुकानों को डी-सील करने के आदेश दिए हैं।

# द्वारका-पालम में शीघ्र दूर होगी सीवर की समस्या : सोमनाथ भारती

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। द्वारका, पालम, मटियाला और नजफगढ़ में जल्द ही सीवर की समस्या को दूर किया जाएगा। हम इस पर काम कर रहे हैं कि हर घर का सीवर नेटवर्क में हो और हर सीवर नेटवर्क को एसटीपी से जोड़ा जाए। यह कहना है दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती का। मंगलवार को द्वारका सेक्टर-3 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा चेतना मंच के तत्वावधान में आयोजित समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सोमनाथ भारती ने यह बात कही। भारती ने कहा कि हम हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। हमारी सरकार से पहले तक जहां पूरी दिल्ली में 55 प्रतिशत पाइप लाइन बिछी थी वहीं आज पूरी दिल्ली को पेय जल की आपूर्ति निर्बाध हो रही है। उन्होंने कहा कि जिसे भी जल बोर्ड अथवा किसी अन्य विभाग का कार्य हो वो बिना किसी झिझक के मेरे पास आ सकता है। डीजेबी उपाध्यक्ष ने केजरीवाल के कार्यों की सराहना करते हुए केंद्रीय सत्ता पक्ष पर व्यवधान डालने का आरोप लगाया। वहीं, राष्ट्रीय युवा चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फेडरेशन फॉर साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर के चेयरमैन चौधरी रणबीर सिंह सोलंकी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी की आवश्यकता है। उनकी त्याग तपस्या और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। युवाओं को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। फेडरेशन के महासचिव एडवोकेट राकेश कुमार ने युवाओं को नेताजी की जीवनी पढ़नी चाहिए। समारोह में निगम पार्षद कमलजीत सहरावत, सुदेश गहलोत, नरेंद्र गिरसा, महेश मिश्रा, देवेंद्र भलारा, रविंद्र सोलंकी, सुरेश गलियांन, सुभाष अरोड़ा प्रधान प्रीतपाल, सतबीर, जगदीश नैनवाल आदि उपस्थित रहे।



■ राष्ट्रीय युवा चेतना मंच ने मनाई नेताजी की 127वीं जयंती

## सार संक्षेप

### इंडेल मनी लिमिटेड ने 200 करोड़ रुपए के पब्लिक इश्यू की घोषणा की



**नई दिल्ली।** गोल्ड लोन सेक्टर की तेजी से उभरती एनबीएफसी में शुमार इंडेल मनी लिमिटेड ने चौथे सिक्योर्ड एनसीडी के पब्लिक इश्यू की घोषणा की है। इस इश्यू के तहत 1,000 रुपये अंकित मूल्य वाले एनसीडी जारी किए जाएंगे। यह इश्यू 30 जनवरी, 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 12 फरवरी, 2024 को बंद होगा। इसके साथ-ही-साथ कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर में आठ शाखाओं की शुरुआत की है। इंडेल मनी ने मार्च 2024 तक 16 शाखाएं शुरू करने से जुड़ी अपनी विस्तार योजना के तहत इन शाखाओं की शुरुआत की है। इंडेल मनी लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव होल टाइम डायरेक्टर उमेश मोहनन ने कहा कि हम ने ऐसी कारोबारी रणनीति तैयार की है जिसके जरिए हम अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता का इस्तेमाल गोल्ड लोन इंडस्ट्री में अपनी स्थिति को बेहतर करने और अपनी मौजूदगी के विस्तार के लिए करेंगे।

### कांग्रेस लोगों के हक की लड़ाई लड़ रही है, सत्ता हासिल करने के लिए नहीं : लवली



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने मंगलवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के करावल नगर और बाबरपुर जिला कांग्रेस की एक विशाल बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा सांसदों की विफलता को उजागर करके आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूरी तरह से तैयार रहने का आह्वान किया। लवली ने कहा कि यह संघर्ष का समय है और कांग्रेस की लड़ाई केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोगों के हक की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा व्यक्तिगत, सत्ता और गौरव के लिए नहीं, बल्कि लोगों को न्याय और समानता दिलाने के लिए है, जिन्हें वर्तमान में सांप्रदायिक और धर्म के आधार पर विभाजित करने की कोशिश की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष लवली ने कहा कि तीन फरवरी को राम लीला मैदान गीता कॉलोनी में अयोजित होने वाली विशाल रैली में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल होंगे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

# परेड रिहर्सल के कारण सेंट्रल दिल्ली में लगा जाम

## वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में हुई काफी परेशानी



**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस परेड के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने के कारण मंगलवार को मध्य दिल्ली में इंडिया गेट के पास सैंकड़ों यात्री घंटों जाम में फंसे रहे।

कृषि भवन के पास सी-हेक्सागन, अशोक रोड और रफी मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हुआ। इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। बाहरी रिंग रोड और प्रगति मैदान सुरंग, सराय काले खां, आईटीओ के पास भी यातायात प्रभावित हुआ। वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई और कई लोग अपने गंतव्य तक देरी से पहुंचे।

दक्षिण दिल्ली से कनॉट प्लेस आ रही एक महिला ने कहा कि वह कर्तव्य पथ के पास भारी यातायात जाम में फंस गई। उन्होंने कहा कि कनॉट प्लेस पहुंचने में मुझे लगभग 20 मिनट लगते थे लेकिन आज मुझे लगभग 35 से 40 मिनट लग गए। कुछ यात्रियों ने कहा कि केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार पर लंबी कतारें थीं क्योंकि कई लोगों ने जाम से बचने की कोशिश में मेट्रो से यात्रा को तरजीह दी। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर लोगों को फुल ड्रेस रिहर्सल के मद्देनजर मध्य दिल्ली में कई सडकों के बंद होने की जानकारी दी थी। रिहर्सल सुबह साढ़े 10 बजे विजय चौक से शुरू हुई और कर्तव्य पथ, सी-हेक्सागन, तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग से होते हुए लाल किले पर समाप्त हुई। परेड के सुचारू संचालन के लिए सोमवार शाम छह बजे से विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ पर यातायात की आवाजाही रोक दी गई है। मंगलवार को रिहर्सल के बाद यह मार्ग फिर से खुल जाएगा।



■ नई दिल्ली में रामलीला मैदान गीता कालोनी के प्रांगण में 51 फुट ऊंची हनुमान जी की मूर्ति का अनावरण व भजन संध्या कार्यक्रम में उपस्थित दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा। कार्यक्रम में सांसद गौतम गंभीर, विधायक एसके बग्गा व अन्य शमिल रहे। फोटो अजय मेहता

# आप व निगम अधिकारियों में तालमेल नहीं : राजा इकबाल

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर श्री राजा इकबाल सिंह से मंगलवार को आम आदमी पार्टी की मेयर द्वारा प्रेस वार्ता कर दिए गए बयान का खंडन किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जुडिशल कमेटी के आदेश के बावजूद दुकानों को डी-सील न कर पाने की अपनी नाकामी को छुपाने के लिए दिल्ली नगर निगम के उच्च अधिकारियों पर दोषारोपण कर रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार है उसके बाद भी आम आदमी पार्टी व्यापारियों को राहत नहीं दे पा रही है और अपने दोहरे चरित्र को छुपाने के लिए आम आदमी पार्टी आयुक्त को पत्र लिख ने का ढोंग रचा रही है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार के कारण निगम अधिकारियों में आपस में तालमेल नहीं है जिसके कारण दुकानें डी-सील नहीं हो पा रही है और व्यापारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी दुकानों को डी-सील नही करना चाहती है और इस बात को छुपाने के लिए यह लोग बार बार नए ढोंग रच रहे हैं। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी की मेयर और आयुक्त दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय में ही बैठते हैं उसके बावजूद मेयर को आयुक्त को पत्र लिखना पड़ रहा है जबकि मेयर आयुक्त को बुलाकर इस संबंध में बात कर सकती हैं इस बात से साफ़ ज़ाहिर होता है कि आम आदमी पार्टी और निगम अधिकारियों में से किसी तरह का तालमेल नहीं है। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी एक आंदोलन कारी पार्टी है यह लोग डीएमसी एक्ट के अनुरूप कार्य नहीं करना चाहते हैं जिसके कारण सभी विकास के कार्य ठप्प पड़े हुए हैं।



**जिसके कारण डी-सील नहीं हो पा रही हैं दुकानें**

# शिक्षकों-कर्मचारियों की हड़ताल पर लगाई रोक

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के रोहिणी क्षेत्र के शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी कर अपने शिक्षकों और कर्मचारियों से किसी भी हड़ताल, प्रदर्शन में शामिल नहीं होने और सोशल मीडिया पर उसकी आलोचना नहीं करने को कहा है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि इन गतिविधियों में शामिल कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। 22 जनवरी को जारी नोटिस में कहा गया है कि अगर कोई कर्मचारी हड़ताल या सामूहिक आकस्मिक अवकाश या कार्य बहिष्कार आदि में शामिल पाया गया या सोशल मीडिया और प्रेस में विभाग की आलोचना करता मिला तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। नोटिस में कहा गया है कि यह गतिविधियां केंद्रीय लोकसेवा आचरण नियम 1964 का उल्लंघन है। एमसीडी के रोहिणी क्षेत्र के शिक्षा विभाग के उपनिदेशक ऋषि पाल राणा से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन वह उपलब्ध नहीं हुए। स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को संबोधित नोटिस में, विभाग ने कर्मचारियों को गैर-मान्यता प्राप्त संघों से अलग होने का निर्देश देते हुए कहा कि वे प्रेस से बात कर और सोशल मीडिया के जरिए विभाग की छवि खराब कर रहे हैं।

**-एमसीडी के शिक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी**

# ठगी के आरोप में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि गूगल पर विज्ञापन चलाकर ग्राहक सेवा के नाम पर कई लोगों को ठगने के आरोप में झारखंड से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जालसाजों की पहचान मुस्तकीम अंसारी और मोहम्मद रिजवान अंसारी के रूप में की गई दोनों झारखंड के देवघर जिले के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक, पिछले साल 9 अगस्त को वसंत कुंज की रहने वाली राजन कौल ने एक एफआईआर दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने गूगल पर पंजाब नेशनल बैंक का कस्टमर केयर नंबर खोजा और वेबसाइट पर उल्लिखित कथित मोबाइल नंबर पर कॉल किया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम), रोहित मीणा ने कहा कि कथित व्यक्ति ने उसे रस्ट डेस्क ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी और उसके फोन और खाते से संबंधित जानकारी ले ली। बाद में, उसके केनरा बैंक खाते से कुल 5,45,000 रुपये निकल गए।


ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा,
जनपद- गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फतेहपुर रामपुर, तहसील- दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या- 48 में 4500 वर्ग मीटर भूमि के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक में श्री पन्ना पुत्र हीरा निवासी ग्राम फतेहपुर रामपुर के पक्ष में लिया गया है, जिसमें श्री पन्ना उर्फ नानक की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान के आधार पर 1. श्री बलजीत पुत्र 2. श्री शिव किशोर पुत्र 3. श्री निरंजन पुत्र 4. श्री सुनील पुत्र 5. श्री विजय पुत्र 6. श्रीमती कुसुम(विवाहित) पुत्री है जिनमें से श्री बलजीत, श्री शिव किशोर, श्री निरंजन, श्री सुनील व विजय पुत्रगण स्व0 पन्ना उर्फ नानक निवासी ग्राम फतेहपुर रामपुर वारिस है जिनमें से श्री बलजीत, श्री शिव किशोर, श्री निरंजन, श्री सुनील व विजय पुत्रगण स्व0 पन्ना उर्फ नानक निवासी ग्राम फतेहपुर रामपुर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त)
विशेष कार्याधिकारी


## आयोजन — रचनात्मक प्रतिभाओं के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ सोपान महोत्सव संपन्न

# मोनी झा ने अपने गायन से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**नई दिल्ली, 23 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के कला और संस्कृति विभाग, साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित चार दिवसीय सोपान महोत्सव का शानदार समापन हुआ, जिसने शास्त्रीय और पारंपरिक प्रदर्शनों की एक शानदार श्रृंखला के साथ अपनी अमिट छाप छोड़ी। महोत्सव के चौथे और अंतिम दिन मोनी झा ने गायन प्रस्तुत किया। इसके बाद विवेक भोला ने राग मुल्तानी और भजन प्रस्तुत किया। फिर टी. रेड्डी लक्ष्मी ने कुचिपुड़ी की प्रस्तुति दी और अंत में मीरा एस. उन्नीथन ने भरतनाट्यम के प्रदर्शन से समां बांधा।**

उन्होंने रागमालिका और आदि तालम् में तिरुवेमपवई कौतवम् के जरिए दर्शाया कि कैसे एक युवती अपनी मित्र को जगाने का प्रयास कर उससे भगवान अर्धनारीश्वर के दर्शन के लिए मंदिर जाने का आग्रह करती है। इसके बाद रागम् बेहाग और आदि तालम् में ठुमरी (मैं तो नहीं जाऊं) के जरिए नदी किनारे जाने से बचने के लिए भगवान श्रीकृष्ण के बहाने को सुंदरता से मंच पर उकेरा गया। इसे गुरु रमा वैद्यनाथन ने बहुत उत्कृष्टता से कोरियोग्राफ किया था। दर्शक पूरे समय भक्तिभाव में सराबोर रहे। इसके बाद अश्मिता मिश्रा ने संगीत की शाम को अपनी कथक के साथ आगे बढ़ाया। उन्होंने मंच पर सबसे पहले श्रीराम स्तुति की, फिर ताल अष्टमंगल में इसका तकनीकी पक्ष दिखाया और अंत में पंडित विजयशंकर मिश्र द्वारा कंपोज किए गए राग बहार में कैसी निकसी चांदनी पर मनोहारी नृत्य किया। महोत्सव के अंत में दर्शकों को अमरजी राय का पावर-पैक्ड थिएटर अभिनय देखने को मिला। इस पूरे चार दिनी उत्सव के दौरान दर्शकों ने त्रिवेणी कला संगम की गैलरी में उत्कृष्ट कला संग्रह का आनंद लिया। यह प्रदर्शनी उत्सव के आकर्षण का केंद्र थी। इसमें साहित्य कला परिषद से छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली कलाकारों की उत्कृष्ट कृतियों की श्रृंखला प्रदर्शित की गई थी। इस उत्सव के तीसरे दिन रेखा पांडे ने हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन से समां बांधा।

उन्होंने रागश्री-विलंबित ख्याल को विलंबित एकताल में प्रस्तुत किया। जबकि तुषार गोयल ने तबला वादन से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। जबकि साहित्य कला परिषद की युवा गायिका प्रगति पांडे ने अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।




- **मीरा एस.उन्नीथन ने भरतनाट्यम के प्रदर्शन से समां बांधा**
- **चार दिन चले उत्सव के दौरान दर्शकों ने त्रिवेणी कला संगम की गैलरी में उत्कृष्ट कला संग्रह का आनंद लिया**


Public Notice

To Whoever it may concern
I Shri.Sunil Chandra Gupta S/o Late Shri.Subhash Chandra Gupta wish to state that my Father Late. Shri.Subhash Chandra Gupta along with Co-AllotteeMrs.VeenaMehra was holding 2000 Sq Ft Area, Unit No.1C-C-05-47,1C-L-05-01 in Allotment of a WTC Project under Cust ID NDU 529. Unfortunately, my Father has expired on 02/07/2014. I am the only surviving Son of my Deceased Father and there is no other Legal Heir of him. After his untimely Demise I want that the 50% Share of my Deceased Father in the above-mentioned units be transferred in my name.If anyone has any Objection to the above share transfer of 50%, he or she may raise an objection to the Company in Written Form With appropriate Documents having its registered office at :

**WTC Noida Development Company Pvt Ltd,
GF-09,Plaza M 6,Uppal Distt Centre,
New Delhi - 110025.**



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-सादोपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एस.ए.डी.0179, भूखण्ड संख्या-ए-4, क्षेत्रफल-120 वर्ग मीटर सर्वश्री लेखराज, जीतराम पुत्रगण श्री तेजपाल, निवासी-ग्राम-सादोपुर, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री लेखराज पुत्र श्री तेजपाज की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती सविता पत्नी स्व0 श्री लेखराज, श्री अंश ना0बा0 पुत्र स्व0 श्री लेखराज संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती सविता, श्री मानव पुत्र स्व0 श्री लेखराज, श्रीमती रीना (विवाहित) पुत्री स्व0 लेखराज, निवासी-ग्राम-सादोपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्रीमती सविता पत्नी स्व0 श्री लेखराज, श्री अंश ना0बा0 पुत्र स्व0 श्री लेखराज संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती सविता, निवासी-ग्राम-सादोपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती सविता पत्नी स्व0 श्री लेखराज, श्री अंश ना0बा0 पुत्र स्व0 श्री लेखराज संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती सविता, निवासी-ग्राम-सादोपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता प्राधिकरण की तालाबंदी नहीं खुलेगी। कल मटकी फोड़ आंदोलन किया जाएगा। इससे पहले आज तालाबंदी करते हुए किसानों ने प्राधिकरण के चारो ओर परिक्रमा की। इय दौरान प्राधिकरण विरोधी जमकर नारेबाजी की गई।

सुखवीर खलीफा, भारतीय किसान परिषद अध्यक्ष

# 7 बिल्डर माने 1048 खरीदारों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ

## कुल बकाए का 25 प्रतिशत करेंगे जमा, बाकी बिल्डरों की सहमति का इंतजार



**नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद मंगलवार को 7 बिल्डर बकाया का 25 प्रतिशत धनराशि 60 दिन के अंदर और शेष 75 प्रतिशत धनराशि साधारण ब्याज के साथ किस्तों में जमा करने को तैयार हो गया है। इससे करीब 1048 बायर्स को उनको मालिकाना हक मिलेगा। ये वो बायर्स से जिनको फ्लैट पर पजेशन मिल चुका है लेकिन रजिस्ट्री नहीं हुई है। दरअसल, अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट में कुछ संशोधन कर पिछले महीने यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। इसके शासनादेश के तहत बिल्डरों को 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक जीरो पीरियड का लाभ दिया जाएगा। इससे उनका 20 से 24 प्रतिशत तक बकाया कम हो गया। जीरो पीरियड का फायदा लेने के लिए बिल्डरों को कुल बकाए में से 25 प्रतिशत राशि 60 दिन के अंदर और बाकी राशि अधिकतम तीन साल के अंदर देनी होगी। जमा पैसों के अनुपात में नोएडा प्राधिकरण संबंधित बिल्डर की परियोजना में फ्लैट की रजिस्ट्री अनुमति देगा। सरकार के इस निर्णय का फायदा बताने के लिए औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने 6 व 7 जनवरी को बिल्डरों के साथ बैठक की थी। चेयरमैन ने निर्देश दिए थे 8 व 9 जनवरी को प्राधिकरण के सीईओ के समक्ष इस पैकेज का लाभ उठाने के लिए सहमति पत्र दे दें। इसके बाद हाल ही में फिर बिल्डरों को प्राधिकरण में बुलाया और बकाया की जानकारी दी।

### इन बिल्डरों ने दी सहमति

- सेक्टर-78 ग्रुप हाउसिंग प्लाट नंबर 03 आईआईटीएल निबंस प्राइवेट लिमिटेड
- सेक्टर-168 ई ग्रुप हाउसिंग 01 केपिटल इंफ्राप्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
- सेक्टर-108 ग्रुप हाउसिंग 04 डिवाइन इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
- सेक्टर-78 ग्रुप हाउसिंग 02 एचआर ओरेकल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
- सेक्टर-75 ग्रुप हाउसिंग 03 एम्स आरजी एंगल प्रामोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
- सेक्टर-78 बी ग्रुप हाउसिंग 5 शनसाइन इंफ्रा वेल प्राइवेट लिमिटेड
- सेक्टर-143 ग्रुप हाउसिंग 3ए गुलशन होम्स इंफ्रास्ट्रक्चर

# आज से नोएडा में मनेगा 'यूपी दिवस'

## सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामलाल के होंगे दर्शन, ओडीओपी स्टॉलों से बढ़ेगा निवेश



**नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। आज से नोएडा के सेक्टर-33 स्थित शिल्प हॉट में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा। तीन दिन तक आयोजित होने वाले यूपी दिवस की थीम 'उत्तर प्रदेश समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत' रखी गई है। इसमें रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां, रोड शो, उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में उप्र सांस्कृतिक विरासत, डिजिटल उप्र साइबर सुरक्षा, उन्नत प्राकृतिक कृषि विषयों पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है। करीब 100 से ज्यादा ओडीओपी उत्पाद लगाए जाएंगे। इसके साथ हस्तशिल्प ग्रामोद्योग मेला, जिला स्तरीय चित्रकला, भाषण, रंगोली प्रतियोगिता, रामोत्सव को जोड़कर सांस्कृतिक कार्याक्रम के अलावा यहां स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जोकि प्रदेश के अलग-अलग जिलों के स्वादिष्ट व्यंजनों पर आधारित होंगे। इसेक अलावा यहां करीब 500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलन्यास भी किया जाएगा।

### कार्यक्रम में प्रवेश करते ही होंगे प्रभु श्री राम के दर्शन

यूपी दिवस शिल्प हॉट में मनाया जाएगा। यहां राम मंदिर मॉडल और उसके साथ प्रभु श्री राम का चित्र लगाया गया है। लोग यहां दर्शन कर सकते है साथ ही सेल्फी भी ले सकते है। इसके अलावा गेट पर नोएडा प्राधिकरण की विकास गाथा और यूपी की गाथा को भी दर्शाया गया है। जिसे आर्ट गैलरी नाम दिया गया है। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। कल सुबह 11 बजे औपचारिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया जाएगा।

### लग गए स्टॉल पहुंच रहा सामान

यहां 100 से ज्यादा ओडीओपी के स्टॉल लगाए जा रहे है। इसके लिए अलग-अलग जिलों से सामान पहुंच रहा है। देर रात तक सभी स्टॉल सजा दिए गए। यहां लोग खरीदारी भी कर सकते है। इसके अलावा शिल्पकला का अद्भुत मेल और मिट्टी के बर्तन आदि बनाने की कला का अनोखा चित्र भी देखने को मिलेगा। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक स्टेज बनाया गया है। जिसमें नोएडा के स्कूलों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



### 500 करोड़ की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण और शिलान्यास

यूपी दिवस 24, 25 और 26 जनवरी को मनाया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से करीब 500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इसमें सिविल विभाग की 178 करोड़ की परियोजनाएं और होर्टिकल्चर विभाग की 185 करोड़ की परियोजना और करीब इतनी की परियोजनाएं इलेक्ट्रिकल और मेनटेनेंस विभाग की है। इनके शिलापट्ट तैयार किए जा रहे है।

## सार संक्षेप

### सुंदर काण्ड पाठ का भव्य आयोजन



**बुलंदशहर।** अयोध्या नगरी में भगवान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी में, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष यशपाल चौधरी ने अपने निवास स्थान आवास विकास प्रथम, पुलिस चौकी के पास, शॉपिंग मॉल के सामने, सुंदरकांड पाठ का आयोजन मंगलवार प्रातः 10:30 को कराया। सुंदरकांड के समापन पर सभी के लिए भोजन प्रशाद बितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी, जिला संरक्षक विनोद चौधरी पूर्व ब्लाक प्रमुख सदर, जिला प्रभारी ठाकुर पृथ्वीराज सिंह, जिला कोषाध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, पत्रकार सुरेंद्र भाटी, सचिन शर्मा, विक्रम राणा, अरूण चौधरी, भारतीय किसान महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, मुनेश कुमार, प्रदीप गिरी सहित सैकड़ो गणमान्य महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी थे नेताजी सुभाषचंद्र बोस : शर्मा



**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए संरक्षक, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक पंडित रवि शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिनके आदर्शों को जो मान लेगा उसका जीवन सफल हो जाएगा। बात 76 साल पहले 18 अगस्त 1945 की है। जापान दूसरा विश्व युद्ध हार चुका था। अंग्रेज नेताजी के पीछे पड़े हुए थे। इसे देखते हुए उन्होंने रूस से मदद मांगने का मन बनाया। 18 अगस्त 1945 को उन्होंने मंचूरिया की तरफ उड़ान भरी। इसके बाद किसी को फिर वो दिखाई नहीं दिए। 5 दिन बाद टोक्यो रेडियो ने जानकारी दी कि नेताजी जिस विमान से जा रहे थे वो ताइहोकू हवाई अड्डे के पास क्रैश हो गया। इस हादसे में नेताजी बुरी तरह से जल गए। ताइहोकू सैनिक अस्पताल में उनका निधन हो गया। नेताजी के निधन के 76 साल बाद भी उनकी मौत रहस्य बनी हुई है।

### खाली प्लाट पर कबाड़ में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सलारपुर सेक्टर-101 में मेट्रो पिलर के पास से बने कबाड़ में आग लग गई। आग पटाखे और चिंगारी से लगी। मिनटों में ही आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना सोमवार रात की है। मौके पर मौजूद लोगों ने अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी। एक-एक करके छह दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन कर्मियों ने कबाड़ से पहले प्लास्टिक को अलग किया इसके बाद आग को बुझाना शुरू किया। वो इसलिए क्योंकि आग तेजी से न फैले। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# सीईओ के सवालों का जवाब नहीं दे पाए अधिकारी

## सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक को चेतावनी, दो अन्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने वर्क सर्किल-2,3,4 और 8 का निरीक्षण किया। इस दौरान काफी अव्यवस्था मिलने पर वर्क सर्किल-4 और 8 के वरिष्ठ प्रबंधक को कारण बताओं नोटिस और वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक को चेतावनी दी गई। दरअसल, सीईओ जब सर्किल-3 का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां सहायक प्रबंधक व प्रबंधक ऑफिस में नहीं थे। वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि दोनों ही अधिकारी साइट का निरीक्षण करने गए है। लेकिन कौन सी ये नहीं बता सके। सीईओ ने वरिष्ठ प्रबंधक से पूछा कि जनवरी महीने में सहायक प्रबंधक और प्रबंधक ने किस साइट का निरीक्षण किया और कब किया इसका कोई रिकार्ड दिखाए। इस संबंध में भी कोई जानकारी या दस्तावेज वरिष्ठ प्रबंधक की ओर से नहीं दिखाया जा सका। गार्ड फाइल मांगी गई वह भी नहीं मिली। आलम ये था कि यहां गार्ड रजिस्टर या कर्मियों के क्षेत्र में भ्रमण का कोई मूवमेंट रजिस्टर नहीं बनाया गया था। इसके बाद सीईओ ने सर्किल-4 और 8 निरीक्षण किया। यहां परियोजनाओं से सूचनाओं से संबंधित कोई बोर्ड नहीं मिला। यहां दोनों ही सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक नदारद मिले। दोनों को ही कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।



### अधिकारियों के बनेगा मूवमेंट रजिस्टर

नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक और सहायक प्रबंधक साइट पर कितने बजे गए कितने आए इसका एक मूवमेंट रजिस्टर बनेगा। जिसमें पूरा विवरण प्रतिदिन लिखा जाएगा। इसकी एंट्री जाते और आते दोनों समय होगी। यही नहीं इस रजिस्टर में अधिकारी को लिखना होगा कि उनके द्वारा किस क्षेत्र, परियोजना और किस कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्या पाया इसकी रिपोर्ट लिखनी होगी। इससे संबंधित एक फार्मेट डीजीएम सिविल को बनाने का निर्देश सीईओ ने दिया।

# संभव जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त ने सुनी जन समस्याएं



**गाजियाबाद,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ जिसमें 12 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकांश संदर्भ स्वास्थ्य तथा टैक्स विभाग के प्राप्त हुए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई की, प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कराई गई।

विजयनगर, दौलतपुरा, विवेकानंद नगर, सुदामा पुरी, क्रिश्चियन नगर के क्षेत्र से आए हुए आगंतुकों ने अपने-आप ने विषय को निगम अधिकारियों के समक्ष रखा जिसमें विजयनगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए अपर नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए गए साथ ही टैक्स की समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्रवाई करने के लिए भी अधिकारी को निर्देश दिए गए। संभव में संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह व अन्य सभी विभाग से संबंधित टीम भी उपस्थित रही।

# 26 जनवरी की व्यवस्था में जुटा निगम, नगर आयुक्त ने तैयारियों के दिए निर्देश



**गाजियाबाद,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम लगातार शहर में व्यवस्थाओं में लगा रहता है 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी में जुट गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों को 26 जनवरी से पूर्व शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कहा गया है। जिसमें उद्यान विभाग के द्वारा भी वृहद स्तर पर अभियान चलाते हुए ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वार्क तथा पार्कों की सफाई कराई जा रही है। मुख्य अभियंता निर्माण एनकेचौधरी ने मोहन नगर जोन के अंतर्गत मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया। प्रभारी प्रकाश आस कुमार ने लाइटों की मरम्मत का जायजा लिया। जोनल प्रभारी की देखरेख में अपने-अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को प्रातः कालीन निरीक्षण के दौरान बेहतर कराया जा रहा है।

शहर की सभी मुख्य एंट्री सुंदर हो इसके लिए नगर आयुक्त ने बेहतर कार्य करने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं। जिसके क्रम में तिगड़ी गोल चक्कर, सीमापुरी बॉर्डर, भोपुरा चौक, इंदिरापुरम एंट्री, हिंडन एयर फोर्स, गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर अभियान के रूप में कार्य अधिकारी कर रहे हैं।

# मेहंदी हसन हत्याकांड में थाना-49 प्रभारी समेत पांच पुलिस कर्मी सस्पेंड

**नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। बरौला में मेहंदी हसन हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नार ने पांच पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया है। इसमें बरौला थाना प्रभारी राम प्रकाश गौतम समेत चौकी इंचार्ज नितिन जावला समेत पांच पुलित कर्मी है। दरअसल,19 जनवरी 2023 की रात दो युवकों ने बरौला में एक व्यक्ति को बेरहमी से पीटा। फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद उसके एक पैर को रस्सी से बांधकर बाइक से गांव में एक किलोमीटर तक घसीटा। इसके बाद उसे चौकी ले गए। वहां दोनों आरोपियों ने सरेंडर कर दिया। वहीं अनुज सैनी को थाना प्रभारी बनाया गया है। घायल व्यक्ति को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को जब पुलिस घटनास्थल पर ले जा रही थी, तो दोनों ने पुलिस टीम पर हमला करके भागने लगे। ढ

**नोएडा में पुलिस कमिश्नर की कार्रवाई**

इसके बाद पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी। बाइक से बांधकर युवक को घसीटने का वीडियो भी सामने आया था। इसके बाद से ही अंदेशा था कि पुलिस कमिश्नर बड़ा एक्शन ले सकती है। वारदात नोएडा थाना-49 के बरौला गांव की है। मृतक व्यक्ति का नाम मेहंदी हसन (35) है, जबकि आरोपियों की पहचान अनुज और उसके चचेरे भाई नितिन के रूप में हुई थी। शनिवार रात करीब 9.55 बजे अनुज और नितिन बाइक से कहीं जा रहे थे। मेहंदी हसन भी उधर से पैदल गुजर रहा था। दोनों ने मेहंदी को रोक लिया। इसके बाद उसके पेट में 10 बार चाकू से वार किए। उन्होंने मेहंदी हसन के पैर रस्सी से बांधे। इसके बाद बाइक से पूरे गांव में घसीटना शुरू कर दिया।

# मेवाड़ में धूमधाम से मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती

## नेताजी सुभाष होते तो हमें अखंड भारत मिलता : डॉ. गदिया

**गाजियाबाद,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। वसुंधरा सेक्टर 4सी स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह में विद्यार्थियों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया। क्या भाषण, क्या गीत और क्या कविताएं, सब एक से बढ़कर एक थीं। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि नेताजी सुभाष कभी मर नहीं सकते, वह अमर हैं, अमर रहेंगे। नौजवानों में एकता का जज्बा नेताजी के देशहित में किये गये कार्यों से ही भरा जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश के नेता सिर्फ एक ही रहेंगे और वह हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस। उन्होंने दावा किया कि अगर नेताजी होते तो हमें पूरा अखंड भारत मिलता। बर्मा, भूटान और पाकिस्तान नहीं बनता। अगर नेताजी का रंगून रेडियो पर दिया गया भाषण सुन लिया जाए तो पता चलता है कि नेताजी अखंड भारत पाने के लिए कितना संघर्षरत थे। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे साल में एक देशभक्त जरूर तैयार करें। देशभक्ति व संवेदनशीलता के भाव उसमें भरें। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने अपने विचारों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं डॉ. अलका अग्रवाल ने मां शारदा, भारत माता व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किये। विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।



# वायु गुणवत्ता प्रबंधक आयोग से आई टीम ने उद्यान विभाग के कार्यों का किया निरीक्षण, की मियांवकी प्लांटेशन की प्रशंसा

**गाजियाबाद,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम उद्यान विभाग दल शहर में ग्रीनरी के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लेने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधक आयोग से निदेशक राजेश कुमार, मेंबर टेक्निकल एन.पी शुक्ला व अन्य अधिकारी गाजियाबाद पहुंचे। जिनके द्वारा उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह के साथ किए गए प्लांटेशन का जायजा लिया गया। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत मियांवकी पद्धति से लगभग 2 लाख पौधारोपण किया जा चुका है वही पौधे वृक्ष का रूप ले चुके हैं जिसको देखकर टीम ने प्रशंसा जाहिर की, वायु गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण अभियान बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग को कहा गया। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत भव्यता से ग्रीनरी पर कार्य किया जा रहा है जिसमें पौधारोपण को लेकर भी विशेष कार्य किए गए हैं 15 जनवरी 2024 तक 2 लाख 11 हजार पौधे, कवि नगर, विजय नगर, मोहन नगर, वसुंधरा ज़ोन के अलग-अलग क्षेत्र में अभियान के तहत में लगवाए गए हैं। डॉ अनुज उद्यान प्रभारी ने बताया कि मोहन नगर जोन के अंतर्गत हर्ष इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पार्क, पाइप मार्केट साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के सामने, वार्ड संख्या 70 अंबेडकर पार्क वृंदावन गार्डन ऑडिटोरियम वाला पार्क, राजेंद्र नगर इंडस्ट्रियल एरिया के ब्लॉक बाबू जगजीवन राम पार्क, विजयनगर जोन के अंतर्गत साउथ साइट इंडस्ट्रियल एरिया e13 फैक्ट्री के पास हाई टेंशन लाइन के नीचे, 'कवि नगर जोन के अंतर्गत' लोहा मंडी अभिषेक स्टील के सामने झुकी झोपड़ी वाला पार्क, लोहा मंडी अशोक पहलवान पानी वाला पार्क, लोहा मंडी कमल जैन पार्क, लोहा मंडी पुलिस चौकी वाला पार्क, रईसपुर स्थित रिक्त भूमि तथा 'वसुंधरा जोन' के अंतर्गत महाराजपुर शौचालय के पीछे स्थित भूमि पर मियांवकी पद्धति से प्लांटेशन किया गया है। कई सामाजिक संस्थाओं को जोड़ते हुए कार्य करने के निर्देश दिए तथा खुद भी पौधा लगा वायु गुणवत्ता बेहतर करने के लिए संदेश दिया।



# तालाबंदी के बाद प्राधिकरण की लगाई परिक्रमा

## किसान बोले जब तक मांगे नहीं मानी जाती तब धरना रहेगा जारी, कल फोड़ी जाएगी मटकी

**नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में किसानों का धरना आज 43वें दिन भी जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, युवा व बुजुर्गों ने प्राधिकरण के तीनों गेटों को घेर लिया। प्राधिकरण के अंदर किसी को जाने नहीं दिया गया। इस दौरान यहां आने वाले लोगों को वापस बैरंग होकर जाना पड़ा। बता दे 18 जनवरी को किसानों ने मांगों को लेकर प्राधिकरण की तालाबंदी की थी। ये अब तक जारी है।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता प्राधिकरण की तालाबंदी नहीं खुलेगी। कल मटकी फोड़ आंदोलन किया जाएगा। इससे पहले आज तालाबंदी करते हुए किसानों ने प्राधिकरण के चारो ओर परिक्रमा की। इय दौरान प्राधिकरण विरोधी जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही अधिकारियों को याद दिलाया गया कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता हम यहा से हटने वाले नहीं है।



### दो बजे फोड़ा जाएगा मटका

सुखबीर खलीफा ने बताया कि 24 जनवरी यानी बुधवार को 105 गांवों के किसान स्पाइस मॉल पर एकत्रित होंगे। यहां से पैदल मार्च करेंगे और एनटीपीसी की अंतेष्टी यात्रा निकालकर दोपहर करीब दो बजे मटकी फोड़ेंगे। इस दौरान हजारों की संख्या मे किसान मौजूद रहेगा।

### किसानों की इन मांगों पर मिला था आश्वासन

सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार प्राधिकरण द्वारा दिया जाए। किसानों की आबादी का पूर्ण निस्तारण कर रेवेन्यू रिकार्ड से प्राधिकरण का नाम हटाकर काश्तकार का नाम चढ़ाया जाए। आबादी विनयमावली 2011 के अनुसार 450 वर्ग मीटर की सीमा को 1000 वर्गमीटर किया जाए। ग्राम में पेरीफेरी के अंदर अधिग्रहीत आबादी में रहने वाली पुश्तैनी किसानों के विनिमय हेतु कब्जा दस्तावेज के आधार पर किया जाए। 5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति दी जाए। नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव में विकास भूलेख विभाग में न रोककर सुचारु रूप से कार्यपाली किया जाए। गांव में निर्माणाधीन मकानों पर भवन नियमावली लागू नहीं की जाए।

# कांग्रेसियों ने सुभाष जयंती मनाई

**गाजियाबाद,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के तत्वावधान मे महानगर कार्यालय पर महान स्वतन्त्रता सेनानी, आजाद हिन्द फोज के संस्थापक सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने कहा कि आजादी का संघर्ष एक अद्भुत संघर्ष था। सभी आजादी के दिवाने अपने अपने तरीके से इस संघर्ष में कूद पड़े थे। ऐसे समय में सुभाषचंद्र बोस ने निर्णय लिया की जालिम अंग्रेजों और उनकी सशस्त्र सेना के खिलाफ उनकी टक्कर की स्वदेशी सेना खड़ी करनी है। इसके पश्चात उन्होंने देश की जनता को नारा दिया कि तुम मुझे खून दो, में तुम्हें आजादी दूंगा। अंग्रेज़ों के जुल्म से परेशान जनता पर इतना प्रभाव पड़ा कि जिस पर जितना बना यहां तक की बहुत से लोगों ने तो अपना सबकुछ बेच कर सुभाषचंद्र बोस को समर्पित कर दिया और उन्होंने आजाद हिन्द फोज का गठन किया। उपस्थिति ओमदत्त गुप्ता, (संगठन प्रभारी, उपाध्यक्ष) कमलेश कुमारी महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, पूजा मेहता जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, बी के सिशोदिया उपाध्यक्ष, बलराज सिंह चावडा महासचिव, अनुज चौधरी महासचिव, उज्ज्वल गर्ग महासचिव, मो. कासिम महासचिव, राजीव गुप्ता रिजवान मालिक, रियाज अहमद सचिव, महेश उपाध्याय, राजकुमार शर्मा, रितेश कसाना, अमित कुमार,श्रीचंद दिवाकर सविता जैसवाल आदि मौजूद रहे।



उवाच ‟

जिले में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के संबंध में जो आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर उद्यमियों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन पर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सभी उद्यमियों का यह भी आह्वान किया कि उनके द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर उद्योग बंधु की बैठक का इंतजार न किया जाए।

**मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

## प्रधानमंत्री मोदी उत्तर मध्य रेलवे को देंगे दोहरा तोहफा

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन उत्तर प्रदेश में दूसरी जनसभा करने जा रहे हैं। 25 जनवरी को उत्तर मध्य रेलवे को दो तोहफे देने जा रहे हैं। वह प्रयागराज-नई दिल्ली रेलखंड के चिपियाना बुजुर्ग से दादरी और झांसी-दिल्ली रेलखंड के मथुरा से पलवल के बीच ईस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर के 181 किमी लाइन बिछी चौथी लाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद बुलंदशहर जिले के चोला चौकी के पास शूटिंग रेंज मैदान में जनसभा को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ दो दिन जनसभा स्थल का दौरा कर तैयारियों को जायजा लिया था। प्रदेश में दो दिन के अंतराल पर पीएम मोदी की दूसरी बड़ी जनसभा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जनसभा में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्र से भीड़ इकट्ठा करने की जिम्मेदारी सांसद, विधायक और भाजपा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है। प्रधानमंत्री नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के करोड़ों रूपयों की परियोजनाओं को भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को लेकर




- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद उप्र के बुलंदशहर में मोदी की दूसरी जनसभा
- ईस्टर्न फ्रेट रेलवे कॉरिडोर के लोकार्पण के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बजेगा लोकसभा चुनाव का बिगुल

मंगलवार बुलंदशहर में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिसोदिया ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी सांसद और विधायकों के साथ बैठ कर जनसभा की तैयारियों की समीक्षा हुई। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में जनता को अपनी सरकार की विकास योजनाओं, उपलब्धियों और लक्ष्यों के बारे में बताएंगे। वे उत्तर प्रदेश के लोगों को भाजपा के नेतृत्व में राज्य की उन्नति और समृद्धि के लिए आश्वस्त करेंगे। विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि 22 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम उनके कर कमलों से हुआ और उसके 2 दिन पश्चात उनका उत्तर प्रदेश की भूमि में आगमन से जनता में भारी उत्साह है। उन्होंने अपनी विधान सभा के समस्त मण्डल की टीम से समन्वय कर हजारों की तादात में लोगों को जनसभा तक पहुंचाने का प्रबंध किया है। उन्होंने कहा कि इस जनसभा में किसानों के साथ-साथ नौजवानों की भी भारी मात्रा में उपस्थिति दर्ज होगी। उन्होंने आशा जताई कि जेवर जनसभा से बसे, निजी वाहन और 500 ट्रैक्टर के अलावा लोग अपने साधनों से भी शिरकत करेंगे। अनुमान तो यह है कि 2.50 लाख से 3 लाख लोग मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम स्थल जेवर विधानसभा के निकट होने के कारण भारी भीड़ जुटने का अनुमान होने के कारण जनसभा के लिए व्यवस्थाओं को भी चाक-चौबंद किया गया है।

## एयरपोर्ट के पास फिनटेक सिटी विकसित के लिए पांच कंपनियां आगे आई

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। जेवर एयरपोर्ट के पास फिनटेक सिटी के विकास को अमलीजामा पहनाने के लिए पांच कंपनियों ने रुचि दिखाई है। सलाहकार नियुक्त करने के लिए निकाले गए आरएफपी में पांच कंपनियां आई हैं। अब इनकी तकनीकी और अनुभव दक्षता को जांचा जा रहा है। इस जांच के बाद कंपनी का चयन हो जाएगा।

यमुना प्राधिकरण फिनटेक सिटी विकसित करेगा। फिनटेक सिटी में वित्त से जुड़ी तमाम बड़ी कंपनियों को एक जगह लाया जाएगा। इसको विकसित करने के लिए यमुना प्राधिकरण ने आरएफपी निकाला है। इसमें पांच कंपनियों ने अपने प्रस्ताव दिए हैं। इन कंपनियों में सीबीआरई साउथ एशिया प्रालि, ट्रैसटिबल इंजीनियरिंग प्रालि, कसमैन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रालि., वोयेंट्स सोल्यूशन प्रालि. एवं जोन्स लंग लासैले प्रापर्टी कंसलटेंट इंडिया प्रालि. शामिल है। प्राधिकरण इन कंपनियों की तकनीकी और अनुभव दक्षता को जांच रहा है। एक-दो दिन में यह काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। सलाहकार कंपनी का चयन होने के बाद इस

- फाइनेंस से जुड़ी तमाम बड़ी कंपनियों को एक जगह लाने का प्रयास

सिटी के फिजबिलिटी रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी। इस सिटी सेक्टर-9 में विकसित करने की तैयारी है। इसे 350 एकड़ में विकसित किया जाएगा। पहला चरण 100 एकड़ में विकसित किया जाएगा।

### फिल्म सिटी को लेकर 27 को होगा कंपनियों का प्रस्तुतिकरण

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी विकसित करने के लिए चार कंपनियों ने टेंडर डाले हैं। इन कंपनियों में सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्रालि, बेव्यू प्रोजेक्ट्स, सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्रालि और लायंस फिल्म्स प्रालि शामिल हैं। इनका तकनीकी परीक्षण पूरा हो गया है। अब कंपनियां 27 जनवरी को अपना प्रजेंटेशन देंगी। यमुना प्राधिकरण में औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह इनका प्रजेंटेशन देखेंगे। इसके बाद मानकों को पूरा करने वाली कंपनियों की वित्तीय निविदा खोली जाएगी। फरवरी के पहले सप्ताह तक विकासकर्ता कंपनी का चयन होने की उम्मीद है। पहला चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाएगा।

## छह नए सेक्टरों के लिए दस गांव की 1500 हेक्टेयर लैंड बैंक का खाका तैयार

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण औद्योगिक विकास के लिए 1500 हेक्टेयर लैंड बैंक का खाका तैयार कर लिया है। प्राधिकरण ने छह सेक्टर के लिए 10 गांवों की करीब 1500 हेक्टेयर जमीन खरीदेगा। इसका अधिग्रहण करने के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेज दिया है। यहां पर आवासीय, औद्योगिक और लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग की गतिविधियां हो सकेंगी।

- यमुना प्राधिकरण ने दस गांवों की करीब 1500 हेक्टेयर जमीन खरीदने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा
- आवासीय, लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग की योजना के लिए छह सेक्टर आरक्षित

यमुना प्राधिकरण सेक्टर-5, 6, 7, 8, 9 और सेक्टर-11 के लिए जमीन खरीदेगा। इसमें सेक्टर-5 आवासीय है। सेक्टर-6 औद्योगिक, सेक्टर-7 व 8 वेयर हाउसिंग एवं लाजिस्टिक और सेक्टर-9 एवं 11 संस्थागत श्रेणी का है। इन सेक्टर के लिए 10 गांवों की जमीन खरीदी जाएगी। जमीन खरीदने के लिए यमुना प्राधिकरण ने जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेज दिया है। इसमें मुढ़रह गांव की 298 हेक्टेयर, मिलक करीमाबाद गांव की 13 हेक्टेयर, कानुपर की 256, म्याना की 87, कल्लूपुरा की 220, दस्तमपुर की 235, इस्माइलनगर की 20, नगला शाहपुर की 138 व बीरमपुर की 167 व जौन चाना गांव 18 हेक्टेयर जमीन लेने का प्रस्ताव है। इस जमीन में से 55 हेक्टेयर जमीन सरकारी है। इसका पुर्नग्रहण किया जाएगा। वहीं, प्राधिकरण को जमीन खरीदने के लिए सरकार ने बिना ब्याज के 1500 करोड़ रुपये दिए हैं। इससे पहले भी प्राधिकरण को करीब 1800 करोड़ सरकार से मिल चुके हैं। प्राधिकरण अगले एक साल में पांच हजार हेक्टेयर का लैंड बैंक तैयार करेगा।

## राहुल गांधी के काफिले पर हुए हमले के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर असम में हमले के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में दिया गया। भारत जोड़ों न्याय यात्रा हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होकर नागालैंड अरुणाचल प्रदेश होते हुए असम में प्रवेश किया लेकिन यात्रा को मिल रहे जन समर्थन से केंद्र व प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार बौखला गई। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा खुलेआम मीडिया के सामने यात्रा को रोकने की धमकी दे रहे हैं उसी के परिणाम स्वरूप 21 जनवरी को भाजपा के गुंडो द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमला किया गया और रोकने का प्रयास किया, जिसमें हमारे असम के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता घायल हो गए और स्टीकर फाड़े गए यहां तक की राहुल गांधी को भी रोकने का प्रयास किया गया साथ ही असम सरकार द्वारा राहुल को शंकर के दर्शन करने से रोका गया, जिसकी जिला कांग्रेस कमेटी घोर निंदा करती है और मांग करती है ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। भगवान सबके हैं लोकतंत्र में कहीं भी कोई दर्शन कर सकता है लेकिन भाजपा सरकार घबराई हुई है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, पूर्व महानगर अध्यक्ष विनोद पांडे, जिला उपाध्यक्ष राम भरोसे शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा, जिला महासचिव मुकेश शर्मा, जिला महासचिव सर्वेश शर्मा, जिला महासचिव गौरव लोहिया, जिला महासचिव कपिल भाटी, पीसीसी सदस्य सोनू प्रधान, रिजवान चौधरी, पीसीसी सदस्य जितेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष बॉबी प्रधान, ओबीसी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र भाटी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड ट्रेन के डीपीआर तैयार करने पर 6.39 करोड़ होंगे खर्च

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन चलाने के लिए एनसीआरटीसी डीपीआर बना रहा है। डीपीआर बनाने में 6.39 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यमुना प्राधिकरण ने एनसीआरटीसी को पैसे भेज दिए हैं। करीब 72 किमी लंबे कॉरिडोर की डीपीआर को 28 जून तक शासन को भेजा जाना है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने बताया कि एनसीआरटीसी को पैसा भेज दिया गया है।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के करोड़ों की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण व शिलान्यास

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री की 25 जनवरी को सिकंदराबाद में होने वाली जनसभा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की कई परियोजनाओं के लोकापर्ण एवं शिलान्यास कराने की तैयारी है। इन कामों की सूची बनाकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारी परियोजनाओं का जायजा भी ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 जनवरी को सिकंदराबाद में जनसभा है। यह इलाका गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में आता है। इस जनसभा में पश्चिमी यूपी पर फोकस रहेगा। इन जनसभा में परियोजनाओं के लोकापर्ण एवं शिलान्यास कराने की तैयारी चल रही है। प्राधिकरण अपने-अपने स्तर पर इन कामों को कर रहे हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इनकी सूची बना रहा है। दरअसल अभी तक आईआईटीजीएनएल का औपचारिक रूप से उद्घाटन नहीं हुआ है। हालांकि इसमें हायर जैसी बड़ी कंपनी ने उत्पादन शुरू कर दिया है। यहां कई बड़ी कंपनियों ने कामकाज शुरू किया है। आईआईटीजीएनएल परियोजना केंद्र सरकार के सहयोग से मूर्त रूप लिया है। इसके लिए अलग कंपनी है। अब प्रधानमंत्री से इसका उद्घाटन कराने की योजना है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ चौक पर अंडरपास की आधारशिला भी रखवाई जा सकती है। फुटओवर ब्रिज, बड़ी सड़कों के काम आदि को भी लोकापर्ण एवं शिलान्यास की सूची में रखा जा रहा है। हालांकि अभी इसको लेकर आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बताया कि इस जनसभा में विकास कार्यों का लोकापर्ण एवं शिलान्यास कराया जा सकता है। इसकी तैयारी चल रही है।

## महाविद्यालय के छात्राओं को सांसद ने बांटे स्मार्टफोन



**दनकौर,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा स्थित गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय में सांसद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 273 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करने पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉ. महेश शर्मा पहुंचे। स्मार्ट फोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान सांसद ने वहां उपस्थित छात्र व छात्राओं से कहा कि पढ़ाई पर सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए। क्योंकि पढ़ाई के माध्यम से ही इंसान कामयाबी के शिखर तक पहुंच सकता है। साथ ही कहा कि आगामी 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में होने वाली विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया जाएगा। इस दौरान रजनीकांत अग्रवाल, हरिदत्त शर्मा, संदीप जैन, हरीश शर्मा, अमित नागर, ओमकार भाटी, अखिलेश नागर, पंकज कौशिक, सोनू वर्मा, नवीन पंडित, सिंगा पंडित, मनीष शर्मा, अमित नागर, सोनू वर्मा, नरेंद्र नागर, करन, अमित नागर और रणवीर आदि लोग उपस्थित रहे।

## सुभाष चन्द्र बोस की मनाई गई 127वीं जयंती

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती श्रीसिद्ध पीठ पंचमुखी हनुमान मंदिर, कुलेसरा में रामराज सेवा संस्थान ट्रस्ट ने मनाया। रामराज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. भोजराज ने उनके बारे में बताया कि नेताजी का अपने सहयोगियों के लिए एक ही संदेश था कि सफलता का दिन दूर हो सकता है, लेकिन उसका आना अनिवार्य है वह कहां करते थे कि जिस व्यक्ति के अंदर सनक नहीं होती वह कभी महान नहीं बन सकता। आजाद हिंद सरकार की अपनी बैंक थी, जिसका नाम आजाद हिंद बैंक था। आजाद हिंद बैंक की स्थापना सन 1943 में हुई थी, इस बैंक के साथ 10 देशों का समर्थन था आजाद हिंद बैंक ने 10 के सिक्कों से लेकर एक लाख रुपए तक का नोट जारी किया था।

## साई अक्षरधाम पाठशाला के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। साई अक्षरधाम पाठशाला डेल्टा-तीन में ग्रेटर वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डा. राजेश कुमार गुप्ता, चेयरमैन जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस पाठशाला में गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है, जो धन के अभाव में शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। सांई मंदिर के ट्रस्टी डा. विपिन अग्रवाल, डा. मीना अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार भाटिया (यमुना अथॉरिटी) भी मुख्य अतिथि थे। इस अवसर अनीता सिंगला, उपेन्द्र सीरू, अनिल यादव, तारक साई गणेश शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। इस अवसर पर बी.एन. राव ने बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य गीत, संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम पेश किया और अनेकता में एकता परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालीसा पाठ और गणेश चंदना से की गई। विद्यापीठ की संचालिका लक्ष्मी सूर्यकला और अतिथियों ने शिक्षा, खेल के अलावा अव्वल रहे विद्यार्थियों को मेडल और से पुरस्कृत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने राजस्थानी, पंजाबी, पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत किए।

## रवि काना गैंग का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। स्क्रैप माफिया और सामूहिक बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे रवि काना के दाहिना हाथ कहे जाने वाले प्रहलाद को थाना बीटा-दो की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी के बाद इस गैंग के कुल आठ लोगों गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि इसके खिलाफ थाना बीटा- दो में

- पैसे के लेनदेन में थी अहम भूमिका

गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। यह कुख्यात स्क्रैप माफिया और सामूहिक बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे रवि का दाहिना हाथ था। यह उसके अंगरक्षक के रूप में काम करता था। आरोपी ही रवि काना की गाड़ी को हमेशा चलता था, तथा पैसों की लेनदेन में इसकी अहम भूमिका होती थी। उन्होंने बताया कि पुलिस इस गैंग के अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

उन्होंने बताया कि प्रहलाद की गिरफ्तारी के बाद इस गैंग के आठ लोगों की अब तक गिरफ्तारी हो चुकी है। इस गैंग का मुख्य सरगना रवि काना अभी भी फरार है।

## नवग्रह शांति को दीं आहूति, शोभायात्रा निकाली

**रबूपुरा,**23 जनवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव कलूपुरा में विगत 5 दिन से जारी नवग्रह शांति एवं पांच कुंडीय महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ के पांचवे दिन नवग्रह शांति के हवन में आहूति डाली गई। इससे पूर्व गांव में बड़ी धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। महंत रामगिरि महाराज ने बताया सत कर्म के बल पर ही मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। कलयुग केवल नाम अधारा, सुमर-सुमर नर उतरि पारा। कलयुग में हरि चिंतन एवं सत्कर्म ही भवसागर पार लगा सकते हैं



अत: मनुष्य को प्रभु नाम का स्मरण करते रहना चाहिए। बिना भक्ति के ज्ञान अधूरा होता है जिसके कारण अहंकार बढ़ जाता है। सदैव हरि नाम स्मरण करते रहने से अहंकार का पतन होता है। हवन से पूर्व गांव में शोभायात्रा निकाली गई जोकि मुख्य मार्गों से होते हुए महायज्ञ स्थल पर सम्पन्न हुई। महंत ने बताया 25 जनवरी गुरुवार को यज्ञ की पूर्ण आहूति देकर समापन किया जाएगा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान सन्त हेमंत गिरी, राजेश गिरी, वकीला गिरी, अविनाश गिरी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## लोक सभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन



- तीनों विधान सभा में कुल 18,30,966 मतदाता अपने मत का करेंगे प्रयोग
- जिले में जेन्डर रेसियो पहुंचा 816, ट्रान्स जेन्डर 102 करेंगे मतदान

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के निर्वाचन को लेकर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का विशेष अभियान 27 अक्टूबर 2023 से शुरु होकर 23 जनवरी 2024 को समाप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने प्रेस वार्ता में बताया कि जिले की तीनों विधानसभा 61-नोएडा, 62-दादरी एवं 63- जेवर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्तमान पुनरीक्षण में फार्म-6 से कुल 15,1071 आवेदनों को जोड़ा गया।

मतदाता सूची में से फार्म-7 के माध्यम से कुल 74100 आवेदनों में से हटाया गया। इस दौरान कुल 53,441 आवेदनों में से नाम का संशोधन किया गया। मतदाता सूची के प्रकाशन के समय 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 6913 थी, जो बढ़कर 24223 हो गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 17310, 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं का पजीकरण हुआ है जो लगभग 4 गुना है। जनपद में जेण्डर रेशियो 804 था जो वर्तमान में 816 हो गया है। वर्तमान में तीनों विधान सभा में कुल 18,30,966 मतदाता हो गए हैं, जिसमें 10,08,345 पुरुष और 8,22,519 महिला और 102 उभयलिंग (ट्रान्स जेन्डर) शामिल हुए हैं। पिछले लोक सभा चुनाव के दौरान कुल 15 लाख 37 हजार मतताता थे। विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण से पूर्व 49183 तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 27635 कुल 76818 मतदाता पहचान पत्र मुद्रित होकर प्राप्त हुए है, जिनके वितरण की कार्रवाई डाक विभाग के माध्यम से की जा रही। मतदाताओं की सुविधा हेतु 61-नोएडा विधान सभा में 17 तथा बहुमंजिलीय भवनों में 18 कुल 35 तथा 62-दादरी विधान सभा में सामान्य क्षेत्र में 49 तथा बहुमंजिलीय भवनों में 20 कुल 69 मतदेय स्थल बनाये गये है।

इस प्रकार सम्भाजन के दौरान 61 नोएडा में 39 मतदान केन्द्र तथा 35 मतदेय स्थल 62-दादरी में 37 मतदान केन्द्र तथा 69 मतदेय स्थल एवं 63-जेवर में 1 मतदान केन्द्र तथा 3 मतदेय स्थल बढ़ाये गए हैं।

## उद्यमियों की समस्या का प्राथमिकता का हो निस्तारण : जिलाधिकारी

**ग्रेटर नोएडा,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। उद्यमियों की समस्या की सुनवाई को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु समिति की बैठक की, जिसमें उद्यमियों ने जलभराव, विद्युत कटौती, ट्रैफिक जाम, ईएसआई अस्पताल निर्माण, टूटी सड़के, अतिक्रमण जैसी समस्याओं को रखा गया। जिलाधिकारी कहा कि औद्योगिक विकास में उद्यमियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए अधिकारियों का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है कि उद्यमी प्रतिनिधियों के द्वारा उद्योग से जुड़ी हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के संबंध में जो आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर उद्यमियों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन पर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए।



जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सभी उद्यमियों का यह भी आह्वान किया कि उनके द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर उद्योग बंधु की बैठक का इंतजार न किया जाए। वह आने वाली समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला प्रशासन को तत्काल जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं ताकि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बैठक में उपस्थित उद्योग बंधुओं को नोएडा के शिल्प हॉट में 24 से 26 जनवरी, 2024 तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस में अपने अपने उद्योगों से जुड़े हुए उत्पादों के स्टॉल लगाने एवं आयोजित होने वाले संस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आंमत्रित भी किया। बैठक में पुलिस विभाग व प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारी गण, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, श्रम विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारीगण, अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के अलावा उद्यमी संगठन के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अटटा गुजरान व गुनपुरा में उपजिलाधिकारी, सदर, से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 865/रीडर दिनांक 09.01.2024 व मृतक स्व0 श्रीमती जयवती पत्नी स्व0 पेमा नि0 ग्राम 519 राजीव कालोनी सै0-56ए बल्लबगढ जिला फरीदाबाद के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| अटटा गुजरान | 384 | स्व0 श्रीमती जयवती पत्नी स्व0 पेमा नि0 ग्राम-519 राजीव कालोनी सैक्टर-56ए बल्लबगढ जिला फरीदाबाद | श्रीमती पिंकी विवाहित | पुत्री | 31 वर्ष |
| | | | श्रीमती मनीषा विवाहित | पुत्री | 29 वर्ष |
| | | | श्रीमती अन्जू विवाहित | पुत्री | 30 वर्ष |
| गुनपुरा | 15 | | श्रीमती नेहा विवाहित | पुत्री | 28 वर्ष |
| | | | मनोज | पुत्र | 23 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उपजिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 444 448 | स्व0 भागमल पुत्र स्व0 प्रहलाद नि0 मिल्क माजरा धनौरी परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री सुभाष | पुत्र |
| | | | श्री रामवीर | पुत्र |
| | | | श्री चमन | पुत्र |
| | | | श्रीमती सतपाली | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती राकेश देवी | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती पुष्पा देवी | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमी शिम्मल | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 24 जनवरी 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

# न्याय यात्रा में अवरोध के निहितार्थ

14 जनवरी को मणिपुर से प्रारम्भ हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को जिस प्रकार से उत्तर-पूर्व के सबसे बड़े राज्य असम में रोकने की कोशिशें हो रही हैं, वह पूरी तरह से गैर लोकतांत्रिक तो है परन्तु उनसे अन्य महत्वपूर्ण संकेत मिल रहे हैं। देश के 15 राज्यों से होती हुई 6700 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा मुम्बई में 20 मार्च को खत्म होगी। यह 'हाई ब्रीड' यात्रा कही जा रही है जिसमें राहुल कुछ फासला अपने वाहन से तय करेंगे जो इस काम के लिये विशेष रूप से निर्मित किया गया है और कुछ पैदल।

यह सभी को याद है कि इसके पहले राहुल सितम्बर, 2022 में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से श्रीनगर तक का पैदल मार्च कर चुके हैं जो 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त हुआ था। पिछली यात्रा को ध्यान में लाने का मकसद यह है कि उस लगभग 3200 किमी की यात्रा में किसी भी सरकार द्वारा कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं किया गया था। यहां तक कि केन्द्र सरकार की ओर से भी नहीं। भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने अवश्य ही उन पर फ़ब्तियां कसी थीं या गैरज़रूरी किस्म के बयान दिये थे जिनका उद्देश्य कांग्रेस का मनोबल गिराना था। हां, जम्मू में एकाध जगह पर राहुल की सुरक्षा सम्बन्धी कुछ प्रश्न खड़े हुए थे जिसमें स्थानीय प्रशासन ने इसके पहले कि कोई अनहोनी हो जाये, सुधार कर लिया था। इस बार की यात्रा अभी तक 10 दिनों की हो चुकी है। फिलहाल वह उत्तर-पूर्व में ही है।

मणिपुर के बाद वह नगालैंड होती हुई असम पहुंची, फिर अरूणाचल प्रदेश गयी। वहां एक दिन रहकर राहुल ने फिर से असम में प्रवेश किया। यहां वे 25 तक रहेंगे तत्पश्चात उनकी यात्रा मेघालय जा रही है। पहली बार जब राहुल 19 जनवरी को गुवाहाटी पहुंचे, तो उन्होंने अपने भाषण में राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट सीएम बतलाते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है। इससे बौखलाये हिमंता ने राहुल को चुनौती दे डाली कि वे शहर के भीतर से अपनी यात्रा न निकालें। अगर राहुल ने ऐसा किया तो उनके खिलाफ सीधे मामला दर्ज होगा और चुनाव के बाद गिरफ्तारी होगी। यह टकराव बढ़ गया जब 22 जनवरी को उन्हें नगांव के शंकरदेव मंदिर जाने से रोक दिया गया। वे सड़क पर ही बैठ गये। कांग्रेस के केवल दो नेताओं को ही जाने की अनुमति मिली। स्थिति और भी खराब हो गई जब रविवार को उनके काफिले पर हमला हुआ और यात्रा सम्बन्धी पोस्टर फाड़ दिये गये। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश की कार पर भी हमले हुए तथा वहां के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को चोटें आईं। मामला मंगलवार को अधिक बिगड़ गया जब न्याय यात्रा को गुवाहाटी में रोकने के लिये पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। इसे हटाकर जब कांग्रेसी आगे बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया। इतना ही नहीं, राहुल के खिलाफ एफआईआर करने के आदेश भी श्री बिस्वासरमा ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को दिये हैं। पुलिस के अनुसार काम का दिन होने के कारण यात्रा को शहर के भीतर से जाने के लिये मना किया गया था क्योंकि इससे शहर का यातायात प्रभावित होता। इस पर कांग्रेस का कहना है कि जब उसी रास्ते से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली निकल सकती है और बजरंग दल वाले जुलूस ले जा सकते हैं तो उन्हें अनुमति देने में क्या दिक्कत है।

ये सारी कार्रवाइयां बतला रही हैं कि भारतीय जनता पार्टी की न केवल असम की वरन केन्द्र सरकार भी यात्रा से घबराई हुई है। हिमंता एवं उनका परिवार शारदा चिट फंड घोटाले में फंसे हुए बताये जाते हैं इसलिये वे पूरी तरह से भाजपा व केन्द्र के रहमो-करम पर हैं। उन्होंने कांग्रेस में 15 वर्ष बिताए थे और जब उन पर सीबीआई का शिकंजा कसा, तो वे भाजपा में चले गये। केन्द्र के आदेशों का पालन करना उनकी मजबूरी है। साथ ही वे पूरे उत्तर-पूर्वी राज्यों के विकास हेतु बने नॉर्थ ईस्ट डेवलपमेंट एजेंसी (नेडा) के अध्यक्ष भी हैं। जिस प्रकार से राहुल की स्वीकार्यता एवं लोकप्रियता इस क्षेत्र में बढ़ी है, उससे भाजपा व खुद हिमंता को अपनी जमीन खिसकती हुई दिख रही है। उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चिंता है कि उनके राज्य समेत पूरे उत्तर-पूर्व भारत में यदि भाजपा का प्रदर्शन ठीक न रहा तो उसका ठीकरा उन्हीं के सिर पर फोड़ा जायेगा। उनका मुख्यमंत्री का पद जायेगा, सो अलग। इसलिये वे आक्रामकता एवं अतिरिक्त स्वामिभक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं।

हिमंता यात्रा की राह में आने वाले उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी राह दिखलाने की कोशिश कर रहे हैं जिनमें भाजपा की सरकारें हैं। इनमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि हैं जहां के मुख्यमंत्री हिमंता का अनुसरण करने की भूल कर सकते हैं। 'भूल' इसलिये, क्योंकि हिमंता के उठाये कदमों से राहुल एवं न्याय यात्रा को लाभ ही पहुंचता हुआ दिख रहा है। खुद राहुल ने मंगलवार को अपनी मीडिया कांफ्रेंस में स्वीकार किया कि उन्हें तो प्रचार का फायदा मिल रहा है इसलिये वे चाहते हैं कि हिमंता इस प्रकार की कार्रवाइयां करते रहें। राहुल की न्याय यात्रा गंतव्य से अभी मीलों दूर है परन्तु इस बार जो हमले उन पर हो रहे हैं उससे साफ है कि लोग उनसे प्रभावित हो रहे हैं जिसका फायदा कांग्रेस सहित संयुक्त प्रतिपक्ष यानी 'इंडिया' को मिल सकता है।

# दो मंदिरों के बीच में फंसा भारतीय लोकतंत्र

सोमवार को जब अयोध्या में पूरे तामझाम के साथ और देश के सबसे ताकतवर लोगों की मौजूदगी में राममंदिर में बालस्वरूप श्रीराम का बहुप्रतीक्षित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा था, उसी वक्त वहां से तकरीबन डेढ़ हजार किलोमीटर दूर असम के नगांव जिले में स्थित बोदर्वा थान में प्रसिद्ध शंकरदेव के मंदिर में जाने से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को रोक दिया गया। खुद मोदी के द्वारा निश्चित उद्देश्यों के तहत बनवाये गये इस मंदिर में कहने को तो वे रामजन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट की तरफ से पहले 'प्रमुख यजमान' के रूप में और बाद में विवाद उठने पर 'प्रतीकात्मक यजमान' के तौर पर शामिल हुए। जैसी कि हालिया दौर में परिपाटी चल पड़ी है, मोदी के रहते कोई भी न तो मुख्य अतिथि हो सकता है और न ही समारोह के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर शिरकत कर सकता है। ऐसा ही हुआ। इसके विपरीत, राहुल को शंकरदेव मंदिर के संचालकों ने बाकायदे आमंत्रित किया था। उन्हें मंदिर के कुछ पहले एक स्थान पर रोक दिया गया। पिछले कुछ समय से राजनीति और धर्म के बीच फंसा भारतीय लोकतंत्र लगता है अब दो मंदिरों के बीच फंसकर रह गया है- राममंदिर और शंकरदेव मंदिर। इन दोनों मंदिरों के 22 जनवरी के मंजर बतला रहे हैं कि लोकतंत्र किस स्थिति में पहुंचा दिया गया है।

रामजन्मभूमि मंदिर के चलते न सिर्फ देश की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है बल्कि उसके चलते देश का सामाजिक ताना-बाना जिस तरह से बिखरा है, देश उसका भी साक्षी रहा है। कहा जाता है कि 1528 में मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर के एक सेनापति मीर बाकी द्वारा राममंदिर को ध्वस्त कर यहां मस्जिद बनवाई गई थी। इसमें 1947 तक नमाज़ आदा की जाती रही। बाद में इसके मैदान पर हिन्दू कट्टरपंथी दावे करते रहे। यह विवाद परवान चढ़ा 25 सितम्बर, 1990 को जब भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी सोमनाथ (गुजरात) से रथ पर सवार होकर निकले थे। रास्ते में उन्हें बिहार में लालू प्रसाद यादव ने गिरफ्तार करवा दिया। विश्व हिन्दू परिषद के सहयोग से निकली यात्रा का भाजपा 1991 के चुनाव में इसलिये फायदा नहीं उठा पाई क्योंकि चुनाव प्रचार के दोनों चरणों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हो गई और कांग्रेस फिर से सत्ता में आ गई। अलबत्ता भाजपा पहले के मुकाबले काफी मजबूत हुई। लाभ मिला 1996 में। पहले 13 दिनों की, फिर 13 महीने की और अंतत: 1998 में 5 साल के लिए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में उसकी सरकार केन्द्र में बनी। 'शाइनिंग इंडिया' के नारे पर लड़ा गया 2004 का आम चुनाव भाजपा-वाजपेयी को जीता न सका। 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस लौट आई। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में वह केन्द्र पर आसीन रही।

2014 को पीएम बने मोदी पहले दिन से जान गये थे कि जमीनी मुद्दों पर चुनाव लड़ना और जीतना भाजपा के बस की बात नहीं है। उन्होंने दस साल (दो कार्यकाल) के दौरान भावनात्मक मुद्दों को सघन करने का काम किया। भाजपा ने पहला चुनाव तो पिछली सरकार पर आरोप लगाकर जीता, तो वहीं दूसरा (2019 का) लोकसभा चुनाव बालाकोट व पुलवामा के नाम पर जीता। लेकिन मोदी जान गये थे कि 2024 का चुनाव जीतना आसान नहीं। इसलिये आनन-फानन में सुप्रीम कोर्ट से आदेश पाकर रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का कार्य पूरा किया गया। हिन्दू समाज की ओर से ही कहा गया कि 22 जनवरी किसी मंगल कार्य के लिये उपयुक्त नहीं है। रामलला की दृष्टि से रामनवमी को आदर्श माना गया परन्तु भाजपा की चुनावी प्रचार सम्बन्धी ज़रूरतों के लिहाज से ऐसा करने से इतनी देर हो जाती कि इस परिघटना का सियासी लाभ लेने की कोई गुंजाइश ही न बचती। यहां तक कि सर्वोच्च धर्मगुरु कहे जाने वाले शंकराचार्यों द्वारा तक आपत्तियां जताई गईं कि राममंदिर अभी अपूर्ण है। ऐसे में उसमें प्राण-प्रतिष्ठा शास्त्रानुकूल नहीं है। मोदी के वैवाहिक दर्जे के सन्दर्भ में भी उन्हें इस विधि के अनुकूल नहीं पाया गया। इससे परेशान ट्रस्ट ने थोड़ा रद्दोबदल करते हुए अपने एक ट्रस्टी अनिल मिश्रा एवं उनकी पत्नी को मुख्य यजमान बना दिया।

मोदी जी प्रतीकात्मक यजमान तो बने लेकिन मंगलवार के अखबार बतलाते हैं कि प्रतीकात्मक यजमान ही मुख्य यजमान थे और उनके अलावा कैमरे की जद में और कोई भी नहीं था। शंकराचार्यों की नाराजगी और व्यापक तौर पर यह मान लिये जाने के बावजूद, कि राममंदिर का उद्घाटन शास्त्रसम्मत नहीं है, हुआ मोदी के ही हाथों। होना ही था। देश की जानी-मानी हस्तियां अयोध्या में थीं। वह वर्ग नहीं था जिसके उत्थान की बात रामराज्य के जरिये होने के दावे किये जाते हैं।

अयोध्या के राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भाजपा-संघ के लोगों की अपेक्षा अगर अन्य मस्जिदों के स्थान पर मंदिर बनाने की होती है तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये। वैसे भी 'अयोध्या तो झांकी है, काशी मथुरा बाकी है' का नारा तभी से चल रहा है जब 90 के दशक की शुरुआत में रामजन्मभूमि आंदोलन प्रारम्भ हुआ था।

खैर, अब दूसरे मंदिर की बात की जाये। राममंदिर का सीधा सम्बन्ध सनातनी परम्परा का है तो वहीं जिस शंकरदेव के मंदिर में जाने से राहुल गांधी को रोका गया; और दर्शन की मांग को लेकर बीच सड़क पर उन्हें धरना देना पड़ा, वह 15वीं सदी के महान संत का है जिन्हें नव वैष्णव धर्म का प्रवर्तक माना जाता है। उनका अध्यात्म के अलावा साहित्य व कला के क्षेत्रों में भी योगदान माना गया है। सामाजिक सौहार्द्र के लिये काम करने वाले शंकरदेव को इस मायने में भी एक महान समन्वयक कहा जाता है कि उन्होंने उत्तर भारत के कई संतों से मुलाकातें की थीं। राममंदिर का समारोह सनातन के जरिये अपनी राजनीति का विस्तार करने के लिये था तो शंकरदेव में राहुल के जाने की कोशिश समाज में नफ़रत खत्म कर सामंजस्य स्थापित करने की है। जिस समावेशी संस्कृति के लिये आज भारत तरस रहा है, वह तो शंकरदेव जैसे संतों की वाणी व प्रभाव से पाई जा सकती है। इसे ही ध्यान में रखकर राहुल ने कन्याकुमारी (7 सितम्बर, 2022 को शुरुआत) से श्रीनगर (समाप्त- 30 जनवरी, 2023) तक की पैदल यात्रा की थी, जिसे 'भारत जोड़ो यात्रा' का नाम दिया गया था। 14 जनवरी को इसका दूसरा चरण प्रारम्भ हुआ है जिसका समापन 20 मार्च, 2024 को मुम्बई में होगा। इस बार इसे 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का नाम मिला है। चूंकि अब लोकसभा के चुनाव नज़दीक है और भाजपा के समक्ष 'इंडिया' गठबन्धन के रूप में सामूहिक चुनौती है, उनके मार्ग में व्यवधान उत्पन्न किये जा रहे हैं। पहले मणिपुर में उनकी यात्रा के शुरू होने का स्थान प्रशासन ने बदला, फिर असम आने पर उन्हें मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने गिरफ्तार करने की चेतावनी दे दी। अब शंकरदेव मंदिर जाने से उन्हें रोकना बतलाता है कि मोदी का मंदिर-प्रेम केवल चुनावी प्रचार का हिस्सा है। दो मंदिरों के बीच भारत का लोकतंत्र कैसे फंसा हुआ है, 22 जनवरी का घटनाक्रम साफ तौर पर यही अभिव्यक्त करता है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**



डॉ. दीपक पाचपोर

> **राममंदिर का सीधा सम्बन्ध सनातनी परम्परा का है तो वहीं जिस शंकरदेव के मंदिर में जाने से राहुल गांधी को रोका गया; और दर्शन की मांग को लेकर बीच सड़क पर उन्हें धरना देना पड़ा, वह 15वीं सदी के महान संत का है जिन्हें नव वैष्णव धर्म का प्रवर्तक माना जाता है। उनका अध्यात्म के अलावा साहित्य व कला के क्षेत्रों में भी योगदान माना गया है। सामाजिक सौहार्द्र के लिये काम करने वाले शंकरदेव को इस मायने में भी एक महान समन्वयक कहा जाता है।**

# जनसंख्या नियंत्रण नीति से डरे हुए हैं असम में अल्पसंख्यक

■ आशीष विश्वास

यह बहस का विषय बना हुआ है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं या नहीं, जैसा कि शीर्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है। अभी जिस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है, वह है श्री शर्मा द्वारा उन नीतियों को आगे बढ़ाना जिस उनके राजनीतिक विरोधी संपूर्ण 'हिंदुत्व' एजेंडा कहते हैं।

कुछ आलोचक इससे भी आगे बढ़ते हैं और असम में उनके कुछ हालिया निर्णयों/कदमों में गहरे राजनीतिक उद्देश्य पढ़ते हैं। उन्हें डर है कि स्पष्ट रूप से मुसलमानों को लक्षित करने वाले उनके नवीनतम प्रस्तावों का पूर्वोत्तर के पड़ोसी राज्यों, यहां तक कि पश्चिम बंगाल पर भी, अप्रत्यक्ष रूप से, एक मजबूत प्रभाव पड़ सकता है।

इस तरह की आलोचना पर जोर देने की जरूरत है, परन्तु असम के मुख्यमंत्री जिसकी कोई परवाह नहीं करते। फिर भी उन पर कभी भी किन्हीं मामूली राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पोषित करने का आरोप नहीं लगाया गया है। उत्तर प्रदेश में अपने समकक्ष आदित्यनाथ योगी के साथ, श्री शर्मा उन मुट्ठी भर गतिशील भाजपा नेताओं में अग्रणी बनकर उभरे हैं जिनकी पहुंच और प्रभाव अब उनके मूल क्षेत्रों की सीमाओं से परे भी फैल गया है। दोनों ही मामलों में, उनके प्रभुत्व और सफलता की कुंजी किसी भी राजनीतिक विवाद को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए, कुछ विशिष्ट कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए उनका एक अदम्य उत्साह ही रही है।

भले ही वह 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए जोरदार प्रचार कर रहे हैं और श्री गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रमों को यथासंभव असुविधाजनक बना रहे हैं, असम में अपने राज्य के भीतर वहद्विविवाह/बहुविवाह विवादों और अवैध बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए नये कानून का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहे हैं।

असम स्थित मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि राज्य सरकार नये अधिनियम की घोषणा से पहले फरवरी के बजट सत्र में ही ऐसे मामलों पर गहन चर्चा करना चाहेगी। आधिकारिक राय यह है कि बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ जारी है। कुछ मुस्लिम पुरुषों के बीच एक से अधिक पत्नियाँ रखने की प्रथा नाबालिगों के अवैध विवाह के अलावा, पूरे समाज के लिए समस्याएं पैदा करती है।

ऐसी प्रथाओं पर रोक लगाने के प्रमुख प्रयासों के अभाव में, हाल के वर्षों में राज्य की जनसंख्या में वृद्धि हुई है। अधिक चिंताजनक बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों में कई स्थानों पर जनसांख्यिकीय संतुलन में काफी बदलाव आया है, जिससे कई समुदाय अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

राज्य के अधिकारियों ने ऐसे संवेदनशील मुद्दों से निपटने में पारदर्शी दृष्टिकोण अपनाया है। ऐसे मामलों पर सार्वजनिक चर्चा को प्रोत्साहित करने के लिए सामूहिक सुनवाइयां भी आयोजित की गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसी ही एक सभा में लगभग 150 लोगों ने आधिकारिक रुख का समर्थन किया, जबकि केवल 2-3 लोगों ने इसके खिलाफ बात की। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक अन्य बैठक में कोई विरोध नहीं हुआ। इन रुझानों से प्रतीत होता है कि लोगों के व्यापक वर्गों के बीच आधिकारिक लाइन के प्रति एक स्तर तक समर्थन है।

जैसी कि उम्मीद की जा सकती है, विपक्षी दल और नेता सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रस्तावों को अमानवीय, सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा करते हैं। उन्हें लगता है कि सिर्फ मुसलमानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उनका आरोप है कि असम में विभिन्न विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के क्षेत्रों और सरेखण को फिर से परिभाषित करने वाले हालिया परिसीमन अभ्यास में, प्रशासन के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये गये थे कि विपक्षी दलों को नुकसान हो, और कहा जा रहा है कि 126 विधानसभा सीटों में से 100 पर ऐसी व्यवस्था की गई है।

इसलिए, कांग्रेस और एआईयूडीएफ नेताओं (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिकफ्रंट) के अनुसार, लगातार बढ़ती आबादी के माध्यम से असम में विदेशी मुसलमानों की घुसपैठ की बड़े पैमाने पर 'कल्पित समस्या' को पहले ही आधिकारिक तौर पर संभाल लिया गया था, जैसा कि श्री शर्मा ने खुद कुछ मौकों पर खुले तौर पर स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 'लाखों घुसपैठियों' का पता लगाने और उन्हें बाहर निकालने के लिए पिछली एनआरसी पहल, जिसे विपक्ष ने विनाशकारी कहा था, सहित बार-बार आधिकारिक पूछताछ और अभियान चलाये गये।

जैसा कि अपेक्षित था, एआईयूडीएफ की प्रतिक्रिया इस मुद्दे पर, साथ ही प्रशासन द्वारा संभाले गये अधिकांश अल्पसंख्यक-संबंधी मामलों पर सबसे अधिक नकारात्मक रही है। सांसद और एआईयूडीएफ सुप्रीमो बदरुद्दीन अजमल कहते हैं, 'असम में मुसलमान भाजपा से नहीं के बराबर मदद और सुरक्षा की उम्मीद कर सकते हैं, खासकर शर्मा के कार्यकाल के दौरान।'

निश्चित रूप से श्री शर्मा ने इसका जोरदार विरोध किया है, जो मूल असमिया भाषी मुसलमानों और बंगाली भाषी बांग्लादेशी अप्रवासी मुसलमानों (स्थानीय बोलचाल में 'मियां') के बीच स्पष्ट अंतर बनाये रखने में हमेशा सावधान रहे हैं।

पर्यवेक्षकों के अनुसार, यह मुसलमानों का दूसरा वर्ग है जो आम तौर पर राज्य प्रशासन या प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक ताकतों/पार्टियों से कथित तौर पर कठोर व्यवहार का शिकार होता रहा है।

सुस्मिता देव, जो हाल ही में कांग्रेस से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हुईं, ने भी संबंधित मुद्दे पर प्रशासन के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अवैध बांग्लादेशियों को अलग-थलग करने और मताधिकार से वंचित करने के लिए हाल ही में रोक दिये गये एनआरसी अभियानों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 20 लाख लोगों ने अपनी कुछ बुनियादी मानवीय सुविधाएं खो दी हैं।

ये वे लोग थे जिनकी नागरिकता की स्थिति एनआरसी अधिकारियों द्वारा अपरिभाषित/संदिग्ध छोड़ दी गई थी। भाजपा के अधीन न तो राज्य सरकार और न ही केंद्र सरकार ने अपनी वर्तमान स्थिति को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से फिर से परिभाषित करने की परवाह की।

विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि अधर में लटके हुए ये जाहिरा तौर पर राज्यविहीन लोग, जिनमें ज्यादातर हिंदू हैं, अब कई मामलों पर आधिकारिक मदद पाने के हकदार नहीं हैं।

> **कांग्रेस और एआईयूडीएफ नेताओं (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिकफ्रंट) के अनुसार, लगातार बढ़ती आबादी के माध्यम से असम में विदेशी मुसलमानों की घुसपैठ की बड़े पैमाने पर 'कल्पित समस्या' को पहले ही आधिकारिक तौर पर संभाल लिया गया था, जैसा कि श्री शर्मा ने खुद कुछ मौकों पर खुले तौर पर स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 'लाखों घुसपैठियों' का पता लगाने और उन्हें बाहर निकालने के लिए पिछली एनआरसी पहल, जिसे विपक्ष ने विनाशकारी कहा था।**

## पावन प्रसंग

# अंतर्मुखी बनें

अंतर्मुखी होने के लिए यह आवश्यक है कि मन का फैलाव जो बाहर बिखरा पड़ा है, उसे समेटा जाए। यदि दृष्टि बाहर ही घूमती रही तो जलवायु को, खाद्य पदार्थों को, स्वास्थ्य संकट को कारण मानते रहने के अतिरिक्त और कोई बात न सूझेगी, पर जब अंतर्मुखी हुआ जाएगा, तब चोर पकड़ा जा सकेगा कि असंयम बरतने के कारण अस्वस्थता है। यदि जलवायु कारण होता तो उस क्षेत्र में रहने वाले सभी बीमार हो जाना चाहिए था। उपचार चिकित्सा के हाथ नहीं अपने हाथ में है। नई परिस्थितियों के अनुरूप अपना रहन-सहन नए ढंग से बदल लिया जाए तो बिगड़ी बात बनने में देर नहीं लगती। पर यह सूझ-बूझ उत्पन्न तभी होगी, जब आत्मनिरीक्षण किया जाए और परिस्थितिं के साथ तालमेल न बिठा पाने के अपने दोष को समझा व सुधारा जा सकता है।

ध्यान लगने का प्रथम उपाय यह है कि उतने समय के लिए बाहर की वस्तुओं और व्यक्तियों, से ध्यान हटाकर हम अपने भीतर केंद्रित हों और सुधारने की आवश्यकता समझें, व्यवस्था बनाएं। दृश्यों में तल्लीन रहने की अपेक्षा हमें उस कल्पनाशक्ति को प्रखर करना चाहिए, जो अंतर्मुखी होने पर विकसित होती है।

खोई वस्तु को ढूंढने का एक ही तरीका है-ध्यान। जेब में सवेरे चले थे, तब पचास रुपए थे किंतु रात को जेब पर हाथ गया तो देखा कि जेब खाली है। चिंता हुई और हो-हल्ला मचा। किसने रुपए निकाले? किसने चोरी की? उत्तेजित और अशात मन किसी पर दोषारोपण करने के अतिरिक्त और कुछ कर ही नहीं सकता। पर जब चित्त शांत हुआ, तब याद किया कि सवेरे से लेकर किन-किन से भेंट हुई और कब कहां रुपयों की आवश्यकता हुई। सवेरे से शाम तक का तारतम्य मिलाया को याद आया कि मकान मालिक रास्ते में मिला था। उसने किराया.मांहा तो जेब में रखे पचास रुपए निकालकर उसे दे दिए थे। चिंता का समाधान हो गया एक बार छाता लेकर चलना था। देखा तो वर खूंटी पर नहीं था। चिंता हुई, सभी से पूछा। बच्चों को डांटा, पर चिंता शांत नहीं हुई। सोचा कि कल कहां कहां गए थे और कहां तक छाता साथ रहा? कहीं छूट तो नहीं गया। याद आया कि दोस्त के घर गए थे, वहीं किवाड़ की खूंटी पर छाता टांगा था, पीछे चले तो शाम हो गई। छाते की जरूरत नहीं रही सो याद भी भूल गई संभवत: वहीं रह गया हो। दोस्त के यहां पहुंचे तो उसने जाते ही कहा- कल छाता तो यहीं छोड़ गए थे। बड़े भुलक्कड़ हो। छाता मिल गया और सवेरे घर पर जो समस्या हैरान कर रही थी, उसका समाधान हो गया।

इसे कहते हैं- अंतर्मुखी होना। मन की, आंखों की बनावट ऐसी है, जिसमें बाहर की वस्तुएं ही दीखती हैं। बाहर से भी सिकुड़कर सामने ही केंद्रित रहती हैं। फोड़ा उठता है तो दीखता है। अपच में क्या हानि हो सकती है, यह समझ मं नहीं आता, क्योंकि पेट का भारीपन प्रत्यक्ष नहीं है। सच बात यह है कि प्रत्यक्ष की उत्पत्ति परोक्ष में होती है। जो भीतर है, वही उबलकर बाहर आता है और जब उस उफान का स्वरूप सामने आता है तब प्रतीत होता है कि समय से पहले ध्यान तेने की बात याद ही नहीं रही। नशेबाजों से लेकर आलसी-प्रमादी तक अनगढ़ लोग ऐसा ही भूलें करते रहते हैं। ताला खुला छोड़ देने पर ऐसी ही भूलें करते रहते हैं। तब अफसोस करने के आलावा कुछ शेष नहीं रहता। होना यह चाहिए कि हम सर्वथा बहिर्मुखी न रहे। प्रत्यक्ष भर को देखने वाले नरपशु कहलाते हैं। परोक्ष को देखने के लिए अंतर्मुखी होना चाहिए और ज्ञान चक्षुओं में यह भीतर का परोक्ष निरीक्षण सतत करना चाहिए। शरीर के भीतर क्या व्यथा है? इसे चिकित्सक बताएं, इससे पूर्व अंग-अवयवों की स्थिति पर ध्यान देकर स्वयं अधिक अच्छी तरह जाना जा सकता है और जिस भूल के कारण संकट उत्पन्न होने जा रहा था, उसे समय रहते रोका जा सकता है। यही बात स्वभाव के बारे में है। अपना स्वभाव क्रोधी, कटुभाषण करने का है। इस बात को दूसरे लोग कहें तो बुरा लगेगा, किंतु वह विद्वेष तो बढ़ता ही रहेगा जो आवेश के कारण उत्पन्न होता ही रहता है। आए दिन की इस कठिनाई से बचने का एक ही तरीका है कि आत्मनिरीक्षण किया जाए और जो बुरी आदत पड़ गई है,उसे छुड़ाया जाए, पर यह हो तभी सकता है, जब अंतर्मुखी होना सीखा जाए। ध्यानयोग की साधना अंतर्मुखी होने से आरंभ होती है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# लैंगिक भेदभाव के बीच शिक्षा के लिए संघर्ष करती किशोरियां

आज़ादी के 76 साल बाद भी हमारे देश की हज़ारों महिलाओं और किशोरियों को लिंग आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ता है। खास कर दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रो में महिलाओं और किशोरियों के साथ लैंगिक भेदभाव अब भी हावी है। यह केवल घर और समज में ही नहीं, बल्कि स्कूलों में भी साफ़ तौर पर नज़र आता है। खुद शिक्षकों द्वारा लड़कों को गणित और विज्ञान पढ़ने जबकि लड़कियों को होम साइंस विषय लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। उनके द्वारा कहा जाता है कि 'साइंस पढ़कर वह कौन सा अफसर बन जाएंगी? होम साइंस लेकर खाना बनाना सीखेंगी तो ससुराल में उनका सम्मान बढ़ेगा।' यह शब्द न केवल किशोरियों के सपनों को बल्कि उनके हौसलों को भी तोड़ देता है। दरअसल लड़कियों के स्कूल जाने से बालिका शिक्षा में भले ही सुधार हो रहा है. लेकिन सामाजिक कुरीतियों, रूढ़िवादिता और पुरुषवादी सोच के कारण लैंगिक असमानता में सुधार होता भविष्य के लिए नहीं दिख रहा है।

महिला और पुरुष साक्षरता की दर में एक बड़ा अंतर है. जहां 40 प्रतिशत पुरुष साक्षर हैं वहीं महिलाओं में साक्षरता की दर मात्र 20 प्रतिशत दर्ज की गई है। यह अंतर न केवल सामाजिक परिवेश बल्कि जागरूकता में भी नज़र आता है। जहां महिलाएं अपने छोटे-छोटे अधिकारों से भी परिचित नहीं हैं। यहां किशोरियों को बहुत कम उम्र में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जैसे लिंग भेदभाव, बाल विवाह, छोटी उम्र में गर्भधारण हो जाना, यौन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा आदि प्रमुख हैं। कम उम्र में विवाहित युवा लड़कियो से निश्चित मानकों और व्यवहारों का पालन करने की उम्मीद की जाती है और ऐसा नहीं करने पर उसे मानसिक अत्याचारों से गुज़रना पड़ता है। जो केवल समाज द्वारा ही नहीं बल्कि घर के अंदर भी होता है।

एक तरफ सरकार की ओर से महिला शिक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े कई प्रयास किये जा रहे हैं। पंचायत में महिलाओं के लिए सीटें भी आरक्षित की जाती हैं। जिस पर महिला सरपंच या प्रधान निर्वाचित होती हैं लेकिन दूसरी ओर पितृसत्तात्मक समाज पर आधारित इस गांव की संरचना में पुरुष ही अंतिम फैसला लेने का अधिकारी होता है। यही कारण है कि गांव में आज भी महिलाओं को उच्च शिक्षा या अधिकार देने की सोच बहुत संकुचित है। 49 वर्षीय प्रकाश चंद्र जोशी किशोरी शिक्षा का खुलकर विरोध तो नहीं करते हैं लेकिन वह महिलाओं द्वारा किसी भी प्रकार की नौकरी या उनके अधिकारों की सख्त आलोचना करने से भी गुरेज़ नहीं करते हैं। वह कहते हैं कि 'लड़कियों को कितना पढ़ना चाहिए यह समाज निर्धारित करे, लेकिन मेरे विचार में लड़कियों और महिलाओं को सिर्फ घर का काम करना चाहिए, क्योंकि उन्हें यही शोभा देती है। आखिर उन्हें शिक्षा की क्या आवश्यकता है? अगर महिलाएं घर में रहकर काम करेंगी तो हमारी संस्कृति और पहाड़ों का रहन सहन बना रहेगा। सरकार को ज़्यादा सपोट पुरुषों को करनी चाहिए क्योंकि नौकरी उन्हें करनी है।'

ऐसी संकुचित सोच का असर नई पीढ़ी को कितना प्रभावित कर रहा है, यह ज़मीनी हकीकत से पता चलता है। हालांकि अच्छी बात यह है कि नई पीढ़ी की किशोरियां इसके खिलाफ बोलने का साहस भी जुटा रही हैं। वह लैंगिक भेदभाव को बखूबी समझ रही हैं।

**महिमा जोशी, कपकोट, उत्तराखंड**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## वियतनाम में बस दुर्घटना, तीन लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम के मध्य दा नांग शहर से गुजरने वाले राजमार्ग पर बस के खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। वियतनाम समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना सोमवार की रात उस समय हुई, जब बस डाक लाक-थुआ थिएन ह्यू मार्ग से गुजर रही थी। इसी दौरान बस खाई अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। घटना के वक्त मूसालाधार बारिश भी हो रही थी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गाजा में एक ही हमले में 21 इजरायली सैनिकों की मौत

### युद्ध में इजरायली सैनिकों की मौत की सबसे बड़ी संख्या

### इजरायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने दी जानकारी



**येरूशलम,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य गाजा में एक हमले में इजरायली सेना के 21 सैनिक मारे गये हैं। यह 109 दिन से चल रहे युद्ध में इजरायली सैनिकों की मौत की सबसे बड़ी संख्या है। इजरायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने मंगलवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सोमवार को सैनिक दो इमारतों को ध्वस्त करने के लिए विस्फोटक तैयार कर रहे थे। इसी दौरान आतंकवादियों ने सोमवार को पास के टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागे, जिससे समय से पहले विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण इमारतें ढह गयीं और उनके अंदर या आसपास मौजूद सभी सैनिक मारे गये।

सेना ने एक बयान में बताया कि मृतकों में 22 से 37 वर्ष की उम्र के रिजर्व सैनिक हैं। यह घटना सात अक्टूबर को गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध की शुरुआत के बाद से इजरायली सेना पर सबसे घातक एकल हमला है।

## इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25,490 पहुंची



**गाजा।** गाजा पट्टी पर हो रहे इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25,490 हो गयी है। हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में इजरायली सेना ने 195 फिलिस्तीनियों को मार दिया एवं 354 को घायल कर दिया है। मंत्रालय ने कहा कई पीड़ित अभी भी मलबे में दबे हुए है और एम्बुलेंस एवं नागरिक सुरक्षा दल वहां तक नहीं पहुंच पा रहे है। बयान में कहा गया है कि सोमवार को इजरायली सेना ने दक्षिणी खान यूनिस शहर पर अपने हमले तेज कर दिए और चिकित्सा केन्द्रों पर हमला कर कई नागरिकों को मार दिया। यह क्षेत्र में अब तक की सबसे भीषण लड़ाई बन गयी। इस बीच, इजरायली सेना को सोमवार को सबसे घातक एकल हमले का सामना करना पड़ा, जिसमें मध्य गाजा में 21 सैनिक मारे गए। आधिकारिक इज़रायली आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़रायली समुदायों पर हमास के हमले के बाद, युद्ध छेड़ने के बाद से कुल 219 इज़रायली सैनिक मारे गए हैं। हमले में लगभग 1,200 इज़रायली नागरिक मारे गए थे और 200 से अधिक को बंधक बनाकर गाजा ले जाया गया।

## न्यू हैम्पशायर में हुए मतदान से ट्रंप हेली के बीच टकराव की स्थिति

**डिक्सविले नॉच,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। वर्ष 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के तहत न्यू हैम्पशायर प्राइमरी मतदान मंगलवार को डिक्सविले नॉच के दूरदराज के समुदाय में पहले मतपत्रों के साथ शुरू हुआ जिसमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पूर्व अमेरिकी डेमोक्रेट निक्की हेली के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गयी। पिछले सप्ताह आयोवा रिपब्लिकन कॉकस चुनाव नें आसानी से जीत हासिल करने वाले श्री ट्रम्प



को संयुक्त राष्ट्र में राजदूत रहीं दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली से न्यू हैम्पशायर में नज़दीकी से देखे गए प्रदर्शन में कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

न्यू हैम्पशायर के उत्तरी भाग में स्थित और कनाडाई सीमा के करीब स्थित डिक्सविले नॉच में केवल छह पंजीकृत मतदाता हैं और उन सभी ने दशकों पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए आधी रात के बाद मतदान किया। राज्य में अन्य पोल दिन में घंटों बाद खुलेंगे और शाम को बंद हो जाएंगे। वाशिंगटन पोस्ट-मॉनमाउथ विश्वविद्यालय के एक नए सर्वेक्षण में पाया गया कि न्यू हैम्पशायर में 52 प्रतिशत संभावित प्राथमिक मतदाता श्री ट्रंप का समर्थन करते हैं जबकि सुश्री हेली का 34 प्रतिशत समर्थन करते हैं। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस आठ प्रतिशत पर हैं। रविवार को अपने अभियान को निलंबित करने और श्री ट्रंप का समर्थन करने की डेसेंटिस की घोषणा से पहले सर्वेक्षण पूरा हो गया था।

## सुडोकू 6446


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | 1 | | | 9 | 5 |
| | 3 | 1 | 8 | | | 7 | | |
| 5 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | | | 8 | 9 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 2 | 9 | | | 6 | | |
| | | | | 7 | | | | 9 |
| | | 9 | | | 4 | 3 | 2 | |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6446



**बायें से दायें:-**

१. गर्भपात
३. ऊटपटांग, बेढंगा
५. भवन-निर्माण, अंत:पुर का रक्षक
६. बचकर किनारे से निकलना, कतराना (मुहावरा
७. भर्त्सना करना
९. सहृदय, संवेदनशील संजीदा
१०. अफवाह, किंवदंती
१२. जल, पानी
१३. लोहे, लकड़ी आदि का चूरा
१४. जिसे अधिकार मिला हो, अधिकार संपन्न
१६. वायु, हवा
१८. भीतर
२०. सब कुछ जानने वाला परमेश्वर
२१. व्यापार (उर्दू)
२३. उसी समय का, तुरंत होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. अधीरता, उत्कंठा, अत्यधिक इच्छा
२. एक हीस मय में हो या रहने वाला सम सामयिक
३. बहुत ज्यादा, प्रचुर
४. पारिश्रमिक
५. जगह की कमी
८. नाटक करने या लिखने वाला
१०. समुद्र
११. चांदी
१२. खिन्न, भावहृदय
१३. ऊंचा (उर्दू)
१४. नाराज, नाखुश
१५. आभार, उपकार मानने का भाव
१६. स्तंभ, स्तंभ रूप में बनी इमारत (उर्दू)
१८. करसम्पुट
१९. कामदेव की पत्नी
२२. गरम, उष्ण, तपा हुआ

### वर्ग पहेली-6445



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 24 जनवरी, 2024 पौष शुक्ल पक्ष 13**

### राशिफल

मेष -आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है। व्यापार में प्रतियोगी को पछाड़ना मुश्किल होगा। अच्छी और लाभदायक यात्रा की संभावना है।

वृषभ -उलझनपूर्ण मानसिकता के कारण महत्वपूर्ण अवसर खो सकते हैं। नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है। जिद्दी स्वभाव के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है।

मिथुन -आज आप उत्साहित और ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है। स्वादिष्ट भोजन करेंगे और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

कर्क -आपको शारीरिक और मानसिक भय का अनुभव होगा। मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी। माता के स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता हो सकती है।

सिंह -आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

कन्या -नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान- सम्मान बढ़ेगा। सरकारी कामकाज में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला -साहित्य में रुचि रखनेवाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। नए काम की शुरुआत आप कर पाएंगे। किसी लंबे सफर पर या किसी धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है।

वृश्चिक -आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं। आपको समय से भोजन नहीं मिलने की आशंका बनी रहेगी।

धनु -आज का दिन तर्क-वितर्क के लिए अच्छा है। आप किसी भी बात का अनालिसिस अच्छे से कर सकेंगे। प्रवास, मनोरंजन, मित्रों के साथ मुलाकात, स्वादिष्ट भोजन और सुखद चीजों की खरीदारी आपको अधिक आनंदित करेगी।

मकर -व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

कुंभ -आज आपको अपने स्वास्थ्य तथा संतान की चिंता परेशान करेगी। तेजी से विचार बदलने से आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी। किसी भी काम की नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। यात्रा आज स्थगित ही रखें।

मीन -आपके तन-मन में बेचैनी अनुभव होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। मां की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी। किसी काम के पूरा ना होने से आपका उत्साह ठंडा पड़ जाएगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## कनाडा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**ओटावा,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया के उत्तर-पश्चिम में एक निजी हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी है। सीटीवी समाचार प्रसारक ने विमान का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी नॉर्दर्न एस्केप हेली स्कीइंग की ओर से सोमवार रात जारी एक बयान के हवाले से यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, नॉर्दर्न एस्केप पुष्टि कर सकता है कि इसमें तीन मौतें हुई हैं और अतिरिक्त जानकारी मिलने पर विस्तृत ब्योरा प्रदान किया जाएगा। इस समय, नॉर्दर्न एस्केप हेली-स्कीइंग का ध्यान दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगों को सहायता और समर्थन प्रदान करने पर केंद्रित है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं ने प्रसारक को बताया कि तीन एयर एम्बुलेंस और पांच एम्बुलेंस वाहन घटनास्थल पर भेजे गए हैं। प्रसारक ने बताया कि पैरामेडिक्स चार लोगों को गंभीर हालत में टेरेस शहर के मिल्स मेमोरियल अस्पताल ले गये हैं। नॉर्दर्न एस्केप के अध्यक्ष जॉन फॉरेस्ट ने कहा, जो गहरा दुख हमने महसूस किया है और जो दुख हमारे मेहमानों और हमारे कर्मचारियों ने साझा किया है, उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। हमें उम्मीद है कि आप इस बेहद कठिन समय में प्रभावित लोगों की गोपनीयता का सम्मान करेंगे। श्री फॉरेस्ट ने चिकित्साकर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि कंपनी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे अधिकारियों का पूरा सहयोग करेगी।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति ने संसद में बहु-नागरिकता कानून पेश किया



**कीव,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह संसद को एक मसौदा कानून सौंप रहे हैं जो यूक्रेन में एक से अधिक नागरिकता की अनुमति देगा। राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने बताया कि ज़ेलेंस्की ने सोमवार को एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा, यह कानून रूस के नागरिकों को छोड़कर दुनिया भर के सभी जातीय यूक्रेनियन और उनके वंशजों को यूक्रेनी नागरिकता प्राप्त करने की अनुमति देगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यदि नया कानून अपनाया जाता है, तो यूक्रेन छोड़ने वाले लोगों को अपनी यूक्रेनी नागरिकता बहाल करने के लिए प्रवास करने में सक्षम बनाया जाएगा।

## यूक्रेन पर रूस की बमबारी में पांच की मौत

**कीव।** यूक्रेन के खार्किव और कीव पर रूस के हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि रूस ने खार्किव के कीवस्की और साल्टिवस्की जिलों पर मिसाइलों से हमला किया, जिसमें चार लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि रूसी मिसाइल हमले ने एक अपार्टमेंट ब्लॉक को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, लोग मलबे के नीचे हैं। बचावकर्मी और अन्य आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम कर रही हैं। एक स्थानीय बिजली ऑपरेटर, खार्किवोब्लेनर्गो के अनुसार, ऊर्जा कंपनियां घरों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए काम कर रही हैं। कीव में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

## छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने परब नृत्य का प्रदर्शन किया

### भारत लोकतंत्र की जननी' थीम पर बनी छत्तीसगढ़ की झांकी

**नई दिल्ली,** 22 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में आदिम काल से लोकतंत्र की जड़ें विद्यमान हैं जिसकी जीवंत झलक 'भारत लोकतंत्र की जननी' थीम पर बनी छत्तीसगढ़ की झांकी 'बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार' में गणतंत्र दिवस पर नजर आयेगी।





गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर निकलने वाली राज्यों की झांकियों का सोमवार को नयी दिल्ली की राष्ट्रीय रंगशाला में प्रेसप्रीव्यू आयोजित किया गया। 'भारत लोकतंत्र की जननी' थीम पर बनी छत्तीसगढ़ की झांकी ने राष्ट्रीय मीडिया का विशेष ध्यान आकर्षित किया और काफी सराहना भी मिली। इस दौरान झांकी के समक्ष छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने परब नृत्य का प्रदर्शन किया। वहीं मांदर की थाप के साथ बांसुरी की मधुर तान ने आगंतुकों का मन मोह लिया। यह झांकी छत्तीसगढ़ के बस्तर में आदिम काल से मौजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था को परिलक्षित करती है। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के समारोह में शामिल मुरिया दरबार की परंपरा आजादी के 75 साल बाद भी जारी है, जहां जनप्रतिनिधि और आमजन शामिल होकर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हैं। रियासत काल में जहां इसमें राजा शामिल होते थे, वहीं अब मुख्यमंत्री मौजूद होते हैं।मुरिया दरबार में बस्तर में आदिम काल से लेकर अब तक हुए सांस्कृतिक विकास की झलक भी दिखाई देती है। झांकी के सामने के हिस्से में बस्तर के आदिम काल से स्त्री प्रधान जनजातीय समाज को दर्शाया गया है।

## द. कोरिया में आग से 227 दुकानें जलकर खाक

**सोल,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के सेचोन काउंटी में समुद्री उत्पादों के बाजार में आग लगने से 227 दुकानें जलकर खाक हो गईं, हालांकि किसी के हताहत होने की रिपोर्टें नहीं है। योनहाप समाचार एजेंसी ने अग्निशमन अधिकारियों के हवाले से मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक घटना राजधानी सोल से लगभग 170 किमी दक्षिण में सेचोन काउंटी के पारंपरिक समुद्री उत्पाद बाज़ार में सोमवार रात को स्थानीय समयानुसार करीब आठ बजे हुई। तेज़ हवा और बाज़ार में भीड़ के बीच अग्निशामकों को आग बुझाने में कठिनाई होने के बावजूद लगभग नौ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाजार की 292 दुकानों में से 227 जलकर खाक हो गईं, हालांकि आग की लपटें रेस्तरां और कृषि उत्पादों की दुकानों वाली अतिरिक्त इमारत तक नहीं फैलीं। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि उस दौरान बाजार के अंदर कोई नहीं था। अग्निशमन अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 361 अग्निशामकों और 45 दमकल गाड़ियों को भेजा, जबकि काउंटी अधिकारियों ने बाजार के पास के निवासियों को संदेश भेजकर उन्हें जहरीली गैस रिसाव से बचाया।

## आज का इतिहास

1857- भारत के कोलकाता शहर में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता की स्थापना की गई।
1859- 230 मीटर गहराई तक तेल के लिए खोदे गये कुएं से पहली बार तेल निकला।
1862- बुखारेस्ट को रोमानिया की राजधानी बनाया गया।
1877- महान स्वतंत्रता प्रेमी व क्रांतिकारी पुलिन बिहारी दास का जन्म हुआ।
1924- रूस में पेट्रोग्राद का नाम बदलकर लेनिनग्राद कर दिया गया।
1924- स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का जन्म हुआ।
1936- अलबर्ट सैरुएट फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
1943- हिन्दी फिल्मों के एक निर्माता-निर्देशक सुभाष घई का जन्म हुआ।
1950-संविधान सभा ने राजेंद्र प्रसाद को देश का पहला राष्ट्रपति चुना।
1950- जन-गण-मन को भारत के राष्ट्रगान का दर्जा मिला।
1951- प्रेम माथुर भारत की पहली महिला कमर्शियल पायलट बनीं।
1952- बंबई में पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन।
1965 -ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का निधन।
1966- इंदिरा गांधी पहली बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठी थी इसलिए इस दिन को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
1966- प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक तथा देश के परमाणु कार्य्रकम के जनक होमी जहांगीर भाभा का निधन ।
1979- अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।

**जानकारी** — *स्टेट कौंसिल इंफार्मेशन सेंटर की ओर से किया गया जारी*

## चीन ने कानूनी ढांचे, आतंकवाद विरोधी उपायों पर श्वेत पत्र जारी किया

**बीजिंग, 23 जनवरी (एजेंसियां)। चीन ने मंगलवार को आतंकवाद से निपटने के लिए कानूनी ढांचा और उपाय शीर्षक से एक श्वेत पत्र जारी किया है। स्टेट कौंसिल इंफार्मेशन सेंटर की ओर से जारी श्वेत पत्र में प्रस्तावना और निष्कर्ष के अलावा पांच भाग है जिसमें 'आतंकवाद से निपटने के लिए एक बेहतर कानूनी ढांचा', 'आतंकवादी गतिविधियों के निर्धारण और सजा के लिए स्पष्ट प्रावधान', 'आतंकवाद से लड़ने में शक्ति का मानकीकृत अभ्यास', 'आतंकवाद विरोधी प्रथाओं में अधिकार' और 'लोगों की सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रभावी सुरक्षा' शामिल है।**

श्वेत पत्र में कहा गया है कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति, मानवता और सुरक्षा का एक आम दुश्मन और गंभीर खतरा है साथ ही यह सभी देशों और पूरी मानवता के लिए एक चुनौती है। इसमें कहा गया, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सभी सदस्य इससे लड़ने की जिम्मेदारी साझा करते हैं।

दस्तावेज में कहा गया है कि आतंकवाद के पीड़ित के रूप में चीन ने लंबे समय से इसके वास्तविक खतरे का सामना किया है। इसमें कहा गया है कि चीन ने हमेशा कानून-आधारित आतंकवाद विरोधी प्रयासों को बहुत महत्व दिया है और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संधियों को संपन्न करने या उनमें शामिल होने और आपराधिक कानूनों में संशोधन और सुधार करके अनुभव अर्जित किया है।

दस्तावेज़ में कहा गया कि



पिछले कुछ वर्षों में चीन ने कानून-आधारित आतंकवाद निरोध का एक रास्ता खोजा है जो एक ठोस कानूनी ढांचा स्थापित करके, सख्त, निष्पक्ष, प्रक्रिया-आधारित कानून प्रवर्तन को बढ़ावा देकर और न्याय के निष्पक्ष प्रशासन और मानवाधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करके इसकी वास्तविकताओं के अनुरूप है। इसमें कहा गया, चीन ने राष्ट्रीय और सार्वजनिक सुरक्षा की रक्षा की है, लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा की है और वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता में योगदान दिया है।

श्वेत पत्र आतंकवाद विरोधी दृष्टिकोण जो मानवता के सामान्य मूल्यों की वकालत करता है, संयुक्त राष्ट्र के मानदंडों और सिद्धांतों का अनुपालन करता है, और अपनी राष्ट्रीय स्थितियों और कानूनी संस्थानों के अनुरूप है, ये सभी कानून के शासन के तहत आतंकवाद से निपटने के वैश्विक प्रयासों का हिस्सा हैं।

दस्तावेज़ में कहा गया है कि साझा भविष्य के वैश्विक समुदाय के दृष्टिकोण को कायम रखते हुए चीन वैश्विक शासन के हिस्से के रूप में आतंकवाद विरोधी मुद्दे को आगे बढ़ाने के लिए अन्य देशों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

## दुनिया को जानें

## ज्यादा नौकरियों को प्रभावित नहीं कर पाएगा एआई : शोध

**सैन फ्रांसिस्को,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। जहां दुनियाभर के शोधकर्ता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण जल्द ही नौकरियां खत्म होने की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं एक शोध में यह बात सामने आई है कि एआई ज्यादा नौकरियों को प्रभावित नहीं कर पाएगी। एमआईटी के कंप्यूटर साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लेबोरेटरी (सीएसएआईएल) द्वारा किए गए एक हालिया शोध में जांच की गई कि क्या एआई मनुष्यों की तुलना में अधिक कुशलता से कार्य कर सकता है और क्या व्यवसायों के लिए मानव श्रम को एआई के साथ बदलना लागत प्रभावी है। शोध में श्रम बाजार में एआई कार्यान्वयन के व्यापक प्रभावों को ध्यान में रखा गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि कंप्यूटर विजन एआई वर्तमान में उन कार्यों को स्वचालित कर सकता है जो कृषि को छोड़कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में श्रमिकों के वेतन का 1.6 प्रतिशत बनाते हैं। हालांकि पूरी अर्थव्यवस्था के 0.4 प्रतिशत के बराबर उन वेतनों का केवल 23 प्रतिशत ही कंपनियों के लिए मौजूदा लागत पर मानव श्रमिकों को काम पर रखने के बजाय स्वचालित करना सस्ता होगा।

# प्रादेशिकी

## अघोषित विद्युत कटौती को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत ने दी धरने की चेतावनी

देहरादून। पूर्व सीएम हरीश रावत ने हरिद्वार के ग्रामीण अंचलों में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर 24 तारीख को रुड़की डीजीएम कार्यालय में एक घंटे धरने पर बैठने की चेतावनी दी है। कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि वो हरिद्वार के ग्रामीण अंचलों में अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ आवाज उठा चुके हैं। इसके बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारी समस्या पर गौर नहीं कर रहे हैं। हरीश रावत ने कहा कि जहां एक और पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोगों को दीपावली मनाने का अनुरोध किया, वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड सरकार हरिद्वार के ग्रामीण अंचलों में अघोषित विद्युत कटौती के नाम पर घंटों लोगों को बिजली से वंचित कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने स्व. हयात सिंह महरा के घर पहुंच शोक संवेदना व्यक्त की

**चंपावत,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. हयात सिंह महरा के आवास पर पहुंच शोकाकुल परिवार के साथ शोक संवेदना व्यक्त की।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पहुंचे वरिष्ठ नेता और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री स्व. हयात सिंह महरा के आवास और शोकाकुल परिवार के साथ शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री का जनपद में एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री स्व. हयात सिंह महरा के पैतृक गांव इन्द्रपुरी, बाराकोट ईजड़ा लोहाघाट पहुंच कर शोकाकुल परिवार के साथ शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज मैदान ईजड़ा गांव में बनाए गए हेलीपैड पहुचें। वहां से वह पैदल एवं कार से गांव ईजड़ा स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार जनों को गले लगाकर इस दुख की घड़ी में ढ़ाढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने ईश्वर से पुण्य आत्मा को श्री चरणों में स्थान देते हुए शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्व.महरा जी के जाने से पार्टी को क्षति हुई है, वे पार्टी के लिए एक स्तंभ रहे। बीते दिनों भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा के पिता का 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया था। इसके उपरांत मुख्यमंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज मैदान हैलीपेड से देहरादून के लिए चले गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, उघोगपति नरेंद्र लडवाल, मुकेश कालखुड़िया, जिलाधिकारी नवनीत पांडे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लोहाघाट गोविंद लाल वर्मा समेत शोककुल परिवार जन एवं जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव ने ली ड्रोन पॉलिसी को लेकर अधिकारियों की बैठक

### देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों से सहयोग लेने के लिए अनुबंध किए जाएः डा. संधु



**देहरादून।** मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश को ड्रोन पॉलिसी के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र में नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों से सहयोग लेने के लिए अनुबंध किए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड मोस्ट हेलीकॉप्टर फ्रेंडली स्टेट है। इससे एक ओर हैली सेवा को अत्यधिक फायदे हैं, वहीं दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए ड्रोन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र अत्यधिक। उन्होंने कहा कि ड्रोन कॉरिडोर के लिए जीरो रिस्क एरिया पर फोकस किया जाए। कहा कि पिटकुल और यूपीसीएल की बहुत सी हाई टेंशन और लो टेंशन लाइन्स को ध्यान में रखते हुए यूपीसीएल और पिटकुल से आपसी सामंजस्य स्थापित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन पॉलिसी का प्रचार प्रसार किया जाए।

## गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगे पुलिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले

- पुलिस मुख्यालय ने जारी की सम्मानित होने वालों की सूची
- 26 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा व सराहनीय सेवा पदक दिए जायेंगे




देहरादून, 23 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस पर 26 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा व सराहनीय सेवा पदक दिये जायेंगे। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा गणतंत्र दिवस-2024 के अवसर पर सेवा के आधार पर 26 पुलिस कर्मियों को राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह एवं सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि सराहनीय सेवा के लिए (सेवा आधार पर) राज्यपाल का उत्कृष्ट सेवा पदक विपिन चन्द्र पन्त, पुलिस उपाधीक्षक, जनपद चम्पावत, गजपाल सिंह रावत, प्लाटून कमाण्डर मुख्यमंत्री सुरक्षा, धनीलाल, अपर गुल्मनायक, 40 वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार को दिया जायेगा तथा उत्कृष्ट सेवा के लिए (सेवा आधार पर) उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह अजय कुमार रावत, निरीक्षक सपु, पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड, देहरादून, श्याम लाल, निरीक्षक यातायात जनपद रूद्रप्रयाग, गोबिन्द सिंह मेहता, उप निरीक्षक(एम), जनपद नैनीताल, अर्जुन सिंह, अपर उप निरीक्षक नापु जनपद टिहरी गढ़वाल को दिया जायेगा। वहीं सराहनीय सेवा के लिए (सेवा आधार पर) सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह बृज मोहन पन्त, निरीक्षक नागरिक पुलिस पीटीसी नरेन्द्रनगर, देवेन्द्र सिंह रावत, निरीक्षक नापु, जनपद चमोली, सुभाष चन्द्र, निरीक्षक एलआईयू कार्यालय पुलिस अधीक्षक(क्षेत्रीय) देहरादून, राकेश बिष्ट, दलनायक 46वीं वाहिनी पीएसी,रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर, बृज मोहन, उप निरीक्षक पुलिस दूरसंचार पुलिस दूसंचार मुख्यालय, सतीश चन्द्र कापड़ी, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस जनपद अल्मोड़ा, गब्बर सिंह, अपर गुल्मनायक एसडीआरएफ वाहिनी, सलमान अली, उप निरीक्षक(एम) एफएसएल उत्तराखण्ड, बिन्देश्वर प्रसाद, अपर उप निरीक्षक नापु जनपद उत्तरकाशी, शिव चरण, अपर गुल्मनायक आईआरबी द्वितीय, देहरादून, हेमन्त सिंह, अपर गुल्मनायक आईआरबी प्रथम, रामनगर, नैनीताल, त्रिलोक सिंह, अपर उप निरीक्षक सपु जनपद चम्पावत, धन सिंह, फायर सर्विस चालक, जनपद बागेश्वर, संजय कुमार तिलाड़ा, मुख्य आरक्षी नापु जनपद नैनीताल, अनिल कुमार मर्तोलिया, मुख्य आरक्षी 88 नापु जनपद पिथौरागढ, प्रदीप कन्नौजिया, मुख्य आरक्षी नापु सीआईडी खण्ड देहरादून, वाणी बिलास, मुख्य आरक्षी सतर्कता सेक्टर, देहरादून, सपना नेगी, आरक्षी जीआरपी उत्तराखण्ड व अरविन्द गिरी, लान्स नायक, 31वीं वाहिनी पीएसी को दिये जायेंगे।

## सार संक्षेप

### 25 के बाद हो सकती है बर्फबारी

देहरादून। मौसम विभाग के अनुसार 25 जनवरी के बाद मौसम करवट लेगा और उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस कम बना हुआ है। उत्तराखंड में घने कोहरे से मैदानी क्षेत्रों में समस्या बनी हुई हैं। कोहरे के कारण दोपहर बाद ही सूर्यदेव के दर्शन हो रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में धूप खिल रही है, लेकिन सुबह-शाम पाला गिरने से कड़ाके की ठंड बनी हुई है। विभाग के अनुसार 25 जनवरी तक प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। जिससे 26 जनवरी को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में हल्की वर्षा-बर्फबारी के आसार बन रहे हैं।

### सुरकंडा देवी का रोपवे संचालन दो दिनों तक बंद

**टिहरी।** सिद्धपीठ सुरकंडा देवी रोपवे का संचालन आज से 24 जनवरी तक बंद रहेगा। इस दौरान रोपवे की मरम्मत की जाएगी। सुरकंडा देवी रोपवे के समन्वयक नरेश बिजल्वाण ने बताया, सुरक्षा की दृष्टि से रोपवे की मरम्मत कार्य के साथ तकनीकी निरीक्षण होना है। इसके लिए मंगलवार और बुधवार को रोपवे का संचालन नहीं होगा। 25 जनवरी को सुबह आठ बजे से रोपवे की सेवा शुरू कर दी जाएगी। रोपवे बंद रहने के दौरान सिद्धपीठ सुरकंडा मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन करने वाले वाले श्रद्धालुओं को कद्दूखाल से मंदिर तक डेढ़ किमी की खड़ी चढ़ाई पार कर पहुंचना होगा।

### स्मैक तस्करी में अंतरराज्यीय महिला सरगना गिरफ्तार

**कोटद्वार।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में स्मैक की तस्करी करने वाली अंतरराज्यीय महिला सरगना को बरेली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। गिरफ्तार महिला मैकिया चाची की बहू है। जिसकी मौत के बाद उनकी तीन बहुएं बरेली में ड्रग्स सप्लाई का धंधा संभाल रही हैं। कोतवाली पुलिस ने मैकिया चाची को वर्ष 2016 में गिरफ्तार किया था।एएसपी जया बलोनी ने कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में इस मामले का खुलासा किया। बताया कि अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि क्षेत्र में ड्रग्स का सेवन करने ज्यादातर युवा बरेली से ही ड्रग्स लाते हैं और यहां अपना खर्चा चलाने के लिए अन्य युवाओं को भी पुड़िया बेचते हैं। पुलिस ने दबोचे गए नशेड़ियों के मोबाइल नंबर खंगाले तो बरेली की स्मैक सप्लायर बेबी उर्फ चाची का नंबर पुलिस के हाथ लगा। एसएसपी श्वेता चौबे के निर्देश पर आरोपी महिला की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की और बरेली से उसे दबोचने के लिए जाल बिछाया।

### सुडोकू 6446 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |

## प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना नए भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी : जयराम ठाकुर



- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में न जाने का फ़रमान जारी करके मंदिर जाने की बात विरोधाभासी
- कांग्रेस सरकार प्रदेश का विकास करती तो सबसे ज़दा ख़ुशी हमें होती

**शिमला,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की शुरुआत की गई। यह योजना भारत की भविष्य की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करेगा। इस योजना के तहत एक करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। जिससे देश के एक करोड़ परिवारों की ऊर्जा ज़रूरतें पूरी हो सकें। इससे एक करोड़ परिवारों को बिजली का कोई बिल नहीं देना होगा। इससे बचने वाली बिजली अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस योजना से ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में से एक होगा। नेता प्रतिपक्ष ने इतने व्यस्ततम कार्यक्रम के बाद भी 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' जैसी महत्वाकांक्षी योजना देश के लोगों को समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री महोदय के प्रति आभार प्रकट करते हुए समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की हर योजना देश व्यापक जनकल्याण और दीर्घकालीन लक्ष्यों को साधती है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अगर प्रदेश में सच में विकास के एक भी काम करती तो सबसे ज़्यादा ख़ुशी हमें ही होती लेकिन दु:ख इस बात का है कि 14 महीनें की सरकार में कांग्रेस ने विकास का एक भी काम नहीं कर पाई है। कांग्रेस ने अपने पूरे कार्यकाल में एक जनहित का काम नहीं किया है। एक भी जनहितकारी योजना ज़मीन पर नहीं उतरी है। अब बातें बनाने का वक़्त नहीं हैं। ज़मीन पर काम करने का वक़्त है। लोगों में बहुत आक्रोश हैं। इसलिए पिछली सरकार पर आरोप लगाने के बजाए अपनी सरकार में किए गए कामों के बारे में बात करें।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राहुल गांधी को यात्रा करने से कौन रोक रहा है लेकिन इस तरह से क़ानून की अवहेलना करके यात्रा करने का क्या औचित्य है। कहां, किस रूट पर जाना है, कहां नहीं जाना है यह सुरक्षा एजेंसियां तय करती हैं। सुरक्षा भी ऐसी यात्राओं में एक पक्ष होता है। सुरक्षा प्राथमिकताओं की उपेक्षा करने का क्या तुक है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि राहुल गांधी असम में जाकर मंदिर जाने की ज़िद करते हैं लेकिन सदियों के संघर्ष के बाद बनने वाले राम मंदिर का विरोध करते हैं। पार्टी स्तर पर आदेश जारी करते हैं कि राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में कोई भी कांग्रेसी नेता नहीं जाएगा।

## भारत रत्न सचिन तेंदुलकर पहुंचे मसूरी

- पत्नी अंजलि और बेटी सारा संग बिताएंगे छुट्टियां
- सचिन राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में थे मेहमान



**देहरादून,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। लीजेंड क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर मसूरी पहुंचे हैं। आज दोपहर सचिन तेंदुलकर हवाई जहाज से देहरादून जिले के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से सचिन मसूरी चले गए। मसूरी में सचिन तेंदुलकर की पत्नी अंजलि और बेटी सारा पहले से ही मौजूद हैं। दोनों सोमवार को ही मसूरी पहुंच गई थीं। सचिन तेंदुलकर मसूरी के सिक्स सेंस होटल में रुकेंगे। सचिन तेंदुलकर को मसूरी बहुत पसंद है। इससे पहले भी सचिन तेंदुलकर मसूरी आते रहे हैं। उनकी बेटी सारा और बेटे अर्जुन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मसूरी में ही हासिल की थी। तब भी सचिन तेंदुलकर क्रिकेट से थोड़ा अवकाश मिलने पर पहाड़ों की रानी मसूरी आते रहते थे। मसूरी में सचिन तेंदुलकर के दोस्त भी रहते हैं। गौरतलब है कि सचिन तेंदुलकर सोमवार को अयोध्या में थे। सचिन राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मेहमान थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सचिन तेंदुलकर के घर जाकर उन्हें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। सचिन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे थे। कई तस्वीरों और वीडियो में सचिन तेंदुलकर सुपर स्टार हीरो रजनीकांत के साथ नजर आए थे।

### क्रिकेट के भगवान कहलाते हैं सचिन

देहरादून। सचिन तेंदुलकर जब क्रिकेट खेलते थे, तब उनके करोड़ों प्रशंसक दुनिया भर में थे। जब भी वो बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरते थे तब सचिन-सचिन के शोर से स्टेडियम गूंजता रहता था। तब आलम ये था कि सचिन तेंदुलकर के आउट होते ही स्टेडियम खाली हो जाता था। यहां तक कि लोगों के टीवी और रेडियो सेट तक बंद हो जाते थे। इसीलिए उन्हें क्रिकेट के भगवान का खिताब मिला। अब सचिन तेंदुलकर क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद वाली जिंदगी भी शान से जी रहे हैं।

## डीएम ने गणतंत्र दिवस परेड को लेकर किया परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण

**देहरादून,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। मंगलवार को यहां जिलाधिकारी सोनिका ने परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने परेड मैदान पर चल रही गणतंत्र दिवस की परेड रिहर्सल का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साज सज्जा सहित सीटिंग प्लान एवं परेड एवं कार्यक्रम स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि मंचासीन एवं दर्शक दीर्घा में बैठे सभी गणमान्य, आंगतुकों, दर्शकों को आयोजित कार्यक्रम को दखने हेतु सुगम सुविधा हो इस बात को मध्यनजर रखते हुए सुविधा बनाएं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल परेडग्राउण्ड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध पूर्ण करें तथा कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेटिंग, विघुत, पेयजल सहित समुचित व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले गणमान्यों, उच्च अधिकारियों की सीटिंग व्यवस्था सहित जनमानस के लिए सीटिंग व्यवस्था तथा कार्यक्रम के दौरान पार्किंग, यातायात सुरक्षा आदि समुचित व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियों आदि कार्यक्रमों को योजनावार व्यवस्थित ढंग से कराने के साथ ही निमंत्रण के अनुसार गेट पर आने जाने की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग आदि सभी व्यवस्थाएं देख लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण लोकजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर नीरज सेमवाल, अधिशासी अभियंता जितेन्द्र कुमार त्रिपाटी, प्रभारी स्थानीय अधिसूचना ईकाई मनोज असवाल, अधिशासी अभियंता उषा भण्डारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने की कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां तेज

### पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे 28 को आयोजित सम्मेलन में शिरकत

**देहरादून,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड कांग्रेस ने कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां तेज कर दी है। प्रत्येक बूथ से दो-दो कार्यकर्ताओं को लाने की रणनीति बनाई है। इसके लिए सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्ति प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 28 जनवरी को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहली बार उत्तराखंड के दौरे पर आएंगे।वह देहरादून के बन्नू स्कूल मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन से कांग्रेस प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए माहौल बनाएगी। सम्मेलन में 11,700 से अधिक बूथों से कार्यकर्ता आएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे से कार्यकर्ताओं में आगामी चुनाव को लेकर नए जोश का संचार होगा।प्रदेश कांग्रेस सम्मेलन की तैयारियों में जुटी है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो प्रत्येक बूथ से दो-दो कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में लाएंगे। पार्टी की ओर से बाकायदा प्रभारियों के साथ आने वाले कार्यकर्ताओं का ब्योरा लिया जाएगा।



## लोकसभा चुनाव का धार देने के लिए कांग्रेसियों की बैठक आयोजित

विकासनगर। राजनीतिक दलों द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां तेज कर दी गई है। दलों के नेताओं ने अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करना भी शुरू कर दिया है। दलों के प्रभारी रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कांग्रेस के टिहरी लोकसभा प्रभारी, मंत्री प्रसाद नैथानी विकासनगर पहुंचे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान चकराता विधायक प्रीतम सिंह भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री, मंत्री प्रसाद नैथानी को कांग्रेस ने टिहरी लोकसभा सीट का प्रभारी नियुक्त किया है। प्रभारी नियुक्त होने के बाद मंत्री प्रसाद नैथानी पहली बार देहरादून के विकासनगर पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव के लिए एकजुट होने की बात कही। इस दौरान कांग्रेस के चकराता विधायक प्रीतम सिंह, कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रणनीति पर चर्चा के साथ ही कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को असम में मंदिर जाने से रोके जाने पर चर्चा की गई।

## वन विभाग में वन मित्रों की भर्ती के लिए आवेदकों का इंतजार जल्द खत्म होगा

### 2061 वन मित्रयों की भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण आगामी फरवरी माह से

**शिमला,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। वन विभाग में वन मित्रों की भर्ती के लिए आवेदकों का इंतजार जल्द खत्म होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 2061 वन मित्रयों की भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण आगामी फरवरी माह के पहले सप्ताह में शुरू करने के निर्देश दिए हैं। चयनित वन मित्रों को 10 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलेगा। मंगलवार को शिमला में प्रशासनिक सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए। सनद रहे कि सरकार न बीते अक्तूबर माह में वन मित्रों की भर्ती का फैसला लिया था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्येक माह के अंतिम दो दिनों में राजस्व लोक अदालत आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इन लोक अदालतों के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। इन अदालतों में अब तक इंतकाल के 65 हजार से अधिक और तकसीम के 4000 से अधिक लंबित मामलों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है क्योंकि वर्तमान सरकार जन.जन की सरकार है।

उन्होंने श्रम एवं रोजगार विभाग को नियोक्ताओं की सुविधा के लिए कुशल जनशक्ति से संबंधित पूर्ण डेटा डिजिटिलाइज करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिमाचली युवाओं के लिए विदेशों में नौकरी के अवसर की संभावनाएं तलाश करने के भी निर्देश दिए और कहा कि इजराइल और स्कैडेनिवियन देशों में मेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की काफी मांग बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना आरम्भ की है। इसके पहले चरण में ई.टैक्सी परमिट जारी करने के अलावा ई.टैक्सी की खरीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी योजना में अब तक 1221 आवेदकों ने रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विभागों में डीजल और पेट्रोल वाहनों की खरीद पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने ई.चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि ई.वाहनों से भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटल परिसरों में ई.चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

सुक्खू ने कहा कि राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना के आगामी चरणों में सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के साथ.साथ मत्स्य पालन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने इन दोनों योजनाओं के लिए शीघ्र मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग में 1226 पुलिस कांस्टेबल पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को उनके घर-द्वार के समीप विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अभी तक राज्य के 50 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं ,इनमें 6-6 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए हैं।

## खाली हाथ सरकार गांव के द्वार, लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ : कश्यप

- 13 महीना में 13000 करोड़ का लिया कर्ज आखिर गया कहां : सुखराम

**शिमला,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप व विधायक पावटा साहिब एंव पूर्व मंत्री संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुखराम चौधरी ने संयुक्त बयान में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को फ्लॉप कर दिया है। सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि सरकार खाली हाथ गांव के द्वार जा रही है। सांसद ने इसे जनता के साथ एक और धोखा कर दिया है। सांसद ने कहा कि पूर्व में रही भाजपा सरकार के जन मंच कार्यक्रम का कांग्रेस जमकर विरोध किया करती थी। उन्होंने कांग्रेस सरकार को याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा जन मंच के कार्यक्रम बजट के साथ किया करती थी जबकि प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार बगैर बजट के ही इस कार्यक्रम को कर रही है। सांसद ने तंज करते हुए कहा कि सरकार गांव के द्वार जाए चाहे किसी के द्वार काम किसी के हो नहीं रहे हैं केवल और केवल लोगों को धोखा देने का काम किया जा रहा है। नेता गांव के द्वार कार्यक्रम में अगर कुछ कर रहे हैं तो केवल अधिकारियों को डांट डपटकर अपनी नाकामियों पर पर्दे डाल रहे हैं।( वहीं पूर्व मंत्री व विधायक पांवटा साहिब सुखराम चौधरी ने अपने बयान में सरकार से पूछा कि 13 महीने में 13000 करोड़ का कर्ज लिया है आखिर यह पैसा कहां गया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास के कार्य ठप पड़े हैं सरकार खाली हाथ होने का रोना रो रही है। ऐसे में सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम कर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि न केवल प्रदेश बल्कि जिला सिरमौर जहां सरकार का एक मंत्री और दूसरे विधानसभा उपाध्यक्ष है बावजूद इसके जिला का विकास कोसों दूर चला गया है ।

# प्रादेशिकी

## सपा के नौ बच्चों के मरने की भ्रमक खबर पर भड़की भाजपा

**अमेठी,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में सोमवार को एक शोभायात्रा के डीजे में बिजली का करेंट उतरने से नौ बच्चे झुलस गए थे। जिससे आठ बच्चों को अमेठी में और एक बच्चे को लखनऊ में भर्ती कराया गया था। लेकिन समाजवादी पार्टी अपने ट्यूटर पेज पर लिखा है कि अत्यंत दुखद। अमेठी में शोभायात्रा के दौरान हुए हादसे में करंट लगने से नौ बच्चों की मृत्यु, हदयविदारक घटना। सपा की झूठी खबर से भाजपा भड़क गई है। जबकि सभी घायल बच्चों का इलाज चल रहा है। सपा के इस बयान पर भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू ने अमेठी कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। जिससे पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पिंटू ने कहा कि आठ बच्चों का इलाज अमेठी में चल रहा है। लेकिन नंदन की हालत गंभीर थी। जिससे लखनऊ में भर्ती कराया गया है।

# श्रमिकों को इजराइल में सेवायोजित किए जाने का नया अध्याय शुरू : अनिल राजभर

### दस हजार भारतीय श्रमिकों को इजरायल में कार्य करने का मिल रहा अवसर : कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत इजराइल में भारतीय श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित स्किल टेस्ट कार्यक्रम में प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मुख्य अतिथि के रूप में और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय आईटीआई, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। श्रम मंत्री ने कहा कि देश के निर्माण और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री श्रमिकों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। उनकी प्रेरणा से श्रमिकों की स्थिति बेहतर बनाने के लिए निरन्तर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय श्रमिकों को इजराइल में सेवायोजित किये जाने से भारत और इजराइल के सम्बन्धों का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। इससे दोनों देशों के सम्बन्ध और गहरे होंगे। श्रम मंत्री ने कहा कि इजराइल को नवनिर्माण कार्य के लिए कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है। यह



■ प्रदेश के श्रमिकों के लिए ये सुनहरा अवसर है, इसमें पूरी तरह समर्पित होकर करें कार्य

भारतीय श्रमिकों के लिए बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने सभी श्रमिकों से अपील की कि जिनका भी चयन हो जायेगा, वे पूरे मनोबल के साथ इजराइल जाकर मेहनत और लगन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की स्थिति को सुधारने और अधिक बेहतर बनाने के जितने विकल्प हो सकते हैं, उन सभी पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप के देशों में भारतीय श्रमिकों की मांग बढ़ रही है। श्रमिकों के आने-जाने में कोई समस्या न हो, उनकी सभी जरूरतों को ध्यान में रखा जा रहा है।

### इजराइल में श्रमिकों को 1,37,250 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा

इजराइल में श्रमिकों को लगभग 1,37,250 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। आईटीआई अलीगंज लखनऊ को टेस्टिंग कराने हेतु नोडल नामित किया गया है। उन्होंने इजरायल जाने वाले निर्माण श्रमिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रदेश के श्रमिकों के लिए ये सुनहरा अवसर है, इसमें पूरी तरह से समर्पित होकर कार्य करे, जिससे वहां के अनुभव और डिग्री से आपके काम की महत्वत्ता और बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि अच्छा और अनुभवी काम करने वाले लोगों को ही अपने यहाँ काम करने के लिए रखते है, इसलिए हमेशा ईमानदारी से कार्य करे। उन्होंने कहा कि अपने काम मे निरन्तर सुधार और निखार लाते रहे और जिंदगी में कुछ न कुछ नया सीखने पर जोर दें।

## नेताजी के सपनों को आत्मसात करना युवाओं का हो लक्ष्य : डॉ.अतुल कृष्ण

**मेरठ,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में समारोहपूर्वक मनाई गई। नेताजी सुभाषचंद्र बोस पीठ, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कर्नल आर.एस. एन.सिंह, भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी तथा सुप्रसिद्ध समाजसेवी विनीत शारदा ने क्रमश: मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनीत शारदा अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन इसलिए अधिक महत्व रखता है क्योंकि माँ भारती के लाल सुभाषचंद्र बोस ने भारत की पावन धरती पर जन्म लिया। उनमें बचपन से ही नेतृत्व के गुण विराजमान थे। उन्होंने हमेशा देश को आजाद कराने हेतु अंग्रेजों से लोहा लेकर अखण्ड भारत की स्थापना करने का स्वप्न देखा था।



## विद्यार्थियों ने सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

**मवाना,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। सुभाष चन्द बोस की जयंती पर नगर के सुभाष चौक स्थित सुभाष चन्द बोस की प्रतिमा पर नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने माल्यार्पण कर झण्डारोहण किया। स्कूली बच्चों व व्यापारियों के साथ राष्ट्रगान गाया। चेयरमैन के साथ पालिका सभासद विशाल कुमार, अतीक अहमद, व्यापारी स्वराज, भूपेन्द्र त्यागी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

### स्कूलों में मनाई गई नेता जी की जयंती



वहीं मवाना के सुभाष चौक पर बाल भारती पब्लिक स्कूल मवाना के विद्यार्थी पहुंचे। उन्होंने नेताजी की मूर्ति को नमन कर उन्हें माल्यार्पण किया और कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाल भारती प्रतिनिधि के रूप में आगम्या चौहान ने कविता प्रस्तुत की तथा सभी विद्यार्थियों ने पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक के साथ राष्ट्रीय गान गाया। कार्यक्रम में प्रशम जैन, दक्ष वर्मा, पावनी, कशिश, हंसिका, विदिशा, आदित्य छपराना आदि बच्चों का सहयोग रहा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मवाना (मेरठ)

पंत्राक : 1325/कर विभाग/न0पा0परि0/2023.24 दिनांक : 23–01–2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् मवाना कर निर्धारण सूची में भवन कर में प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों, पंजीकृत बैनामा/विरासत के आधार पर उनके सामने अंकित भवन संख्या अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना.पत्र दिये गये है। उक्त नामान्तरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम.1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत सूचना जारी की जाती है, यदि आप किसी व्यक्ति को भवन नामान्तरण की कार्यवाही पर कोई आतत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर कार्यालय में किसी कार्यशील दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। वाद निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | नामक्रेता,पिता/पति का नाम | विक्रेता | भवन संख्या | मौहल्ला | कर निर्धारण वर्ष | प्रस्तुत किया गया साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति मीना पत्नि श्री आरिफ पुत्र श्री रशीद | श्रीमति अरूणा पत्नि श्री राकेश जैन | 723/1 | मुन्नालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 2 | श्री आदेश कुमार पुत्र श्री मांगेराम | श्री मांगेराम पुत्र पीरू | 2245 | तिहाई | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 3 | श्री रियासत अली पुत्र श्री मसूर अहमद अमीर जहा पुत्र महबूब खाँ | श्रीमति फातमा राम पत्नि मंसूर अहमद | 390 | तिहाई | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 4 | श्रीमति गुलशन पत्नि शहजाद | श्री शहजाद पुत्र श्री यामीन | 383,384 | तिहाई | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 5 | श्री शदाब अली पत्नि फरजन अली | श्रीमति शगुफता कमर पत्नि श्री महताब | 324/1 | तिहाई | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 6 | श्री नजर मोहम्मद पुत्र श्री मो0 साबिर | मोहम्मद आलम, साजीद पुत्र साबिर | 8 | हीरालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 7 | श्री नेत्रपाल पुत्र सूरजमल | श्री चन्द्रभान, सुखपाल पुत्र सूरजभान | 2490,2491,2492 | तिहाई | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 8 | श्री नसीम व बिलाल पुत्र श्री निजामुददीन | श्रीमति हसीना बेगम पत्नि निजामुददीन | 1301 | तहाई | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 9 | श्रीमति अफरोज हैदर ,मौ0परवेज रजा जैदी रियासत पुत्र ऐजाज हुसैन | श्री ऐजाज हुसैन पुत्र हामिद हुसैन | 796 | तिहाई | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 10 | श्रीमति सविता पत्नि पवन शर्मा | श्री सुखवीर सिंह पुत्र श्री गिरिवर सिंह | 328 | हीरालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 11 | श्रीमति बवीता पत्नि श्री ब्रजपाल सिंह | श्रीमति कैलाशवती पत्नि मुन्नीलाल | 2204 | तिहाई | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 12 | कु0 दीक्षा चौधरी पुत्री रविन्द्र चौधरी | श्री राजवीर पुत्र लखीराम सिंह | 3696 | कल्याण सिंह | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 13 | श्री हेमन्त कुमार जैन पुत्र श्री प्रदीप कुमार जैन | श्रीमति मंजू जैन पत्नि प्रदीप जैन | 316 | मुन्नालाल | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 14 | श्री हारून पुत्र अय्यूब | श्री प्रेमचन्द पुत्र रामस्वरूप | 466 | मुन्नलाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 15 | श्री शहजाद पुत्र श्री बाबू | श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री चन्दरू | 1927 | कल्याण सिंह | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 16 | श्रीमति सुमन जैन पत्नि श्री हरीश जैन, आशिश जैन, प्रगति जैन पुत्री श्री हरीश जैन | श्री हरीश कुमार पुत्र धारा सिंह | 1124 | मुन्नालाल | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 17 | श्रीमति शाहजहाँ पत्नि हनीफ 1/5 आसिफ पुत्र हनीफ 1/5 साजिद पुत्र हनीफ 1/5 राषीद पुत्र हनीफ 1/5 | श्री हनीफ पुत्र रमजानी | 2809 | कल्याण सिंह | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 18 | श्री फखरे आलम पुत्र श्री शेरददीन | श्री शेरददीन पुत्र अब्दुल हमीद | 228 | तिहाई | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 19 | श्री बिजेन्द्र कुमार नरेश कुमार 1/4 | श्री सुदेश, नरेश, राकेश, राजेष पुत्र हरिदास | 1911/2 | मुन्नालाल | 2023–24 | दानपत्र के आधार पर |
| 20 | श्रीमति आयशा पुत्री श्री वाहिद व शकूनत पत्नि श्री शाहिद | श्री इरशाद पुत्र श्री हनीफ | 25/4 | मुन्नालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 21 | श्रीमति रोहिन पुत्र शकील | श्रीमति बबीता पत्नि श्री सुनील कुमार | 1362 | तिहाई | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 22 | श्री विपिन पुत्र श्री मांगेराम | श्रीमति कमला पुत्र श्री मांगेराम | 2201 | तिहाई | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 23 | श्री कृष्णा कुमार पुत्र श्री मुरारीलाल | श्रीमति वसीला पत्नि निजामुददीन | 1964/1 | मुन्नालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 24 | श्री देवेश कुमार गर्ग अखिलेश पुत्र श्री किरन चन्द | श्री लवकेश कुमार पुत्र श्री किरन चन्द | 1929 | तिहाई | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 25 | श्री मनोज कुमार पुत्र श्री बुद्वराम | श्रीमति किशनवती पत्नि श्री सुनेहरी | 1224 | तिहाई | 2023–24 | वसीयत के आधार पर |
| 26 | श्री ईशान रस्तौगी पुत्र श्री विषाल रस्तौगी | श्रीमति शोभा पत्नि श्री जितेन्द्र कुमार | 2403 | काबलीगेट | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 27 | श्री अब्बास पुत्र श्री यामीन | श्री यामीन पुत्र श्री अब्दुल्ला | 1426 | हीरालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 28 | श्रीमति उजमा पत्नि श्री अहमद अली | श्री ब्रजनन्दन,अनिल कुमार, सुनील कुमार पुत्र किशोरी | 1828 | कल्याण सिंह | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 29 | श्री अशोक कुमार पुत्र श्री भगवानदास | श्री चन्द्रपकाश, सूरज प्रकाष पुत्र वेदप्रकाश | 305 | हीरालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 30 | श्री इतकार पुत्र बशीर अहमद | इल्यास,इसरार,अंसार इष्तखार,इकबाल | 1378 | तिहाई | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 31 | श्री आरिफ पुत्र मौ0 जब्बार | श्री अकरम पुत्र श्री बाबू | 12/4 | मुन्नालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 32 | श्री आरिफ पुत्र जब्बार व आबाद पुत्र श्री अहमद बहीद | श्री यासीन पुत्र हाजी नसरूल्ला | 3/2 | मुन्नालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 33 | श्री वाजिद,विलाल, आवेश पुत्र श्री जुल्फकार | श्री जुल्फकार पुत्र श्री अलाउददीन | 130/1 | तिहाई | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 34 | महफूज खान,महमूद अली,मौ0 खादिम, मौ0 सालिम पुत्र स्व सिराजुददीन | श्री सिराजुददीन पुत्र श्री अब्दुल हकीम | 125 | तिहाई | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 35 | श्री ताजूददीन पुत्र श्री सिरा. जुददीन | श्री सिराजुददीन पुत्र श्री अब्दुल हकीम | 1518 | हीरालाल | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 36 | श्री नईमुददीन पुत्र श्री कमालूददीन | श्री नरूददीन पुत्र अब्दुल हकीम | 2087 | काबली गेट | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 37 | श्री फरजाना पत्नि श्री तैय्यब | श्री शहीद पुत्र श्री रफीक | 641 | मुन्नालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |
| 38 | श्रीमति गुरजीत कौर पत्नि स्व जसवीर सिंह व श्री मोहित मलिक पुत्र श्री जसवीर सिंह | श्री जसवीर सिंह पुत्र श्री सत्यपाल सिंह | 1204 | काबली गेट | 2023–24 | मृत्यु वारिसान के आधार पर |
| 39 | श्रीमति गुलिस्ता पत्नि श्री जकीऊददीन | श्री कासिम पुत्र श्री पीर बख्श | 1280 | मुन्नालाल | 2023–24 | बैनामा के आधार पर |

(राजीव कुमार)
अधिषासी अधिकारी

### सार संक्षेप

## अखिल भारत हिंदू महासभा ने निकाली वंदे मातरम यात्रा



**फर्रुखाबाद।** अखिल भारत हिंदू महासभा ने नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक विशाल शोभा यात्रा निकल गई शोभा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुत्र वर्षा कर स्वागत कियागया। वंदे मातरम शोभा यात्रा रेलवे रोड पांडेश्वर नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर चौक से नेहरू रोड घूमना बाजार लाल गेट होते हुए स्वराज कुटीर पर विराम हुई। शोभा यात्रा में भारत माता की जय सुभाष चंद्र बोस अमर रहे के नारे लगाते हुए कार्यकर्ता व पदाधिकारी हाथों में तिरंगा लिए हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा के साथ पुलिस फोर्स की भारी व्यवस्था रही। शोभा यात्रा के संरक्षक विमलेश मिश्रा यात्रा प्रभारी क्रांति पाठक यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा चकित यात्रा व्यवस्थापक अजीत वर्मा यात्रा संयोजक राम जी अग्निहोत्री अजय दुबे डॉक्टर राघवेंद्र अग्निहोत्री मिथुन राठौर मोनू तिवारी नंदकिशोर मिश्रा आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लोकतंत्र को मजबूत करने में करें अपने मताधिकार का प्रयोग : मीणा

मेरठ। मतदाता जागरूकता एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा-2024 के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन मेरठ, परिवहन विभाग मेरठ, यातायात पुलिस, मिशिका सोसायटी रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान तथा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद के छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अन्य मतदाताओं ने 21000 की संख्या में भामाशाह पार्क (विक्टोरिया पार्क) मेरठ में एकत्र होकर एक बड़ी मानव श्रृंखला बनाकर एक नया संदेश दिया।

NAME CHANGE

I HAVE CHANGED MY NAME SAFIYA RIYAZ FROM SAFIYA D/O MOHD RIYAZUL HASAN R/O 434/6 RASHEED NAGAR MEERUT FOR ALL FUTURE PURPOSES.

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल में किया गया कार्यक्रम आयोजित

### बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया



**मेरठ,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक दिवसीय मै भी सुभाष नामक कोनक्लेव का शुभारंभ यज्ञ शाला में मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। कोनक्लेव में स्कूल के कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर आधारित विभिन्न घटनाओं पर प्रस्तुतियां दीं। इसमें सुभाष चन्द्र बोस के शैक्षणिक जीवन, महात्मा गांधी के साथ संबंधों, इण्डियन नेशनल आर्मी की स्थापना, जर्मनी व जापान के साथ सुभाष चंद्र बोस के संबंधों तथा उनकी मृत्यु के संबंध में विभिन्न रिर्पोटस जैसे घोसला कमीशन, जस्टिस मुखर्जी कमीशन पर बच्चों ने अपने विचार रखे। स्कूल के बच्चों ने सुभाष के जीवन पर आधारित विभिन्न बिंदुओं पर गानों एवं नाटकों का मंचन किया। स्कूल के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा सभी बच्चों को पराक्रम दिवस की बधाईयां दीं व बच्चों को बोस के देशप्रेम की भावना व कर्मयोग जैसे गुणों से शिक्षा लेने की प्रेरणा दी।

## पुलिस अफसरों के सामने पीड़ित परिवार व लोगों का गुस्सा फूटा

### नहीं हुई आरोपी के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई

**मवाना,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। फलावदा में किशोरी की गोली मारकर हत्या के मामले में 24 घंटे बीत गए लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इस मामले को लेकर मंगलवार को पुलिस चौकी पर पहुंचे एसपी देहात कमलेश बहादुर, सीओ सौरभ सिंह व थाना प्रभारी फलावदा राजेश कुमार के सामने पीड़ित परिवार व अन्य लोगों को गुस्सा फूट पड़ा। आरोप लगाया कि आरोपी फरहान के खिलाफ फलावदा थाने में पांच मुकदमें दर्ज है लेकिन पुलिस ने उन मुकदमों के आधार पर उसकी गिरफ्तारी तक नहीं की। मृतका सोफिया के पिता शहजाद ने साफकहा कि पुलिस इस मामले में 24 घंटे बाद भी खाली हाथ है, आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलवाया जाये और उसका एनकाउंटर किया जाए, तभी उनकी बेटी सोफिया की आत्मा को शांति मिलेगी। तभी उन्हें इंसाफ मिलेगा। इसके अलावा पुलिस अफसरों से फलावदा के अब्दुल्ला व उसके भाईयों ने कहा कि नगर पंचायत के चुनाव 2023 में हुए थे, फरहान ने उसी दौरान उन पर गोली चलाकर जानलेवा हमला किया था। इस मामले का केस दर्ज है लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पहले भी आरोपी कई गंभीर घटनाएं कर चुका है।

## मां की परछाई, मां का गुरूर..पिता का सम्मान होती हैं बेटियां : डा. उर्मिला मोरल

**मेरठ,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्राचार्या डॉ.उर्मिला मोरल ने बालिकाओं को संदेश देते हुए कहा कि चाहूंगी कि आपने सृष्टि की सबसे सुंदर रचना के रूप में जन्म लिया है सिर्फ आप ही हैं जो सृष्टि को रच सकती हैं। इस शक्ति का बीज भी आप ही के अंदर है। आने वाला देश, आने वाला समाज, आने वाला सम्पूर्ण ब्रह्मांड कैसा होगा यह आप सुनिश्चित करेंगी। डा. उर्मिला ने कहा कि जितना गर्व मुझे भारत माँ की गोद में जन्म लेने का है उतना ही गर्व मुझे इस बात का है कि मैंने एक बेटी के



बालिका दिवस

रूप में जन्म लिया। मां शक्ति का विशेष आशीर्वाद रहा कि एक बेटी को जन्म देने का सौभाग्य भी मुझे मिला। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में मन अत्यंत उत्सुक है हृदय भावुक है वह सभी भावनाएं व्यक्त करने के लिए जो हमारी बेटियों के लिए है। आज बदलते परिवेश में जहां बेटियां लगातार हमारे मान सम्मान में वृद्धि कर रही हैं ऐसे में हमें अपने संस्कारों की बूंद से उन्हें संचित करना होगा। हमारी बेटियां शक्ति के रूप में आगे बढ़े साथ ही संस्कारों से विभूषित हो तो मां भारती की गोद ऐसी बेटियों से हमेशा प्रफुल्लित होगी जिसमें हम अपने स्वर्णिम भारत का सपना साकार होते हुए देखेंगे।

आज एक मकान को घर, एक मोहल्ले को समाज व भारत देश को स्वर्णिम भारत बनाने की जिम्मेदारी जितनी बेटों पर है उतनी ही बेटियों पर भी है। लेकिन यह तभी होगा जब हमारी बेटियों का हृदय सुख से विभूषित होगा, मन निर्मल होगा, तन सबल एवं हृदय में आगे बढ़ाने की इच्छा सर्वोपरि रहेगी। अपनी बेटियों को आगे लाने की जिम्मेदारी हमारी नहीं बल्कि मेरी होगी। इसकी शुरुआत देश, समाज गली-मोहल्ले से पहले मेरे घर से होगी घर में भी मेरे विचारों से होगी और विचारों से भी पहले मेरी बेटी को दिए गए मेरे संस्कारों में होगी। जिसकी जिम्मेदारी मुझ पर है, एक मां पर है। मेरी बेटी मेरा गौरव रहे इसके लिए मुझे उसे स्वतंत्र करना होगा उसके मन में आये संशय से। उसके मन को पढ़ना होगा उसके बिना कुछ कहे। उसे समझना होगा उसे बिना कुछ समझाएं।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 24 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### शाहरुख खान ने 'जवान' बने रहने का मंत्र किया साझा

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने दिल और जिंदगी में 'जवान' बने रहने का मंत्र साझा किया है। उन्होंने कहा कि दिल से साफ रहें और उन चीजों की तुलना या उन पर संदेह न रखें, जो आप कर रहे हैं। 'पठान' फेम एक्टर ने कहा कि दिल से जवान बनने और दिल से खुश रहने का एकमात्र तरीका है दिल से साफ होना ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि उन चीज़ों के प्रति संदेह न रखें और न ही उनकी तुलना करें, जो काम आप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के लोगों के प्रति अच्छा बर्ताव और सम्मान रखें, अपने परिवार और दोस्तों से प्यार करें और दयालु बनें। मुझे लगता है कि दिल से जवान बने रहने के लिए बहुत कम समय की जरूरत होती है।

## सिंगल शॉट फिल्म करना बहुत मुश्किल : हंसिका मोटवानी



**मुंबई,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री हंसिका मोटवानी जल्द ही एक-शॉट तेलुगु फिल्म '105 मिनट्स' में नजर आएंगी। इस तरह की अनूठी सिनेमाई कहानी में काम करने के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें चुनौतियां पसंद हैं और वह कुछ अलग करना चाहती हैं।


'कोई मिल गया' में अपने काम के लिए मशहूर हंसिका एक-शॉट फिल्म की चुनौती स्वीकार करती हैं, जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा और शानदार अभिनय क्षमता का पता चलता है। यह प्रयोगात्मक फिल्म दर्शकों को एक रहस्यमय डरावनी कहानी की ओर आकर्षित करती है, जो बिना किसी कट के 105 मिनट तक चलती है। उसी के बारे में बात करते हुए हंसिका ने कहा कि मैंने कभी भी सिंगल शॉट जैसा कुछ नहीं किया है। यह बहुत मुश्किल है क्योंकि सचमुच एक तरफ हवा है, दूसरी तरफ आग और बारिश है ,लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं और मैं कुछ अलग करना चाहती थी इसलिए मैंने ऐसा किया।

वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार तेलुगु थ्रिलर फिल्म 'माई नेम इज श्रुति' में नजर आई थीं। उनके पास 'राउडी बेबी', 'गार्जियन', 'मैन' और वेब सीरीज 'नशा' भी पाइपलाइन में है।

## वैज्ञानिकों ने दी नई महामारी की चेतावनी

# साइबेरिया में जमे प्राचीन 'जॉम्बी वायरस'

### 2023 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष होने के साथ, 'जॉम्बी वायरस' जारी होने का जोखिम



**लंदन,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। एक शोध में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि गर्म हो रही पृथ्वी और शिपिंग, माइनिंग जैसी मानवीय गतिविधियों में वृद्धि से जल्द ही साइबेरिया में पर्माफ्रॉस्ट (पृथ्वी की सतह पर या उसके नीचे स्थायी रूप से जमी हुई परत) में फंसे प्राचीन 'जॉम्बी वायरस' निकल सकते हैं, जिससे एक नई महामारी फैल सकती है।

वर्षों से 'मेथुसेलह रोगाणु' के रूप में जाने जाने वाले, वायरस हजारों वर्षों से पर्माफ्रॉस्ट में निष्क्रिय रहते हैं, लेकिन बीमारियों के फैलने और फैलाने का जोखिम रखते हैं।

फ्रांस के दक्षिण में ऐक्स-मार्सिले विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कहा कि 2023 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष होने के साथ, पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने और अंततः 'जॉम्बी वायरस' जारी होने का जोखिम पहले से कहीं अधिक है। विश्वविद्यालय के आनुवंशिकीविद् जीन-मिशेल क्लेवेरी ने गार्जियन के हवाले से कहा कि फिलहाल, महामारी के खतरों का विश्लेषण उन बीमारियों पर केंद्रित है जो दक्षिणी क्षेत्रों में उभर सकती हैं और फिर उत्तर में फैल सकती हैं।

उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, उस प्रकोप पर बहुत कम ध्यान दिया गया है जो सुदूर उत्तर में उभर सकता है और फिर दक्षिण की ओर बढ़ सकता है और मेरा मानना है कि यह एक भूल है। वहां ऐसे वायरस हैं जो मनुष्यों को संक्रमित करने और एक नई बीमारी का प्रकोप शुरू करने की क्षमता रखते हैं।

इस पर सहमति जताते हुए रॉटरडैम में इरास्मस मेडिकल सेंटर के वायरोलॉजिस्ट मैरियन कूपमैन्स ने कहा कि हम नहीं जानते कि पर्माफ्रॉस्ट में कौन से वायरस मौजूद हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इस बात का वास्तविक जोखिम है कि पोलियो के एक प्राचीन रूप के कारण बीमारी फैलने की संभावना हो सकती है।

पर्माफ्रॉस्ट उत्तरी गोलार्ध के पांचवें हिस्से को कवर करता है और यह मिट्टी से बना होता है। यहां लंबे समय तक शून्य से काफी नीचे तापमान होता है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि कुछ परतें सैकड़ों-हजारों वर्षों से जमी हुई हैं।

क्लेवेरी ने ऑब्जर्वर से कहा कि पर्माफ्रॉस्ट के बारे में महत्वपूर्ण बात यह है कि यह ठंडा है और इसमें ऑक्सीजन की कमी है, जो जैविक सामग्री को संरक्षित करने के लिए बिल्कुल सही है।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण आर्कटिक समुद्री बर्फ के गायब होने से मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

आगे कहा कि साइबेरिया में शिपिंग, यातायात और औद्योगिक विकास में वृद्धि हो रही है। बड़े पैमाने पर खनन कार्यों की योजना बनाई जा रही है और तेल और अयस्कों को निकालने के लिए गहरे पर्माफ्रॉस्ट में विशाल छेद किए जा रहे हैं। उन्होंने अखबार को बताया कि उन ऑपरेशनों से भारी मात्रा में रोगजनक निकलेंगे जो अभी भी वहां पनप रहे हैं। खनिक अंदर चले जाएंगे और सांस के जरिए वायरस ले लेंगे। जिसके प्रभाव विनाशकारी हो सकते हैं।

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की रिपोर्ट है कि आर्कटिक का औसत तापमान पहले ही वैश्विक औसत से तीन गुना अधिक दर से बढ़ चुका है, और यह औसत तापमान परिवर्तन की उच्चतम दर वाला क्षेत्र है।

पिछले साल, रूस, जर्मनी और फ्रांस के वैज्ञानिकों ने पर्माफ्रॉस्ट में फंसी छह प्राचीन बीमारियों की पहचान की थी, जो दुनिया पर अप्रत्याशित कहर बरपाने की क्षमता रखती थीं।

## अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा को वर्दी वाले लोग हैं पसंद

**मुंबई,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। पुरस्कार विजेता फिल्म 'शेरशाह', 'मिशन मजनू' और 'इंडियन पुलिस फोर्स' में काम करने वाले अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि उन्हें वर्दी वाले लोग पसंद हैं क्योंकि उनके दादा सेना से आते हैं। अभिनेता ने उस समय हलचल मचा दी जब उन्होंने रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में 'इंडियन पुलिस फोर्स' के साथ जुड़ने की घोषणा की।

अब जब फिल्म रिलीज हो गई है तो कबीर मलिक को लोगों ने खूब पसंद किया है। वर्दीधारी लोगों के साथ अपने संबंध और अपने विचारों के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि मुझे निजी तौर पर वर्दी वाले लोग पसंद हैं क्योंकि मेरे दादाजी भी सेना से हैं। यह दूसरी बार है, जब मैंने वर्दी पहनी है, मुझे यह पसंद है। मैं उस व्यक्तित्व और आचरण का आनंद ले रहा हूं। अपनी बहुमुखी फिल्मोग्राफी में एक और प्रसिद्ध प्रदर्शन जोड़ते हुए, सिद्धार्थ ने एक बार फिर एक उच्च मानक स्थापित किया है और अपनी आगामी रिलीज योद्धा के लिए प्रत्याशा बढ़ा दी है, जहां अभिनेता भारतीय रक्षा सेवाओं के



एक बहादुर व्यक्ति की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

## प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन बाद यूपी के हनुमान मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

**लखनऊ,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक दिन बाद मंगलवार को विभिन्न हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। मंगलवार हनुमान जी की पूजा का दिन है, सर्द मौसम और घने कोहरे के बावजूद मंदिरों में भारी भीड़ देखी जा रही है।

मंगलवार को यूपी के लगभग सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और इसे सीधे तौर पर अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से जोड़ा जा रहा है। मंदिर के नियमित तौर पर आने वाले भक्त राम कुमार ने कहा कि अयोध्या में हनुमान गढ़ी मंदिर में भारी भीड़ होती है और इसका मुख्य कारण यह है कि भक्तों के लिए राम मंदिर के दर्शन से पहले इस मंदिर में जाने की प्रथा है।

लखनऊ में हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बावजूद हनुमान मंदिर भक्तों से खचाखच भरे रहे। राम भक्त मीनू शर्मा ने कहा कि हम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या नहीं जा सके इसलिए हमने हनुमान मंदिर में पूजा करने का फैसला किया। भारी भीड़ के कारण, हम कुछ समय के लिए अयोध्या नहीं जा पाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, प्रयागराज में संगम के पास बड़े हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं की भीड़ में माघ मेले



में शामिल होने वाले लोग और शहर के लोग भी शामिल थे।

## अमेजन बिजनेस ने 2023 में भारतीय बिज़नेसेज़ के लिए पेश किए खरीदारी से जुड़े नए ओर अधुनिक समाधान

**नई दिल्ली** 23 जनवरी (एजेंसियां)। साल 2023 को हम सब अलविदा कह चुके हैं। नए साल की शुरूआत के साथ, यह बीते साल पर एक नजर डालने का भी यह एक बेहतरीन मौका है। साल 2023 की बात करें तो, इस पूरे साल अमेजन बिजनेस ने जीएसटी-इनेबल्ड उत्पादों के सबसे बड़े संग्रह, इनोवेटिव फीचर्स और बेहतरीन ऑफ़र सेल्स कस्टमर सपोर्ट के साथ भारत भर में लाखों व्यावसायिक ग्राहकों की खरीदारी की जरूरतों को पूरा करना जारी रखा है। आज, अमेजन बिजनेस सभी आकार और साइज़ के कारोबारियों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में काम कर रहा है। अमेजन बिजनेस अपने इन्हीं प्रयासों के साथ उनकी जरूरतों को पूरा कर रहा है। 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से, अमेजन बिजनेस के ग्राहकों की संख्या में 150 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यहां टियर II और III शहरों की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है। आज इसके खरीदने वाले 65त्न ग्राहक छोटे शहरों से हैं। पिछले 6 वर्षों में, अमेजन बिजनेस ने एंड्रॉइड और आईओएस ऑपटिमाइज्ड मोबाइल ऐप के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों के लिए खरीदारी को आसान बनाने और लागत कम करने के लिए कई फीचर्स को शामिल किया है। सुचित सुभाष, डायरेक्टर, अमेजन बिजनेस ने कहा, 2023 का वर्ष हमारे लिए एक बेहद सकारात्मक वर्ष रहा है, जिसमें हमारे ग्राहकों की मदद करने के लिए अमेजन बिजनेस प्लेटफॉर्म पर जीएसटी-सक्षम उत्पादों के संग्रह के साथ ही, कुछ खास और नए फीचर्स की शुरुआत की गई है, जिससे ग्राहकों के खरीदारी के अनुभव को और भी बेहतरीन बनाया गया है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के दिन श्रिया सरन ने पहना अपनी शादी का जोड़ा, शेयर की फोटो



**मुंबई,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस श्रिया सरन, जिन्होंने मुंबई में अपने घर पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया, ने इस शुभ अवसर पर अपनी शादी की साड़ी पहनी और इस दिन को 'जादुई' बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूरा किया। इस विशेष अवसर की झलक में 'दृश्यम' फेम एक्ट्रेस को उनकी शादी के जोड़े में देखा गया, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

श्रिया ने सिल्वर वर्क वाली मैजेंटा पिंक कलर की साड़ी और गोल्डन फुल स्लीव्स ब्लाउज पहना था। उन्होंने मेकअप को मिनिमम रखते हुए अपने बालों का बन बनाया।

एक्ट्रेस ने फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि कल जादुई था। मैंने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के शुभ दिन पर, घर पर श्री राम पूजा के लिए अपनी शादी की साड़ी पहनी थी।

स्टोरी सेक्शन में, उन्होंने वही वीडियो शेयर की और इसे कैप्शन दिया कि इस्कॉन द्वारा घर पर राम पूजा। श्रिया ने मार्च 2018 में अपने रशियन बॉयफ्रेंड आंद्रेई कोसचीव से शादी की थी।

दंपति की एक बेटी है, जिसका जन्म जनवरी 2021 में हुआ था।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 2023 में 'म्यूजिक स्कूल' के बाद वह तमिल फिल्म 'नारागासूरन' में नजर आएंगी।

## यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट ने एक्स पर एक वीडियो से कमाए ढाई लाख डॉलर

### पुराने वीडियो को 15.5 करोड़ से अधिक बार देखा गया

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। लोकप्रिय यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट ने खुलासा किया है कि उन्होंने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करके 2,50,000 डॉलर से अधिक कमाए, हालाँकि उन्होंने कहा कि यह एक 'मुखौटा भर' था। यूट्यूब सनसनी जिमी डोनाल्डसन (उर्फ मिस्टरबीस्ट) ने पहले एलोन मस्क के आग्रह को यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि वह एक्स पर अपने वीडियो अपलोड नहीं करेंगे क्योंकि ऐसा करने से उन वीडियो को बनाने में जो खर्च आता है उसका एक हिस्सा भी नहीं मिलेगा।

बाद में उन्होंने एक पुराना वीडियो पोस्ट किया जिसे 15.5 करोड़ से अधिक बार देखा गया। मिस्टरबीस्ट ने कहा कि मेरे पहले एक्स वीडियो ने 2,50,000 से अधिक की कमाई की है! लेकिन यह मुखौटा भर है।

उन्होंने आगे कहा कि विज्ञापनदाताओं ने ध्यान आकर्षित होते देखा और मेरे वीडियो पर विज्ञापन खरीदे (मुझे ऐसा लगता है) और इस प्रकार प्रति दृश्य मेरा राजस्व संभवतः आपके अनुभव से अधिक है।

यूट्यूब ने कहा कि उसने कमाए गए पैसे देने के लिए 10 'यादृच्छिक लोगों' को चुनने की योजना बनाई है।

फोर्ब्स ने अनुमान लगाया कि 2022 में मिस्टरबीस्ट ने अपने यूट्यूब चैनल से एक साल में 5.4 करोड़ डॉलर कमाए। तब से, उनके मुख्य चैनल पर लाखों सब्सक्राइबर जुड़ चुके हैं, जिससे कुल सब्सक्राइबर 23.3 करोड़ हो गए हैं। इस महीने की शुरुआत में, जब प्रसिद्ध एक्स हैंडल डोगेडिज़ाइनर ने मिस्टरबीस्ट से अपना नवीनतम वीडियो एक्स पर भी अपलोड करने के लिए कहा, और मस्क ने 'हां' कहा, तो यूट्यूबर ने जवाब दिया कि यह संभव नहीं है। मिस्टरबीस्ट ने मस्क को जवाब दिया कि मेरे वीडियो को बनाने में लाखों की लागत आई है और भले ही उन्हें एक्स पर एक अरब बार देखा जाए, लेकिन इससे इसका एक अंश भी नहीं मिलेगा। मिस्टरबीस्ट, जो खुद को एक्स का सुपर ऑफिशियल सीईओ कहते हैं, ने कहा कि एक बार मौद्रीकरण वास्तव में शुरू हो जाए तो मैं इसे आजमाने के लिए तैयार हूं। मस्क का लक्ष्य एक्स को चीन के वीचैट की तरह 'एक सर्वस्व ऐप' बनाना है और वीडियो उनकी योजना का एक अभिन्न अंग हैं।

# हिंदी फिल्मों के उद्भव से संगीत का विशेष महत्व



■ सुनील पाराशर

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। हिंदी फिल्मो का जब उदभव हो रहा था तभी से फिल्मो में संगीत को भी काफी महत्व दिया जाता रहा है। इसलिए जब भी नायक पर कोई दुःख आता तो उस समय कोई न कोई भजन डालकर भगवान को मनाया जाता था और ईश्वर तो दयालु है मान भी जाते और नायक का दुःख ख़त्म हो जाता था, पहले तो फिल्मों की कहानी भी भगवान की किसी न किसी कथा पर बनती थी और दर्शक नायिका और नायक के साथ दुखी और खुश होते थे और यहां तक कि आस्था के कारण फिल्म देखते समय महिलाओं का सिर ढका रहता था। धीरे धीरे समय बदला फिल्मो में भजन ख़त्म होने लगे अब यह आलम है कि पांच या छ साल में कोई फिल्म बनती है जिसमें अच्छा भजन होता है अच्छे से मेरा अभिप्राय है जिसके बोल ह्रदय को छू जाए जैसे फिल्म लगान का भजन ओ पालनहारे, निर्गुण और न्यारे ओ पालनहारे, निर्गुण और न्यारे तुमरे बिन हमरा कौनो नाहीं ये भजन ऐसा है जिसे लगातार सुना जा सकता है। श्री राम के जीवन चरित्र पर बनी फिल्मो की बात करे तो सबसे पहली फिल्म 'लंका दहन' भगवान राम पर बनी पहली फिल्म तो मानी जाती है इसके अलावा यह एक ऐसी फिल्म थी, जिसमें किसी कलाकार अन्ना सालुंके ने डबल रोल प्ले किया था यानी उन्होंने राम और सीता दोनों की भूमिका अदा की थी। सुपर हिट पुरानी क्लासिक पौराणिक फिल्म संपूर्ण रामायण (1961) जिसमें महिपाल, अनीता गुहा, सुलोचना लाटकर, ललिता पवार ने अभिनय किया







फिर 1987 में आई थी कलयुग और रामायण जिस मनोज कुमार ने बनाई थी पीछे दो वर्षो में भगवान राम पर बनी दो फिल्म जिसमे अक्षय कुमार की फिल्म राम सेतु में भी जिसे एक रिसर्च बतौर बनाई गई की क्या सच में रामसेतु था या नहीं और साल 2023 में आई फिल्म आदिपुरुष भी रामायण पर बनी है। इस फिल्म में प्रभास ने भगवान श्री राम का और कृति सैनन ने सीता का किरदार निभाया है, और रामानंद सागर का टीवी सीरियल कौन भूल सकता है जिसमे अरुण गोविल ने राम और दीपिका ने किरदार निभाया था जिसके टीवी पर आते ही लगता था जैसे सड़को पर सन्नाटा पसर जाता था ।

ज्यादातर फिल्मों में देखा गया है कि कृष्ण भगवान के भजन ज्यादा है बनिस्पत राम के लेकिन जो राम के ऊपर गीत या भजन है वह बहुत बेहतरीन है, जैसे 1968 में फिल्म आयी थी 'नीलकमल' इसका गीत था मेरे रोम रोम में बसने वाले राम जिसे लिखा साहिर लुधियानवी ने और गाया आशा भोंसले ने और फिल्मी पर्दे पर फिल्माया वहीदा रहमान पर, इस भजन के बोल तो खूबसूरत थे ही आशा जी ने गाया भी बेहतरीन था और पर्दे पर वहीदा का दुखी व मासूम चेहरा दर्शकों को अंदर तक छू गया ह्रदय में समा गया इसी तरह 1970 में आई फिल्म गोपी जिसमें गीत था सुख के सब साथी, दुःख में ना कोई।

मेरे राम, मेरे राम, तेरा नाम एक सांचा दूजा ना कोई जिसे गाया था मोहम्मद रफी ने और इस गीत पर दिलीप कुमार ने अभिनय किया था यह फिल्म लोगों को बहुत पसंद आई थी और इसी फिल्म में एक गीत आया था रामचंद्र कह गए सिया से ऐसा कलयुग आएगा हंस चुगेगा दाना दुनका कौवा मोती खाएगा, यह गीत कलयुग यानी आज को दर्शाता है जैसे कि आजकल हो ही रहा है और इस गीत को गाया था महेंद्र कपूर ने और फिल्माया गया था दिलीप कुमार पर। यह भजन कलयुग का ही नहीं हर युग का है इसलिए इसको कालजयी भजन कहना कहीं भी गलत नहीं होगा।



■ नेक्सस सेलेक्ट सिटी वॉक अपनी तरह के एक शिल्प मेले 'तिरंगा' का आयोजन करता है जो विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को बढ़ावा देता है।

## डाबर ने लॉन्च किए स्पेशल लिमिटेड एडीशन अयोध्या पैक




नई दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांड्स - डाबर रैड पेस्ट और डाबर आंवला हेयर ऑयल - के स्पेशल एडीशन अयोध्या पैक लॉन्च किए हैं। इस पावन शुरूआत के उपलक्ष्य में खुशियों को बढ़ाने के लिए ये लिमिटेड एडीशन पैक डिज़ाइन किए गए हैं। ये स्पेशल पैक दो महीने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के बाज़ारों में उपलब्ध होंगे। 'डाबर रैड पेस्ट और डाबर आंवला हेयर ऑयल के लिए लिमिटेड एडीशन अयोध्या पैक का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर ये स्पेशल पैक लॉन्च किए गए हैं और हमें खुशी है कि हमें इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने का मौका मिला है। ये पैक हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं परम्पराओं के प्रति हमारे सम्मान की पुष्टि करते हैं।' डाबर इंडिया लिमिटेड के एक्ज़क्टिव वाईस प्रेज़ीडेन्ट- मार्केटिंग श्री अभिषेक जुगरान ने कहा। इन पैक्स के फ्रंट पैनल पर राम मंदिर की तस्वीर दी गई है, जो इस ऐतिहासिक अवसर के सार को दर्शाती है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 3.52 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.04 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.56 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.40 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.38 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 3.24 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 1.08 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.66 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.10 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.01 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन


| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## रुपया 10 पैसे लुढ़का



मुंबई। शेयर बाजार के करीब डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़कने के साथ ही आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 10 पैसे की गिरावट लेकर 83.17 रुपए प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.07 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया तीन पैसे गिरकर 83.10 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान लिवाली होने से 83.17 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़का और इसी स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.06 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर रहा।

## ग्लोबल लेवल पर 10 में से 7 सीईओ 2024 में जेनएआई में निवेश करने की बना रहे योजना




**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। ग्लोबल लेवल पर 10 में से लगभग 7 सीईओ इस साल जेनेरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। इसकी जानकारी मंगलवार को एक नई रिपोर्ट में सामने आई। ग्लोबल सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी नेटकोर क्लाउड के अनुसार, आने वाले तीन से पांच सालों के भीतर सीईओ को ठोस लाभ मिलने की उम्मीद के साथ, जेनएआई एक सर्वोच्च निवेश प्राथमिकता के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कंज्यूमर्स की प्राथमिकताएं शॉर्ट-फॉर्म वीडियो कंटेंट और सुविधाजनक और इंस्टेंट ट्रांजेक्शन की ओर दृढ़ता से झुकी हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत कंज्यूमर्स अपने प्रोडक्ट्स डिसीजन में वीडियो से आश्वस्त हैं, इंडस्ट्री लीडर्स इनफ्लुएंसर मार्केटिंग को अपना रहे हैं, अपने प्रोडक्ट लाइन पर स्पॉटलाइट शाइन के लिए शॉर्ट वीडियो का लाभ उठा रहे हैं। लगभग 89 प्रतिशत कंज्यूमर्स ने खुलासा किया कि किसी प्रोडक्ट या सर्विस पर डिसीजन लेते समय वीडियो देखने से स्केल्स पर असर पड़ता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि यूजर्स एक्टिव रूप से इंस्टाग्राम पर ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स को एक्सप्लोर करते हैं, जिससे यह प्लेटफॉर्म की दूसरी सबसे आकर्षक एक्टिविटी बन जाती है, जो इसके 62.2 प्रतिशत यूजर्स को आकर्षित करती है। इसी तरह, टिकटॉक पर 65 प्रतिशत यूजर्स ऑनलाइन खरीदारी निर्णयों के लिए ऑनलाइन रिव्यूज और निर्माता की सिफारिशों पर भरोसा करते हैं। नेटकोर क्लाउड के चीफ मार्केटिंग ग्रोथ ऑफिसर महेश नारायणन ने कहा, 'जैसा कि हम एआई और ऑटोमेशन के प्रभुत्व वाले भविष्य में कदम रख रहे हैं, इन ट्रेंड्स को समझना किसी भी मार्केटर के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है।' इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि जैसे-जैसे विभिन्न चैनलों के लिए यूजर्स की प्राथमिकताएं महत्व प्राप्त कर रही हैं, मजबूत ओमनीचैनल जुड़ाव अपनाने वाली कंपनियां 9.5 प्रतिशत तक वार्षिक राजस्व वृद्धि अर्जित करने के लिए तैयार हैं।

## वीडियो गेम डेवलपर रिओट गेम्स ने 530 कर्मचारियों की छंटनी की

सैन फ्रांसिस्को, 23 जनवरी (एजेंसियां)। वीडियो गेम डेवलपर रिओट गेम्स ने ग्लोबल लेवल पर लगभग 530 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है, जो इनके कार्यबल का लगभग 11 प्रतिशत है। टेनसेंट के स्वामित्व वाली कंपनी ने कहा कि वह अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर बढ़ने के लिए कम, उच्च प्रभाव वाले प्रोजेक्ट्स पर फिर से ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी ने कहा, 'ये केवल संगठनात्मक परिवर्तन नहीं हैं, ये व्यक्तियों और परिवारों को प्रभावित करते हैं और हम इन निर्णयों को सम्मान तथा संवेदनशीलता के साथ लेने की पूरी कोशिश करते हैं।' कंपनी ने कहा कि यह निर्णय शेयरधारकों को खुश करने या तिमाही आय संख्या को प्रभावित करने के लिए नहीं है। रिओट गेम्स ने कहा, 'यह एक आवश्यकता है। पिछले कुछ साल में रिओट में कर्मचारियों की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई। हमने ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट पर कड़ी मेहनत की है।' कंपनी का उद्देश्य उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना है जो आपके अनुभव पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालते हैं, और जिन पर प्रभाव न के बराबर है, उन चीजों पर निवेश कम करना। कंपनी अब लाइव गेम्स, लीग ऑफ लीजेंड्स, वैलोरेंट, टीमफाइट टैक्टिक्स और वाइल्ड रिफ्ट पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी ने कहा, 'हम इन टीमों को प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि वे कंटेंट, फीचर्स और अपडेट पर ध्यान केंद्रित कर सकें और आपके द्वारा पूछ गए सवालों का जवाब सीधे दे सकें।'

## भारत में ग्रामीण उद्यमियों में कर, पूंजी के मुद्दों की जानकारी की कमी: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों के लिये कर की जटिलता, न्यूनतम पूंजी की आवश्यकता और ई-कामर्स के प्रति जागरुकता की कमी बड़ी चुनौतियों में शामिल हैं। यह बात भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) द्वारा सामाजिक-आर्थिक पहल के रूप में किये गये एक सर्वे से सामने आयी है।



बीवाईएसटी की मंगलवार को जारी इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार कर के प्रबंधन और करों को दाखिल करने की जटिलतायें (43 प्रतिशत), संबंधित लागत, समय की ज़रूरत और न्यूनतम पूंजी निवेश (43 प्रतिशत) के बारे में जागरूकता की कमी और माल एवं सेवा कर जीएसटी की पेचीदगियों (28 प्रतिशत ) के बारे में जानकारी की कमी ग्रामीण उद्यमियों के लिये प्रमुख चुनौतियों के रूप में सामने आयी हैं।

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) की संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी, लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने कहा, इस सर्वेक्षण में एक और महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आया है कि 60 प्रतिशत ग्रामप्रेन्योर्स डिजिटल भुगतान की विधि को अपनाते हैं और केवल 26 प्रतिशत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हैं, जो डिजिटल तरीके को अपनाने की प्रक्रिया में बड़े अंतर को उजागर करता है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य है, उन चुनौतियों का समाधान करना, जो नए दौर के भारत में डिजिटलीकरण की क्षमता का दोहन करते हुये ग्रामीण उद्यमियों को स्थायी उद्यम स्थापित करने और चलाने में बाधा डालती हैं।

उन्होंने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम यूनिकॉर्न और डेकाकॉर्न से आगे बढ़कर ग्रामीण उद्यमियों की जरूरतों की ओर देखें।' विज्ञप्ति के अनुसार इस सर्वे के लिये 12 राज्यों में लगभग 13,000 से अधिक ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों के उद्यमियों से संपर्क किया गया, जिनका कुल निवेश लगभग 600 करोड़ रुपये है।

## अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स के बेड़े में 108 आइशर स्मार्ट ट्रक शामिल

**नई दिल्ली।** अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स लिमिटेड (एपीएमएल) ने अपने बेड़े में 108 नए आइशर प्रो 2059 एक्सपी स्मार्ट वाहनों को शामिल करने की आज घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इससे बेहतरीन सेवाएं देने की उसकी प्रतिबद्धता को बाल मिला है। यह खरीद वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड(वीईसीवी) से की है। एपीएमएल की भाविष्य में भी ऐसे वाहनों के अधिग्रहण के लिए आइशर के साथ साझेदारी जारी रखने की योजना है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रमेश अग्रवाल ने कहा कि एपीएमएल इस अधिग्रहण को बेहतर पुनर्वास सेवाएं देकर राष्ट्र के हित में योगदान करने की एक छोटी सी कोशिश मानता है। कंपनी का दृष्टिकोण व्यावसायिक सफलता से परे उन लोगों की भलाई और खुशी में है, जिनकी वह सेवा करता है। परंपरा और आधुनिकता के बेहतर तालमेल के साथ, कंपनी विश्वसनीय, सुरक्षित और कुशल सेवाएं देने की अपनी विरासत को जारी रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि ये नए अधिग्रहीत स्मार्ट आइशर वाहन ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के मकसद से डिज़ाइन की गई उन्नत सुविधाओं का दावा करते हैं। जिनमें मार्ग के झटकों और उतार-चढ़ाव से मूल्यवान वस्तुओं को संतुलित और सुरक्षित रखने के लिए लकड़ी के फर्श बनाएं गए हैं। साथ ही सड़क सुरक्षा हेतु उन्नत बाहरी प्रकाश व्यवस्था भी की गई है।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट देश को विकसित भारत की ओर ले जा सकते हैं: प्रो श्रीवास्तव

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। विश्विविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने ने कहा है कि उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट की सोचने की प्रक्रिया और मानसिकता उत्कृष्ट है तथा यह देश को 'विकसित भारत' की ओर ले जा सकते हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा अपने बोर्ड ऑफ स्टडीज (अकादमिक) के माध्यम से यहां आज संपन्न दो दिवसीय वाणिज्य और लेखा (एनईएस-सीए) पर एक राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन में प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि आईसीएआई वित्तीय पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से, भारत अगले पांच वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 सामाजिक, शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और नैतिक क्षमताओं के एकीकृत विकास को बढ़ावा देते हुए शिक्षा के लिए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण की वकालत करती है। यह संस्थान बौद्धिक और नैतिक दक्षताओं को बढ़ाने वाली व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करके इस दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने आगे कहा कि यूजीसी उच्च शैक्षणिक संस्थानों (एचईआई) के साथ मिलकर काम कर रहा है और हाल ही में सभी स्तरों पर उच्च शिक्षा में कौशल को एकीकृत करने और उच्च में अल्पकालिक उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम (प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम) शुरू करने के लिए आधार तैयार करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

उन्हांने कहा 'हमें लेखांकन पेशेवरों के बीच एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है जो वैश्विक नौकरी बाजार की आवश्यकताओं से मेल खाने वाले कई कौशल से लैस हों। लेखांकन पेशेवरों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी सूचना प्रौद्योगिकियों में कुशल होना होगा।' आईसीएआई के अध्यक्ष अनिकेत सुनील तलाटी ने कहा कि ऐसे देश में जहां छात्र तेजी से वाणिज्य शिक्षा की ओर आकर्षित हो रहे हैं, एनईएस-सीए 2024 शैक्षणिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में उभर रहा है, जो वाणिज्य शिक्षा को सबसे आगे ले जा रहा है।

## बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार हलकान

मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के शेयरों के छह प्रतिशत से अधिक तक लुढ़कने से आज शेयर बाजार हलकान रहा।

सोनी इंडिया के साथ विलय प्रस्ताव के रद्द होने से जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों में करीब 33 प्रतिशत की भारी गिरावट से भी बाजार पर दबाव बना। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1053.10 अंक अर्थात 1.47 प्रतिशत का गोता लगाकर एक महीने के निचले स्तर 70,370.55 अंक पर आ गया। इससे पहले यह पिछले वर्ष 19 दिसंबर को 70437.19 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 333 अंक यानी 1.54 प्रतिशत लुढ़ककर 21,238.80 अंक पर रहा। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 2.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,247.84 अंक और स्मॉलकैप 2.79 प्रतिशत टूटकर 43,378.40 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4067 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2991 में बिकवाली जबकि 938 में लिवाली हुई वहीं, 138 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में हेल्थकेयर समूह की 1.07 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 19 समूह



भारी गिरावट में रहे। इस दौरान रियल्टी समूह ने सबसे अधिक 5.46 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही सर्विसेज 4.06, धातु 3.97, तेल एवं गैस 3.96, ऊर्जा 3.70, कमोडिटीज 3.02, सीडी 2.63, एफएमसीजी 1.83, वित्तीय सेवाएं 2.48, इंडस्ट्रियल्स 2.39, आईटी 0.75, दूरसंचार 1.01, यूटिलिटीज 1.95, ऑटो 1.55, बैंकिंग 2.11, कैपिटल गुड्स 2.52, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.05, पावर 1.71 और टेक समूह के शेयर 0.43 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.06 और जापान का निक्केई 0.08 प्रतिशत गिर गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 2.63 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 445 अंक की तेजी के साथ 71,868.20 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद ही 72,039.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, दोपहर के पहले से शुरू हुई बिकवाली से यह लगातार लुढ़कता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 70,234.55 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 71,423.65 अंक के मुकाबले 1.47 प्रतिशत गिरकर 70,370.55 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 145 अंक मजबूत होकर 21,716.70 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,750.25 अंक के उच्चतम जबकि 21,192.60 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,571.80 अंक की तुलना में 1.54 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21,238.80 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 5.87, एसबीआई 4.19, हिंदुस्तान यूनिलीवर 3.81, एचडीएफसी बैंक 3.45, बजाज फाइनेंस 3.16, टाटा स्टील 2.84, एक्सिस बैंक 2.84, एशियन पेंट 2.62, एलटी 2.36, टाटा मोटर्स 2.27, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.18, रिलायंस 2.11, आईटीसी 2.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.85, एनटीपीसी 1.83, विप्रो 1.72, टेक महिंद्रा 1.47, एचसीएल टेक 1.36, अल्ट्रासिमको 1.36, टाइटन 1.26, कोटक बैंक 1.23, मारुति 1.13, नेस्ले इंडिया 0.72 और इंफ़ोसिस 0.40 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फ़ार्मा 4.05, भारती एयरटेल 3.37, आईसीआईसीआई बैंक 2.10, पावरग्रिड 0.27, बजाज फिनसर्व 0.13 और टीसीएस के शेयर 0.03 प्रतिशत के लाभ में रहे।

## चंद्रशेखर ने किया नोएडा में चिप डिजाइन सेंटर का उद्घाटन

नोएडा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को नोएडा के डीएलएफ टेक पार्क में सिनोप्सिस के चिप डिजाइन सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, ''हम इस समय अत्यंत रोमांचक दौर में हैं। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अपने 30-35 साल के अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कदम बढ़ाते देखना निश्चित तौर पर रोमांचकारी है। आगामी दशक में हमारे डिवाइसेस, प्रोडक्ट्स और सिस्टम में नवाचार संचालित परफॉर्मेंस देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज नवाचार और विकास के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रौद्योगिकी, इसकी गति और अधिक रॉ मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस पर प्रक्रियाओं पर इसकी निर्भरता को लेकर काफी कुछ पारंपरिक ज्ञान है। प्रदर्शन और विनिर्माण प्रक्रियाओं दोनों को फिर से लिखा जा रहा है। यह सब जितना सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के बारे में है उतना ही इनोवेशन पैकेजिंग, डिजाइन और इनोवेशन का संचालन करने वाले सॉफ्टवेयर के बारे में है।'' मंत्री ने कहा कि सिनोप्सिस जैसी दुनिया की अग्रणी कंपनियों के साथ साझेदारी करना भारत की आकांक्षाओं और भविष्य के प्रक्षेप-पथ के साथ सहजता से मेल खाता है। आईटी राज्य मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी विकास का अगला दशक यानी टेकेड परफॉर्मेंस, सिस्टम्स, डिवाइस और प्रोडक्ट्स में अधिक इनोवेशन से प्रेरित होगा। उन्होंने कहा, ''मैंने उस युग को देखा है जब हम मैन्युअली लॉजिक सिंथेसिस करते थे। सिनोप्सिस जैसी कंपनियों द्वारा समर्थित इनोवेश की तीव्र गति रफ्तार कई मायनों में, हमारे तकनीकी और डिजिटल इकोसिस्टम के समग्र नवाचार को आगे बढ़ा रही है। इसलिए, मेरा दृढ़ विश्वास है कि सिनोप्सिस जैसी कंपनियां प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।''

सिनोप्सिस के संस्थापक डॉ. आर्ट डी ग्यूस के साथ बातचीत के दौरान, मंत्री ने सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए भारत सरकार के दृष्टिकोण को साझा किया, जिसमें विनिर्माण और नवाचार पर दोहरे फोकस पर जोर दिया गया।

## सार संक्षेप

### तीसरी तिमाही में एक्सिस बैंक को 3.7 फीसदी ग्रोथ के साथ 6,071 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

मुंबई। एक्सिस बैंक ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,071 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दिखाया, जबकि इसी तिमाही में पिछले साल शुद्ध लाभ 5,853.07 करोड़ रुपए था। एक्सिस बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) साल-दर-साल 9 फीसदी और तिमाही-दर-तिमाही (क्यूओक्यू) 2 फीसदी बढ़कर 12,532 करोड़ रुपये हो गई। इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम), जो उधार से अर्जित ब्याज और जमा पर दिए गए ब्याज के बीच का अंतर है, तिमाही के लिए 4.01 प्रतिशत रहा। तिमाही में बैंक का सकल एनपीए पिछली तिमाही के 1.73 प्रतिशत से गिरकर 1.58 प्रतिशत हो गया। हालांकि, इसका शुद्ध एनपीए 0.36 प्रतिशत पर ही रहा। साल-दर-साल आधार पर, सकल एनपीए 2.38 प्रतिशत से 80 आधार अंक कम था। शुद्ध एनपीए 0.47 प्रतिशत से 11 आधार अंक कम था। तिमाही के अंत में, बैंक का प्रावधान 1,028.34 करोड़ रुपये था जो पिछली तिमाही के 814.56 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है।

### इंफोगेन ने दिनेश वेणुगोपाल को नया सीईओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** इंफोगेन ने मंगलवार को दिनेश वेणुगोपाल को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। वह 8 फरवरी से पद की जिम्मेदारी संभाल लेंगे। वेणुगोपाल अयान मुखर्जी का स्थान लेंगे, जो 2021 में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनने से पहले 2018 में मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में इंफोगेन में शामिल हुए थे। अयान मुखर्जी ने एक बयान में कहा, 'इंफोगेन का नेतृत्व करना एक असाधारण यात्रा रही है और मैं इस अविश्वसनीय अवसर के लिए अपैक्स और इंफोगेन बोर्ड के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।' दिनेश एक प्रूवन ट्रैक रिकॉर्ड के साथ आते हैं और इंफोगेन को इसके अगले ग्रोथ चैप्टर में ले जाने के लिए सही विकल्प हैं।'

### एप्पल ने स्टोलन डिवाइस प्रोटेक्शन फीचर के साथ आईओएस 17.3 किया जारी

**नई दिल्ली।** एप्पल ने आईओएस 17 ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए तीसरा बड़ा अपडेट आईओएस 17.3 जारी किया है जो शुरुआत में सितंबर 2023 में आया था। इस अपडेट के साथ, टेक दिग्गज ने समर्थित डिवाइसों में स्टोलन डिवाइस प्रोटेक्शन फीचर जोड़ा है। अगर कोई आपका आईफोन और आपका पासकोड दोनों प्राप्त करने में सफल हो जाता है तो यह फीचर निजी जानकारी तक पहुंच को सीमित कर देगा। इस फीचर के लिए पासवर्ड एक्सेस करने, लॉस्ट मोड को बंद करने, सफारी में खरीदारी करने आदि जैसे काम करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी।

## सूरजमुखी तेल और अरहर दाल सस्ती

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल और अरहर दाल सस्ती हो गई जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन ॽ वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 29 रिंगिट चढ़कर 3957 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 47.97 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल में 72 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल 500 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## ज्यादा नौकरियों को प्रभावित नहीं कर पाएगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस: शोध

**सैन फ्रांसिस्को,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। जहां दुनियाभर के शोधकर्ता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण जल्द ही नौकरियां खत्म होने की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं एक शोध में यह बात सामने आई है कि एआई ज्यादा नौकरियों को प्रभावित नहीं कर पाएगी। एमआईटी के कंप्यूटर साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लेबोरेटरी (सीएसएआईएल) द्वारा किए गए एक हालिया शोध में जांच की गई कि क्या एआई मनुष्यों की तुलना में अधिक कुशलता से कार्य कर सकता है और क्या व्यवसायों के लिए मानव श्रम को एआई के साथ बदलना लागत प्रभावी है। शोध में श्रम बाजार में एआई कार्यान्वयन के व्यापक प्रभावों को ध्यान में रखा गया।




शोधकर्ताओं ने पाया कि कंप्यूटर विजन एआई वर्तमान में उन कार्यों को स्वचालित कर सकता है जो कृषि को छोड़कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में श्रमिकों के वेतन का 1.6 प्रतिशत बनाते हैं। हालांकि पूरी अर्थव्यवस्था के 0.4 प्रतिशत के बराबर उन वेतनों का केवल 23 प्रतिशत ही कंपनियों के लिए मौजूदा लागत पर मानव श्रमिकों को काम पर रखने के बजाय स्वचालित करना सस्ता होगा।

लेखकों ने कहा, 'हमने पाया है कि आज की कीमत पर अमेरिकी व्यवसाय 'एआई एक्सपोजर' वाले अधिकांश विजन कार्यों को स्वचालित नहीं करने का विकल्प चुनेंगे और विजन कार्यों के लिए भुगतान किए जाने वाले श्रमिकों के वेतन का केवल 23 प्रतिशत स्वचालित करना आकर्षक होगा।'

उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि एआई नौकरी स्थानांतरण संतोषजनक लेकिन धीरे-धीरे होगा और इसलिए बेरोजगारी के प्रभावों को कम करने के लिए नीति और पुनर्प्रशिक्षण की गुंजाइश है।' अध्ययन में उन दृष्टि कार्यों के उदाहरण शामिल थे, जिन्हें एआई हासिल कर सकता है, जिसमें अस्पताल के नैदानिक उपकरणों से छवियों का विश्लेषण करना या ट्रे की जांच करना शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनमें सही वस्तुएं हैं।


शोधकर्ताओं ने कर्मचारियों का उनके कार्यों का हिस्सा निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण किया जिन्हें कंप्यूटर विजन द्वारा पूरा किया जा सकता है। बाद में उन्होंने लागत प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए मॉडल विकसित किए। उन्होंने पाया कि श्रमिकों को बदलने के लिए एआई विजुअल डिटेक्शन का उपयोग करना शायद ही कभी सार्थक होगा।

हमने पाया कि औसत कर्मचारी एक ऐसी फर्म में काम करता है जहां किसी भी विजन कार्य को स्वचालित करना लागत प्रभावी नहीं है। यहां तक कि 5,000 कर्मचारियों वाली एक फर्म यानी अमेरिका में 99.9 प्रतिशत से बड़ी कंपनियां मौजूदा लागत संरचना पर अपने मौजूदा विजन श्रम के दसवें हिस्से से भी कम लागत को प्रभावी ढंग से स्वचालित कर सकती हैं। अध्ययन ने स्वीकार किया कि एआई की लागत समय के साथ कम हो जाएगी लेकिन लेखकों को नहीं लगता कि यह इतनी जल्दी ऐसा करेगा जैसा कि कुछ ने सुझाव दिया है। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की है कि एआई को इस प्रकार का बड़ा प्रभाव डालने में कुछ समय लगेगा।

# खेल जगत

## टेस्ट क्रिकेट अभी भी वेस्टइंडीज के दिल में है : केमार रोच

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (आईएएनएस)। वेस्टइंडीज के गेंदबाज केमार रोच का मानना है कि टी20 लीग और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के आकर्षण के बावजूद टेस्ट क्रिकेट अभी भी वेस्टइंडीज के दिल में है। 145 टेस्ट पारियों में 267 विकेट लेने वाले एक अनुभवी क्रिकेटर रोच खुद को अपने करियर के अंतिम चरण में पाते हैं। वह टेस्ट क्रिकेट के लिए प्रतिबद्ध हैं। टी20 लीग और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के आकर्षण के बावजूद रोच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनके दिल में एक विशेष स्थान रखता है। उन्होंने वेस्टइंडीज क्रिकेट के दिग्गजों को याद किया और उस प्रतिष्ठित परंपरा का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त की। केमार रोच ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लाल गेंद प्रारूप सबसे ज्यादा पसंद है। मैंने वनडे और टी20 प्रारूप भी खेला है, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा दिल हमेशा लाल गेंद का हिस्सा था। मैं बस उन मेगा क्रिकेटरों का हिस्सा बनना चाहता था।



# रोहित शर्मा बने आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर के कप्तान, विराट-शमी समेत 6 भारतीयों को मिली जगह

**दुबई,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा को मंगलवार को जारी आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर की सूची में कप्तान बनाया गया जबकि पांच अन्य भारतीय भी टीम में शामिल हैं।

वर्ष की आईसीसी पुरुष वनडे टीम॰ रोहित शर्मा कप्तान (भारत), शुभमन गिल (भारत), ट्रैविस हेड, (ऑस्ट्रेलिया), विराट कोहली (भारत), डेरिल मिचेल (न्यूजीलैंड), हेनरिक क्लासेन, विकेटकीपर (दक्षिण अफ्रीका), मार्को यानसन (द.अफ्रीका), एडम जम्पा (ऑस्ट्रेलिया), कुलदीप यादव (भारत), मोहम्मद सिराज (भारत), मोहम्मद शमी (भारत)

रोहित ने 2023 में बल्ले से एक और शानदार वर्ष के साथ वनडे क्रिकेट में अपना रिकॉर्ड जारी रखा, क्योंकि उन्होंने 52 की औसत से 1255 रन बनाए। वह आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान अपने शानदार प्रदर्शन पर थे। दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन की पारी फैंस के लिए यादगार है।

टीम इंडिया के युवा ओपनर शुभमन गिल ने 2023 में सबसे ज्यादा वनडे रन बनाए। साल की शुरुआत में ही उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगा दिया था। उन्होंने 29 वनडे में कुल 1584 रन बनाए, इनमें 5 शतक शामिल हैं।

कोहली के लिए 2023 बल्ले से शानदार रहा। हालांकि, टीम के साथी शुभमन गिल ने कैलेंडर वर्ष के दौरान उनके कुल 1377 रनों से ज्यादा रन बनाए।

वनडे वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट विराट कोहली ने 2023 में 6 सेंचुरी लगाई। कोहली 2023 में छह मौकों पर तीन अंकों तक



पहुंचे और शोकेस इवेंट में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीतने की राह पर भारत के विश्व कप अभियान के दौरान सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय शतकों के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 2023 के दौरान कुल 44 विकेट लिए। उनका सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन एशिया कप के फाइनल में रहा, जब उन्होंने अकेले ही श्रीलंका की मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप को ध्वस्त कर दिया।

कुलदीप का सबसे बड़ा प्रदर्शन एशिया कप के सुपर फोर चरण के दौरान चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ आया, जब स्पिनर ने 5/25 के आंकड़े से भारत को खिताब की राह पर ले जाने में मदद की। शमी ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया और सात मैचों में 24 विकेट लेकर भारत को फ़ाइनल में पहुंचाने में अहम् भूमिका निभायी। शमी ने साल में 19 मैचों में कुल 43 विकेट लिए।

## आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में अश्विन और जडेजा शामिल

**दुबई।** शीर्ष भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को मंगलवार को जारी ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई वाली आईसीसी पुरुष टीम ऑफ द ईयर में नामित किया गया है। आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में अश्विन और जडेजा के अलावा अन्य देश के खिलाड़ियों में उस्मान ख्वाजा (ऑस्ट्रेलिया), दिमुथ करुणारत्ने (श्रीलंका), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), एलेक्स कैरी (विकेटकीपर ऑस्ट्रेलिया), स्टुअर्ट ब्रॉड (इंग्लैंड)और मिशेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया) शामिल हैं। अश्विन बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में भारत के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, जिन्होंने चार मैचों में 25 विकेट लिए। पहले ही टेस्ट में अश्विन ने प्रत्येक पारी में बल्ले से उपयोगी योगदान देते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट हासिल किए। उनके हरफनमौला प्रदर्शन ने उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज दिलवाया। शानदार प्रदर्शन के बावजूद अश्विन को उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ डब्ल्यूटीसी23 फाइनल के लिए भारत की प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली, लेकिन पहले मैच में 12 विकेट (5/60 और 7/71) के साथ टेस्ट टीम में वापसी करते हुए उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। इसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले मैच में अर्धशतक बनाया और तीन विकेट झटके। दूसरी ओर जडेजा ने नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट और एक अर्धशतक के साथ प्रदर्शन करते हुए शानदार अंदाज में 2023 की शुरुआत की। उन्होंने अगले मैच में और भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए मैच में 10 विकेट हासिल किए, जिसमें दूसरी पारी में सात विकेट भी शामिल थे जिससे भारत को ट्रॉफी बरकरार रखने में मदद मिली। अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए, उन्होंने श्रृंखला में पांच और विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में गति बरकरार रखी, जहां उन्होंने चार विकेट और बल्ले से 48 रन का योगदान दिया, बावजूद इसके कि भारत को अंततः हार का सामना करना पड़ा।

## रिंकू को इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ दूसरे 4 दिवसीय मैच के लिए भी इंडिया ए टीम में जोड़ा गया

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 23 जनवरी (देशबन्धु)। रिंकू सिंह को सीनियर पुरुष क्रिकेट चयन समिति ने मेहमान इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए भी अब इंडिया %ए' टीम में जोड़ा है। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने मंगलवार को दी। इंडिया ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच दूसरा चार दिवसीय मैच 24 जनवरी से अहमदाबाद में खेला जाएगा। रिंकू सिंह को इससे पहले केवल इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ केवल तीसरे और आखिरी मैच के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया था। इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ इंडिया ए के तीसरे और आखिरी चार दिवसीय मैच की टीम में मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान और बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को बाहर रखा गया है जबकि मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी को टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए इंडिया %ए टीम इस प्रकार है = अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विद्वत कावेरप्पा, उपेन्द्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल, रिंकू सिंह।

**इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे चार दिवसीय मैच के लिए इंडिया ए टीम इस प्रकार है :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सई सुदर्शन, रजत पाटीदार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शम्स मुलानी,अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विद्वत कावेरप्पा, उपेन्द्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल।

26 बरस के रिंकू सिंह के लिए बीते बरस



अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम के लिए टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच से अपने करियर का आगाज करने के बाद बीते पांच महीने खासे बढ़िया रहे हैं। रिंकू सिंह हांगझू(चीन) में हुए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल थे ही इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया , क्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज भी खेले। रिकूं सिंह ने भारत के लिए अपने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज बीते बरस दिसंबर में किया और दो एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। रिकूं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में बतौर बदलू फील्डर उतरे थे। रिंकू सिंह को अभी इंडिया ए के लिए खेलना है और उन्हें ऐसे समय इंडिया ए टीम से जोड़ा गया है। रिंकू सिंह ने अब तक 46 फर्स्ट क्लास मेच खेलकर 57 की औसत से तीन हजार से रन बनाए औ वह बिहार के खिलाफ अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश के मेरठ में खेले गए रणजी मेच का हिस्सा थे।

ऐसे जब राष्ट्रीय चयनकर्ता निजी कारणों से मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज के शुरू के दो टेस्ट से हटने के कारण उनका विकल्प तलाश रहे हैं। इसमें रजत पाटीदार, चेतेश्वर पुजारा और सई सुदर्शन के नाम लिए जा रहे हैं।

# नॉर्थैम्पटनशायर की तरफ से काउंटी क्रिकेट खेलेंगे करुण नायर

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज़ करूण नायर अप्रैल और मई महीने में नॉर्थैम्प्टनशायर की तरफ़ से काउंटी क्रिकेट खेलेंगे। काउंटी प्रबंधन ने सूचना दी है कि वह पहले सात काउंटी चैंपियनशिप (प्रथम श्रेणी) मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

इससे पहले पिछले सीज़न भी नायर ने नॉर्थैम्प्टनशायर के लिए अंतिम तीन मैच खेले थे। हालांकि वह अपनी टीम को डिवीज़न 2 में जाने से बचा नहीं पाए थे। व्यक्तिगत रूप से यह सीज़न उनके लिए ख़ासा सफल रहा था और उन्होंने तीन पारियों में 78, 150 और 21 का स्कोर किया था।

नॉर्थैम्प्टनशायर के कोच जॉन सैडलर ने क्लब की तरफ़ से जारी एक प्रेस रिलीज़ में कहा, 2024 के लिए हमारी नज़र नायर पर थी और वह हमारा मुख्य लक्ष्य थे। उन्होंने ना सिर्फ़ हमारे लिए रन बनाए बल्कि रनों के लिए उनकी भूख, उनका धैर्य और टेंपरामेंट अद्वितीय था। हम ख़ुश हैं कि वह इस सीज़न फिर से हमारे साथ होंगे और मैं निश्चित हूं कि वह हमारे लिए फिर से बहुमूल्य साबित होंगे।




इससे पहले नायर की सीज़न की शुरुआती उपलब्धता संदिग्ध थी क्योंकि वह आईपीएल का भी हिस्सा हो सकते थे। हालांकि उन्हें दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं ख़रीदा और वह अब पूरी तरह से काउंटी सीज़न का हिस्सा बन सकते हैं। पिछले आईपीएल सीज़न में नायर लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा थे, हालांकि तब भी उन्हें इंज़री रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में लाया गया था।

नायर ने कहा, मैं नॉर्थैम्प्टनशायर की तरफ़ से फिर से काउंटी क्रिकेट खेलने को लेकर उत्साहित हूं। हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक मैच जीतना और टीम को फिर से डिवीज़न 1 में पहुंचाना है। मुझमें विश्वास दिखाने के लिए मैं कोच और कप्तान का धन्यवाद करता हूं। मैं पिछले सीज़न की अपनी फ़ॉर्म से बहुत ख़ुश था और उम्मीद है कि इस साल भी उस फ़ॉर्म को बरकरार रखूंगा। 32 वर्षीय नायर ने भारत के लिए 6 टेस्ट और 2 वनडे खेले हैं। 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ़ हुई टेस्ट सीरीज़ के दौरान उन्होंने चेन्नई टेस्ट में नाबाद 303 रनों की पारी खेली थी और वीरेंद्र सहवाग के बाद तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ़ दूसरे बल्लेबाज़ बने थे। सीज़न के दूसरे हिस्से में भारतीय बल्लेबाज़ पृथ्वी शॉ, नायर की जगह लेंगे। शॉ ने भी पिछले साल नॉर्थैम्प्टनशायर के लिए लिस्ट-ए मैच खेले थे। शॉ आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं और वह आईपीएल में भाग लेने के बाद जून में ही इंग्लैंड पहुंच पाएंगे।

## जोकोविच 11वीं बार सेमीफाइनल में

**मेलबर्न,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज के शुरुआती आक्रमण को झेलने के बाद नोवाक जोकोविच की अमेरिकी विरोधियों के खिलाफ अजेय स्लैम स्ट्रीक दोहरे अंक में पहुंच गई है और वह अपने 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।



10 बार के चैंपियन ने 12वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी पर तीन घंटे और 45 मिनट में 7-6(7-3), 4-6, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की, जिसने फ्रिट्ज को पहली बार बड़े सेमीफाइनल में पहुंचने से वंचित कर दिया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन वेबसाइट के अनुसार, यह टूर स्तर पर अमेरिकी दावेदार के खिलाफ उनकी लगातार 32वीं जीत है और विंबलडन 2016 में सैम क्वेरी से उनकी हार के बाद किसी बड़े मुकाबले में उनकी लगातार 10वीं जीत है। जोकोविच ने 5-6 पर दो सेट प्वाइंट बचाने के बाद शुरुआती सेट जीता, लेकिन वह रॉड लेवर एरेना में अपने पहले 15 ब्रेक प्वाइंट से चूक गए और वास्तविक परेशानी में दिखे जब उनके प्रतिद्वंद्वी ने शुरुआती ब्रेक के बाद दूसरा सेट छीन लिया। लेकिन यह ऑस्ट्रेलियन ओपन में नोवाक जोकोविच हैं। 10 बार के मेलबर्न चैंपियन ने सेट तीन में अपने दो ब्रेक मौके का फायदा उठाया और बेहद मनोरंजक मुकाबले पर तुरंत नियंत्रण हासिल कर लिया। फ्रिट्ज ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन जोकोविच की दूसरी सर्विस उन्हें हराने के लिए पर्याप्त साबित हुई। अपने 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में, जोकोविच दो दिन की छुट्टी के बाद शुक्रवार के मुकाबले के लिए जानिक सिनर या आंद्रेई रुब्लेव का इंतजार कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### राहुल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे : द्रविड़

**हैदराबाद।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं संभालेंगे। दिसंबर-जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टेस्ट श्रृंखला के दौरान राहुल नामित विकेटकीपर थे, लेकिन अब द्रविड़ ने घरेलू परिस्थितियों के कारण अधिक विशेषज्ञ कीपर की आवश्यकता व्यक्त की और विकेटकीपर की भूमिका के लिए चयन अब केएस भरत और अनकैप्ड ध्रुव जुरेल के बीच होगा। द्रविड़ को ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने उद्धृत किया, राहुल इस श्रृंखला में विकेटकीपर के रूप में नहीं खेलेंगे और हम चयन में भी इसके बारे में स्पष्ट हैं। हमने दो अन्य विकेटकीपरों को चुना है और जाहिर है कि राहुल ने दक्षिण अफ्रीका में हमारे लिए शानदार काम किया और श्रृंखला ड्रा कराने में वास्तव में हमारी मदद करने में एक बड़ी भूमिका निभाई। लेकिन पांच टेस्ट मैचों को ध्यान में रखते हुए और इन परिस्थितियों में खेलने पर चयन हमारे पास मौजूद दो अन्य कीपरों के बीच होगा। पांच टेस्ट मैचों में बल्ले से महत्वपूर्ण योगदान नहीं देने के बावजूद, भारत में प्रथम श्रेणी मैचों में विकेटकीपर के रूप में भरत का व्यापक अनुभव, साथ ही अहमदाबाद में भारत ए के लिए पहले चार दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ उनकी शानदार नाबाद 116 रन की पारी, हैदराबाद टेस्ट में विकेटकीपर की भूमिका के प्रबल दावेदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की।

### सर्वकालिक उपस्थिति चार्ट में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं मिलनर

**लंदन।** वॉल्वरहैम्पटन वांडरर्स के खिलाफ ब्राइटन एंड होव अल्बियन का घरेलू मैच खेलने के साथ मिडफील्डर जेम्स मिलनर सर्वकालिक प्रीमियर लीग उपस्थिति चार्ट में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह जेम्स मिलनर का 633वां प्रीमियर लीग मैच था। जो 632 के स्कोर वाले रयान गिग्स से एक कदम आगे है और रिकॉर्ड धारक गैरेथ बैरी से केवल 20 पीछे है, जिन्होंने 653 मैच खेले हैं। हालांकि, जेम्स मिलनर बैरी के करीब पहुंच रहे हैं, लेकिन वह इस सीजन में रिकॉर्ड नहीं तोड़ सकते क्योंकि ब्राइटन के पास केवल 17 मैच बचे हैं। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने नवंबर 2002 में प्रीमियर लीग में डेब्यू किया और वेस्ट हैम यूनाइटेड के खिलाफ लीड्स यूनाइटेड के विकल्प के रूप में आए और उस समय प्रीमियर लीग वेबसाइट के अनुसार प्रतियोगिता में खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वह तब प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए जब उन्होंने 16 साल और 309 दिन की उम्र में उसी वर्ष बॉक्सिंग डे पर सुंदरलैंड पर 2-1 की जीत में गोल किया। अपने करियर के दौरान मिलनर ने मैनचेस्टर सिटी, लिवरपूल और न्यूकैसल यूनाइटेड सहित छह क्लबों के लिए खेला।

## कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल से भारत ने फ्रांस को दोस्ताना मैच में 4-0 से हराया



**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के दो तथा उपकप्तान हार्दिक सिंह और ललित उपाध्याय के एक एक गोल से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फ्रांस को कैपटाउन में चार देशों के टूर्नामेंट से पहले दोस्ताना मैच में सोमवार 4-0 से हराया। भारत कैपटाउन में चार देशों के पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में बुधवार को फिर से फ्रांस से भिड़ेगा। भारत के किले की चौकसी गोलरक्षक पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक ने मुस्तैदी से की।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 13 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक पर गोल कर भारत का खाता खोला। हरमनप्रीत ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। ललित उपाध्याय ने तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर विविधता दिखा कर गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर दिया। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने चौथे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में बढ़िया मैदानी गोल कर भारत को 4-0 से आगे कर दिया। भारतीय टीम चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में अपना अभियान फ्रांस के खिलाफ बुधवार को मैच खेल कर करेगी। भारतीय चार देशों के टूर्नामेंट में मेजबान दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और फ्रांस की टीमें शिरकत करेंगी।

## हमारी टीम महिला हॉकी 5 विश्व कप की चुनौती के लिए तैयार है : रजनी

**नई दिल्ली,** 23 जनवरी (देशबन्धु)। गोलरक्षक रजनी इतिमारपु की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम मस्कट (ओमान) में 24 जनवरी से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप में अपने अभियान का आगाज पूल सी में पोलैंड के खिलाफ दोपहर मैच से करने के बाद रात को नौ बजे दूसरे मैच में अमेरिका से भिड़ेगी। भारत के पूल सी में उसके साथ अमेरिका, पोलैंड और नामिबिया की टीमें हैं। भारत की टीम पूल सी में अपना अंतिम मैच 25 जनवरी को नामिबिया के खिलाफ खेलेगी।

भारत की कप्तान रजनी इतिमारपु ने कहा, %हम मस्कट में एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप खेलने के खासे रोमांचित हैं। हमारी टीम की हर खिलाड़ी विश्वास से भरी है और हॉकी 5 विश्व कप में खेलने को बेताब हैं। हम कोशिश अपनी योजना को अमली जामा पहनाने और हर प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर देने की रहेगी।



भारत की उपकप्तान महिमा चौधरी ने कहा, %हमारी टीम हॉकी 5 विश्व कप की चुनौती के लिए तेयार है। हमारा तैयारी शिविर वाकई खासा उपयोगी रहा और इसमें हमने हर एक ने समझा कि हमें क्या करने की जरूरत है। हम योजना के मुताबिक अपनी पूरी क्षमता और तालमेल से खेले तो हम खिताब जीत सकते हैं।'

पूल ए में नीदरलैंड, मलयेशिया, फिजी और मेजबान ओमान , पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन व जाम्बिया की टीमें हैं। पूल डी में न्यूजीलैंड, उरुग्वे, थाईलैंड व पराग्वे की टीमें हैं। हॉकी का यह सबसे नया प्रारूप हॉकी 5, इसे क्रिकेट में टी-20 की तरह इसका सबसे छोटा प्रारूप है। चारों रुप से शीर्ष दो- दो टीमें 26 जनवरी को क्वॉर्टर फाइनल खेलेंगी। 26 जनवरी को ही दोनों सेमीफाइनल भी खेले जाएंगे। फाइनल 27 जनवरी को खेला जाएगा।

**एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए भारतीय टीम है :** गोल रक्षक रजनी इतिमारपु (कप्तान) व बांसुरी सोलंकी। रक्षापंक्ति = महिमा चौधरी ( उपकप्तान), अक्षता अबासा ढेकले, ज्योति छत्री। मध्यपंक्ति = मरियाना कुजूर व मुमताज खान। अग्रिम पंक्ति = अजमीना कुजूर, ऋतुजा डडासो पिसल व दीपिका सोरेंग।

# दबंग दिल्ली के खिलाफ हरियाणा स्टीलर्स जीत का सिलसिला जारी रखना चाहेंगे

**हैदराबाद,** 23 जनवरी (एजेंसियां)। अपनी झोली में एक और बड़ी जीत के साथ, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी हरियाणा स्टीलर्स 14 मैचों में 44 अंकों के साथ प्रो कबड्डी लीग तालिका में अपना पांचवां स्थान बनाए हुए है। मोहित नंदल और जयदीप दहिया के संयुक्त नेतृत्व वाली टीम ने सोमवार को गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटंस को 37-30 से हराकर हैदराबाद चरण की शुरुआत की।

अब, परिणामों की श्रृंखला को बनाए रखने की उम्मीद के साथ, स्टीलर्स बुधवार को दबंग दिल्ली के खिलाफ आमने-सामने होंगे। मैच से पहले टीम की मानसिकता के बारे में जानकारी देते हुए, हरियाणा के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने कहा कि लीग में प्रत्येक मैच योजनाओं के क्रियान्वयन पर निर्भर करता है।

उन्होंने कहा, हमारी टीम सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है, किसी भी विभाग में प्रयास में कोई कमी नहीं है। लेकिन अंत में, यह एक निश्चित दिन पर योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में है। कुछ दिनों में, योजनाएं काम करती हैं, और कुछ दिनों में , योजनाएं काम नहीं करतीं। यही इस खेल की खूबसूरती है।

इस सीज़न में हरियाणा स्टीलर्स के लिए एक और सकारात्मक संकेत युवाओं का प्रदर्शन है। राहुल सेतपाल और शिवम पटारे खुलासे करने वाले साबित हुए हैं, और सोमवार को टाइटंस के खिलाफ प्रो कबड्डी लीग में पदार्पण



करने वाले घनश्याम मगर ने भी आशाजनक संकेत दिखाए हैं। मनप्रीत ने कहा, कबड्डी पूरी तरह से युवाओं के बारे में है। आज बहुत कुछ। आपको यह जानना होगा कि हर पल को कैसे अनुकूलित किया जाए।

उन्होंने आगे कहा, मैं तब से कबड्डी खेल रहा हूं जब मैं तीसरी या चौथी कक्षा में था, लेकिन मैं आज भी सीख रहा हूं। इस खेल में कई कौशल, तकनीकें, रणनीतियाँ और मानसिकता शामिल हैं। किसी भी खिलाड़ी के लिए सभी चीजों में विशेषज्ञ होना हमेशा कठिन होता है। लेकिन यदि आप एक क्षेत्र में 30 - 50 प्रतिशत प्राप्त कर सकते हैं, तो इससे टीम को हमारे लिए आवश्यक परिणाम प्राप्त करने में मदद मिलती है। इस बीच, स्टीलर्स के कप्तान जयदीप ने कहा कि टीम अपने अगले मैच से पहले दिल्ली पर अपनी पिछली जीत से प्रेरणा लेगी। दिसंबर में दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ था और हरियाणा ने करीबी मुकाबला 35-33 से जीता था।

हम दिल्ली के खिलाफ खेलने को लेकर आश्वस्त हैं। हमने उन्हें अतीत में हराया है। हम पिछली बार की गई गलतियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। हर किसी के दिमाग में प्लेऑफ है, लेकिन हम यह भी जानते हैं कि हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोच सकते हैं और हमें मैच-दर-मैच खेलना होगा। हम जिस टीम का सामना कर रहे हैं उसके अनुसार रणनीति बनाते हैं और हम अच्छा प्रदर्शन बनाए रखने पर ध्यान देंगे।

मनप्रीत ने कहा कि उनकी टीम नवीन कुमार की अनुपस्थिति का भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दिल्ली के पास एक महान कोच और एक मजबूत टीम है। उनके पास रेडरों और डिफेंडरों के बीच अच्छा संतुलन है। लेकिन नवीन वहां नहीं हैं, इसलिए अब रेडरों पर कुछ दबाव होगा। हमारी रणनीति उनकी अनुपस्थिति का अधिकतम लाभ उठाने की होगी, और हम उनके हमलावरों से निपटने के लिए अपनी रणनीति की योजना बनाएंगे।